उज्जैन
शनिवार
07
मार्च, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-123
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



बेटी के साथ दुबई में फंसी लारा दत्ता हुईं इमोशनल शूटिंग के दौरान धमाके सुने, फाइटर जेट देखे; कहा- पिछले कुछ दिन काफी तनाव भरे रहे

पेज- 8

# एमपी में घरेलू एलपीजी सिलेंडर 60 रु. महंगा

## भोपाल में 918 और इंदौर में 941 रु. में मिलेगा, नर्मदापुरम, भिंड-मुरैना में सबसे महंगा

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत 60 रुपए बढ़ गई है। आज से ही मध्य प्रदेश में भी गैस महंगी हो जाएगी। प्रदेश के 5 बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 918 रुपए, इंदौर में 941 रुपए, ग्वालियर में 996 रुपए, जबलपुर में 919 रुपए और उज्जैन में 972 रुपए में सिलेंडर मिलेगा।

सबसे महंगी गैस नर्मदापुरम में मिलेगी। यहां अब सिलेंडर की कीमत 1035 रुपए चुकाना पड़ेगी। मुरैना में 937 और भिंड में 936 रुपए चुकाने होंगे। भिंड, मुरैना और निवाड़ी में भी सिलेंडर के रेट 1 हजार रुपए के करीब पहुंच गए हैं।



इससे पहले 8 अप्रैल 2025 को सिलेंडर के रेट बढ़े थे। हालांकि, 8 मार्च 2024 को महिला दिवस पर केंद्र सरकार ने सिलेंडर के दाम में 100 रुपए की कटौती भी की थी। इसी महीने बढ़े थे कॉमर्शियल गैस के रेट इससे पहले, 1 मार्च 2026 को कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम 31 रुपए तक बढ़ाए गए थे। अब घरेलू गैस सिलेंडर के रेट भी बढ़ गए हैं। सरकार ने गैस के दामों में बढ़ोत्तरी ऐसे वक्त की है, जब अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग के चलते देश में गैस किल्लत की आशंका जताई गई है।

आधे एमपी में 900 रुपए से ज्यादा कीमत एमपी के आधे जिलों में अब सिलेंडर 900 रुपए से ज्यादा कीमत पर ही मिलेगा। नर्मदापुरम में सबसे ज्यादा 1035 रुपए रहेंगे। वहीं, मुरैना, भिंड, निवाड़ी, टीकमगढ़, झाबुआ, दतिया, श्योपुर, शिवपुरी और रतलाम में 991 रुपए या इससे अधिक कीमत पहुंच गई है।

- 5 बड़े शहरों में ग्वालियर में सबसे ज्यादा रेट है। अब तक यहां पर सिलेंडर की कीमत 936 रुपए 50 पैसे थी, जो अब 996.50 रुपए हो गई है।
- शाजापुर-सीहोर में सबसे सस्ता मिलेगा प्रदेश के दो 2 जिले शाजापुर और सीहोर में ही सिलेंडर की कीमत सबसे कम रहेगी। यहां अब 918 रुपए 50 पैसे में सिलेंडर मिलेगा। सिवनी, सागर, विदिशा, दमोह, रायसेन, पन्ना, उमरिया, सीधी में भी कीमत कम रहेगी।

## इजराइल को 151.8 मिलियन डॉलर के हथियार देगा अमेरिका

### इसमें 12000 बीएलयू-110 हवाई बम शामिल, विदेश मंत्री बोले- इमरजेंसी के कारण सैन्य सामान देना जरूरी



ब्रह्मास्त्र ›› तेल अवीव

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज आठवां दिन है। इस बीच अमेरिकी विदेश विभाग ने इजराइल को लगभग 151.8 मिलियन डॉलर के हथियार और सैन्य सहायता बेचने की मंजूरी दे दी है।

विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि ऐसी इमरजेंसी के कारण तुरंत यह सैन्य सामान बेचना जरूरी हो गया है। इजराइली मीडिया वाइनेट के मुताबिक, इस आपात पैकेज में 12 हजार बीएलयू-110ए/बी बम शामिल हैं। इसके साथ ही लॉजिस्टिक सहायता और अन्य सपोर्ट सेवाएं भी दी जाएंगी।

दूसरी ओर खबर है कि रूस जंग के दौरान ईरान को खुफिया मदद दे रहा है। मॉस्को ने ईरान को मिडिल-ईस्ट में मौजूद अमेरिकी युद्धपोतों और सैन्य विमानों की लोकेशन से जुड़ी जानकारी मुहैया कराई।

वॉशिंगटन पोस्ट ने तीन अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया है कि रूस ईरान को ऐसी टारगेटिंग इंटेलिजेंस दे रहा है, जिससे वह अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बना सके।

**ईरान का युद्धपोत भारत में रुका**

ईरान का एक युद्धपोत आईआरआईएस लावन भारत के कोच्चि बंदरगाह पर रुका हुआ है। एएनआई ने सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया कि ईरान ने 28 फरवरी को तकनीकी खराबी आने के बाद भारत से मदद मांगी थी।

## टीवी न्यूज चैनलों की टीआरपी चार हफ्तों के लिए फ्रीज करेगा सरकार

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारत सरकार ने शुक्रवार को एक अहम कदम उठाते हुए देश के टीवी न्यूज चैनलों की टीआरपी रिपोर्टिंग को चार सप्ताह के लिए फ्रीज करने का निर्देश दिया है। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब पश्चिम एशिया में जारी अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष को लेकर कुछ भारतीय टीवी चैनलों पर अत्यधिक सनसनीखेज और अटकलों पर आधारित कवरेज दिखाने के आरोप लगे हैं। सरकार का मानना है कि इस तरह की रिपोर्टिंग आम जनता के बीच भय और भ्रम का माहौल पैदा कर सकती है।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि टीवी रेटिंग एजेंसी ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल यानी बार्क को तत्काल प्रभाव से टीवी समाचार चैनलों की टीआरपी जारी करने पर रोक लगानी होगी। यह रोक शुरूआती तौर पर चार हफ्तों के लिए लागू रहेगी या फिर मंत्रालय के अगले आदेश तक जारी रह सकती है। मंत्रालय ने कहा कि हाल के दिनों में कुछ चैनलों द्वारा युद्ध से जुड़ी खबरों को जिस तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है, वह पत्रकारिता के मानकों के अनुरूप नहीं है।

## शिवराज की 52% लाड़ली लक्ष्मियों ने पढ़ाई छोड़ी

### 6वीं क्लास में एडमिशन आधे हुए, केवल 20% को ही मिल पाएंगे एक लाख रुपए

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

एमपी में सेक्स रेश्यो यानी लिंगानुपात को सुधारने के लिए शिवराज सिंह चौहान ने साल 2007 में लाड़ली लक्ष्मी योजना शुरू की थी। 'बेटियों को लखपति' बनाने के उद्देश्य से शिवराज सिंह चौहान द्वारा शुरू की गई इस योजना में भारी 'ड्रॉप-आउट' हुआ है।

सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि कक्षा 5वीं उत्तीर्ण करने के बाद लगभग 52% लाड़लियां पढ़ाई छोड़ रही हैं। इतना ही नहीं, योजना के नियमों के जाल में फंसकर केवल 20% बेटियां ही ऐसी बची हैं जो कॉलेज स्तर तक पहुंच पाएंगी और उन्हें योजना की पूरी राशि (1 लाख रुपए) मिल सकेगी।

**प्राथमिक से माध्यमिक तक का 'सफर' हुआ आधा-** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बजट सत्र में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, योजना के प्रारंभ से अब तक पंजीयन की तुलना में छात्रवृत्ति लेने वाली बेटियों की संख्या में बड़ा अंतर है।

### 'लखपति' बनने की दौड़ में 80% बेटियां पिछड़ीं

- सरकार ने जो आंकड़े पेश किए हैं, वे बताते हैं कि स्नातक स्तर तक केवल 22,022 बेटियां ही पहुंच पाई हैं। योजना के मुताबिक, 21 साल की उम्र और कॉलेज की पढ़ाई पूरी करने पर ही लाड़लियों को बड़ी मैच्योरिटी राशि (1 लाख से अधिक) मिलती है।
- वर्तमान आंकड़ों के हिसाब से कुल पंजीकृत लाड़लियों में से केवल 20% से भी कम बेटियां उस अंतिम पायदान तक पहुंचती दिख रही हैं, जहां उन्हें एक लाख 43 हजार की पूरी राशि मिल सके।

**मिडिल स्कूल में ही दम तोड़ गई उम्मीद-** कक्षा 6वीं में छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाली बालिकाओं की कुल संख्या 13,67,897 है। लेकिन जब हम कक्षा 9वीं के आंकड़े देखते हैं, तो यह संख्या गिरकर 7,06,123 रह जाती है। यानी हाई स्कूल तक पहुंचते-पहुंचते करीब 48% बेटियां सिस्टम से बाहर हो गईं। हायर सेकेंडरी का बुरा हालः कक्षा 11वीं में केवल 2,72,443 और 12वीं में मात्र 1,56,378 बेटियां ही छात्रवृत्ति की पात्र बची हैं।

### पुराने मटेरियल का उपयोग और लागत भी आधी रह जाती है

## सड़क निर्माण में हाईटेक सिस्टम का उपयोग होगा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन जिले में भी अब सडक निर्माण में हाईटेक सिस्टम का उपयोग शुरू किया जाएगा। यह तकनीक है फुल डेप्थ रिक्लेमिनेशन (एफडीआर)।

इस पद्धति से सड़क निर्माण में आने वाली लागत आधी रह जाती है, जबकि इससे बनी सड़क की मजबूती भी अन्य सड़क की तुलना में दोगुना होती है। इससे अब प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण एफडीआर तकनीक की मदद से किया जाएगा। इस तकनीक से सड़कों का निर्माण करने से यह फायदा होगा कि सडक बनाने में



पुराने मटेरियल का उपयोग हो जाएगा, निर्माण लागत कम आएगी और समय की बचत होगी।

फुल डेप्थ रिक्लेमेशन एक टिकाऊ और लागत प्रभावी सडक पुनर्निर्माण तकनीक है। इसमें मौजूदा डामर और उसके नीचे के बेस/सब-बेस को पूरी गहराई तक पीसकर, सीमेंट या बिटुमिनस इमल्शन जैसे स्टेबलाइजर के साथ मिलाया जाता है, जिससे एक मजबूत बेस तैयार होता है। यह 90 प्रतिशत तक नई सामग्री की जरूरत को कम करता है। इसमें एक ही मशीन के जरिए पुरानी सड़क की सतह (150-300+ एमएम गहराई) को पीसकर उसमें योजक (चूना, सीमेंट, या बिटुमिनस इमल्शन) मिलाकर और फिर उसे कॉम्पैक्ट करके सडक को नया आधार दिया जाता है। इसमें पुरानी सामग्रियों का उपयोग होता है, जिससे मलबे को फेंकने और नई सामग्री लाने की जरूरत 90 प्रतिशत तक कम हो जाती है, जो पर्यावरण के लिए बेहतर है। इस तकनीक से निर्माण लागत कम आती है और सड़क अधिक मजबूत होती है। सड़क निर्माण में समय कम लगता है।

## बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से, पहले दिन ही आएगा लोकसभा स्पीकर को हटाने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने अपने लोकसभा सांसदों को 9 से 11 मार्च तक सदन में मौजूद रहने के लिए 3-लाइन व्हिप जारी किया है। कांग्रेस ने अपने सांसदों से कहा है कि वे इन दिनों सदन में मौजूद रहें क्योंकि लोकसभा स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा की संभावना है। वहीं भाजपा ने भी सांसदों को मौजूद रहने का निर्देश दिया है। विपक्ष ने स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव का नोटिस दिया है। विपक्ष के 118 सांसदों ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं। हालांकि तृणमूल कांग्रेस के सांसदों (29) ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए।



## मिडिल ईस्ट तनाव का असर भारतीय उड़ानों पर 278 अंतरराष्ट्रीय फ्लाइटें रद्द

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव का असर अब भारत की अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवाओं पर भी साफ दिखाई देने लगा है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने शुक्रवार को जानकारी दी कि क्षेत्र में जारी अस्थिर स्थिति और कई देशों के हवाई क्षेत्र पर लगे प्रतिबंधों के कारण भारतीय एयरलाइंस की कुल 278 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रद्द करना पड़ा है। सरकार ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे अपनी उड़ानों से जुड़ी ताजा जानकारी पर लगातार नजर रखें और एयरलाइंस द्वारा जारी सूचनाओं को ध्यान से देखें। मंत्रालय के अनुसार पश्चिम एशिया में तेजी से बदलते हालात के चलते कई महत्वपूर्ण हवाई मार्ग प्रभावित हुए हैं। इसी वजह से भारतीय एयरलाइंस को अपनी उड़ानों के शेड्यूल में बदलाव करना पड़ा और कई सेवाएं रद्द करनी पड़ीं।

## रूसी तेल खरीद पर केंद्र पर भड़की कांग्रेस, कहा- कब तक चलेगा अमेरिकी ब्लैकमेल

**नई दिल्ली।** भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए अमेरिका की ओर से जो 30 दिनों की छूट का एलान किया है, उसपर सियासी घमासान शुरू हो गया है। कांग्रेस पार्टी ने इसे भारत की संप्रभुता पर हमला और अमेरिकी ब्लैकमेल बताया है। कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर सवाल उठाया है कि आखिर अमेरिका इस तरह से हमें कब तक ब्लैकमेल करता रहेगा। नेता विपक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा में इस बारे में बीते सेशन का वीडियो शेयर किया है। राहुल ने कहा था- क्या अमेरिका हमें बताएगा कि हम रूस या ईरान से तेल खरीद सकते हैं या नहीं। यह अमेरिका तय करेगा, हमारे प्रधानमंत्री नहीं।



## रंगपंचमी पर्व पर दैनिक ब्रह्मास्त्र कार्यालय में अवकाश रहेगा




रंगपंचमी पर्व पर अपने सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं और शुभचिंतकों को बधाई। रंगों का त्यौहार रंगपंचमी के अवसर पर दैनिक ब्रह्मास्त्र कार्यालय में दिनांक 8 मार्च 2026 को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 9 मार्च 2026 को प्रकाशित होगा।

-संपादक



## खबर एक नजर...

### उधार रूपयो को लेकर 3 विवाद, 6 लोग घायल

**उज्जैन।** उधार रुपयो को लेकर बड़नगर, राघवी और खाचरोद में तीन जगह विवाद हुए। जिसमें ६ लोग घायल हो गए, तीनो थाना पुलिस ने घायलों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिए है। बड़नगर थाना क्षेत्र के फतेहपुर में बजरंगबली मंदिर के पास धर्मेंद्र पिता मानसिंह राजपूत को उधार रूपयो की बात पर गांव में ही रहने वाले युवक ने मारपीट की। राघवी थाना क्षेत्र के घोंसला-महिदपुर रोड पर शराब दुकान के सामने दिनेश पिता मोहनलाल निवासी पाड़ीखेड़ा को गांव के ही रहने वाले युवक ने उधर रुपए नहीं लौटने की बात पर मारपीट कर घायल कर दिया। तीसरा घटनाक्रम खाचरोद थाना क्षेत्र के बड़ागांव में हुआ। यहां रहने वाले संजय पिता प्रहलाद पाटीदार से क्षेत्र के ही कुछ लोगों ने सुधार रुपए मांगे। संजय ने रुपए देने से मना किया तो उक्त लोगों द्वारा संजय से मारपीट शुरू कर दी गई इस दौरान संजय को बचाने श्रवण और जितेंद्र पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई। खाचरोद पुलिस में चार लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### आजमगढ़-बांद्रा के बीच चलेगी सुपर फास्ट ट्रेन

**उज्जैन।** ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल से होकर आजमगढ़ से बांद्रा टर्मिनस के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया गाड़ी संख्या 05183 आजमगढ़-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल 7 एवं 14 मार्च, शनिवार को आजमगढ़ से 23.15 बजे चलेगी और सोमवार को 8.10 बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। इस ट्रेन का रतलाम मंडल के नागदा (21.45 बजे आगमन व 21.50 बजे प्रस्थान, रविवार) एवं रतलाम स्टेशन पर 22.45 बजे आगमन व 22.50 बजे प्रस्थान होगा।

### अवंतिका हाट बाजार दो साल से विवाद के कारण शुरू नहीं हुआ



**उज्जैन।** महाकाल मंदिर से मात्र 100 मीटर की दूरी पर स्थित अवंतिका हाट बाजार दो साल पहले 39.87 करोड़ से तैयार हुआ लेकिन आम जनता के लिए खुल नहीं सका। बाजार बनने के बाद पहले से व्यापार कर रहे दुकानदारों ने इन दुकानों की मांग की और मामला कोर्ट तक पहुंच गया। कोर्ट में केसः स्मार्ट सिटी सीईओ संदीप शिवा ने कहा कि कोर्ट केस के चलते दुकानों का वितरण नहीं किया जा सका है।

### सप्त सागरों के पानी में सीवरेज का जल नहीं

**उज्जैन।** एनजीटी भोपाल ने जनवरी में उज्जैन के सप्त सागर के संरक्षण के लिए कड़े निर्देश जारी किए थे। एनजीटी ने पाया कि गोवर्धन सागर और अन्य तालाबों में अवैध कब्जा हो चुका है। इसी क्रम में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और नगर निगम ने सप्त सागरों का निरीक्षण किया। सप्त सागरों में से गोवर्धन सागर के आसपास अतिक्रमण पाया गया, लेकिन यहां दुकानदारों और व्यापारियों ने कोर्ट में स्टे लिया हुआ है, जिसके कारण निगम कार्रवाई नहीं कर सकता। प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने रुद्र सागर, विष्णु सागर, क्षीर सागर, गोवर्धन सागर, रत्नाकर सागर, पुरुषोत्तम सागर और पुष्कर सागर के जल की जांच की गई। रिपोर्ट में किसी जगह सीवरेज या अपशिष्ट पानी मिलने की पुष्टि नहीं हुई। सफाई के लिए अन्य तालाबों में स्वच्छ अभियान और जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सफाई जारी है। तालाबों में निर्माल्य कुंड स्थापित करने की भी योजना है, ताकि पूजा सामग्री और पानी में गिरने वाले कचरे को रोका जा सके। बड़े तालाबों जैसे विष्णु सागर में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की योजना है।

# देर रात सीएम हाउस में विधायक कालूहेड़ा की क्लास

## सीएम-प्रदेशाध्यक्ष की समझाईश के बाद बोले- अब सिंहस्थ के कामों में सहयोगी रहूंगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में सड़क चौड़ीकरण के विरोध में आंदोलन की धमकी देने वाले उज्जैन उत्तर के बीजेपी विधायक अनिल जैन कालूहेडा को भोपाल तलब किया गया। शुक्रवार देर रात वे भोपाल में बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह से मिले। इसके बाद फिर वे सीएम हाउस पहुंचे।

सीएम हाउस में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और प्रदेश प्रभारी डॉ महेन्द्र सिंह ने विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा को सिंहस्थ के लिए बनने वाली रोड़ के मामले में दिए गए वक्तव्यों के लिए नाराजगी जाहिर की।



**विधायक बोले: अब सिंहस्थ के कामों में सहयोगी रहूंगा-** सीएम और संगठन की समझाइश के बाद कालूहेडा ने अपने बयान पर खेद जताया और कहा कि वे अब आगे सिंहस्थ के कामों में सहयोगी बनेंगे। उनकी तरफ से कोई दिक्कत नहीं आएगी। बस आम जनता से प्रशासनिक अधिकारी चर्चा करके निर्णय लें।

**उज्जैन के पिपलीनाका में सड़क चौड़ीकरण बना विवाद-** दरअसल, उज्जैन उत्तर से भाजपा विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने शुक्रवार को कहा कि पिपलीनाका क्षेत्र की सड़क का चौड़ीकरण हुआ तो वह रोड पर उतरेंगे। सड़क चौड़ीकरण से कई परिवारों की रोजी-रोटी में दिक्कतें आएंगी, लेकिन अधिकारियों ने उट को गलत जानकारी दी। विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने कहा कि मैंने क्षेत्रवासियों को वचन दिया। 24 मीटर की ही रोड होगी, नहीं तो आपका विधायक आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा। जन आंदोलन करेंगे। मैं उसका नेतृत्व करूंगा। कलेक्टर से बोला है कि आप सीएम से बात करें।

### 7 दिन में खाली करने का नोटिस

जानकारी के मुताबिक भैरव गढ़ रोड के किनारे करीब 410 घर हैं। इनमें से कई बच्चों के बोर्ड एग्जाम हैं। ऐसे में नगर निगम ने 7 दिन में घर खाली करने का नोटिस जारी किया। नोटिस के मुताबिक कई घरों का हिस्सा 10 फीट का तो कुछ का 20 फीट तक ही बच रहा है। बाकी को बुलडोजर से तोड़ने की तैयारी है। नोटिस मिलते ही स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। विधायक अनिल जैन के कार्यालय को घेर लिया। सरकार और विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विधायक की गाड़ी के सामने बैठे और उनके सामने प्रदर्शन किया। विधायक ने वादा किया कि 24 मीटर से ज्यादा चौड़ी होने पर वह खुद सड़क पर उतरेंगे।

### विधायक बोले- मैं जनता की भावना का सम्मान नहीं कर पा रहा

स्थानीय लोगों को समझाने के बाद विधायक ने कहा, मैंने बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष से कहा कि पब्लिक की भावना का सम्मान नहीं कर पा रहा हूं। उन्हें कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। शहर में छोटी-छोटी बातों को तूल देना ठीक नहीं है। कुछ बातें इतनी सीरियस होती हैं कि अधिकारी चीफ मिनिस्टर को बता देते हैं। गलत जानकारी भी देते हैं।

# जनसुविधा केंद्र तोड़ने पर विवाद

## भाजपा पार्षद ने अधिकारियों पर बदसलूकी का आरोप लगाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में वार्ड क्रमांक 33 की भाजपा पार्षद लीला वर्मा ने जनसुविधा केंद्र को जेसीबी से तोड़ने और विरोध करने पर अधिकारियों द्वारा बदसलूकी और गाली-गलौज का आरोप लगाया है। यह घटना 5 मार्च की रात हरसिद्धि क्षेत्र में हुई। पार्षद ने इस मामले की शिकायत एसपी, कलेक्टर और नगर निगम अधिकारियों से की है।

लीला वर्मा के अनुसार, 5 मार्च की रात करीब 11 बजे हरसिद्धि मंदिर के सामने स्थित जनसुविधा केंद्र को कुछ लोगों ने जेसीबी की मदद से तोड़ दिया था। जब वह मौके पर पहुंचीं और तोड़ने का कारण पूछा, तो वहां मौजूद लोगों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और गाली-गलौज की।



इस घटना के विरोध में लीला वर्मा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर उन्होंने धरना भी दिया था, जिसे सभापति कलावती यादव से बातचीत के बाद समाप्त कर दिया गया। पूर्व पार्षद लीला वर्मा ने बताया कि उन्होंने यह जनसुविधा केंद्र जनता की सुविधा के लिए बनवाया था और इसकी जानकारी अधिकारियों को भी थी। उन्होंने कहा कि वह वार्ड क्रमांक 33 से दो बार पार्षद रह चुकी हैं। वहीं, इस संबंध में सहायक आयुक्त नगर निगम प्रदीप सेन ने बताया कि उन्हें लीला वर्मा के बारे में जानकारी नहीं है और ऐसा कुछ नहीं हुआ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्हें कमिश्नर से अवैध शटर या बिना अनुमति के निर्माण को हटाने का आदेश मिला था। सरकारी जगह पर बिना अनुमति के कोई भी निर्माण नहीं किया जा सकता है।

### उज्जैन की प्रियांशी वर्ल्ड टॉप रैंकिंग में

# अर्मेनिया में जीता सिल्वर मैडल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन की बेटी ने अर्मेनिया में कुश्ती की वर्ड रैंकिंग चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतकर ना सिर्फ शहर का बल्कि प्रदेश और देश का भी नाम रोशन किया है। शहर की प्रियांशी प्रजापति अर्मेनिया में 24 से 28 फरवरी तक आयोजित हुई वर्ल्ड चैम्पियनशिप में खेलने गई थीं। वे मध्य प्रदेश से एक मात्र खिलाड़ी थीं। दुनियाभर से आए खिलाड़ियों के बीच प्रियांशी दूसरे नंबर पर रहीं और उन्हें रजत पदक मिला है।

विश्व चैम्पियनशिप खेलने गई प्रियांशी प्रजापति के पिता मुकेश प्रजापति ने बताया कि वर्ड रैंकिंग चैम्पियनशिप में 50 किलो वर्ग में बेटी प्रियांशी का सिलेक्शन हुआ। जहां उसने वर्ल्ड के टॉप 3 पहलवानों को हराकर रजत पदक जीता है। इसके बाद प्रियांशी ए क्लास के वर्ल्ड के टॉप 10 पहलवानों में दूसरे



नंबर पर आ गई है। भारतीय टीम के पहलवानों के प्रदर्शन से खुश होकर पीएम ने टीम को मिलने बुलाया है, जिसमें प्रियांशी भी मौजूद रहेंगी।

**ओलम्पिक गेम्स में जाने का रास्ता खुल जाएगा-** प्रियांशी अपनी जीत के बाद आगामी एशियन चैम्पियनशिप के ट्रायल के लिए प्रेक्टिस कर रही हैं। इसके बाद प्रियांशी का आगामी 2028 में होने ओलम्पिक गेम्स में जाने का रास्ता खुल जाएगा। बेटी की सफलता के लिए मुकेश प्रजापति ने मध्य प्रदेश सरकार से बेटी को प्रोत्साहन राशि देने की मांग की है।

### रंगपंचमी पर कई मार्गो पर बदलेगी यातायात व्यवस्था

# महाकालेश्वर ध्वज यात्रा मार्ग पर वाहनों का रहेगा प्रतिबंध

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

होली पर्व के बाद रंगपंचमी पर 8 मार्च की शाम महाकालेश्वर मंदिर से ध्वज यात्रा निकाली जाएगी, वही नगर गैर के साथ कृष्ण सुदामा रंग उत्सव का आयोजन भी होगा। इस दौरान यातायात पुलिस द्वारा मार्गो पर वाहनों के आवागमन और प्रतिबंध का प्लान लागू किया गया है।

रंगपंचमी पर प्रतिवर्ष शाम को महाकालेश्वर मंदिर से ध्वज यात्रा चल समारोह निकाला जाता है। इस बार भी 8 मार्च को ध्वज यात्रा का भव्य आयोजन किया गया है। शाम 4 महाकालेश्वर मंदिर से ध्वज यात्रा की शुरूआत होगी जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। ध्वज यात्रा महाकालेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर तोपखाना, दौलतगंज, कंठाल, सतीगेट, छत्री चौक, गोपाल मंदिर, गुदरी चौराहा होते हुए पुनः महाकालेश्वर मंदिर



पहुंचकर समाप्त होगा। ध्वज यात्रा मार्ग पर यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया गया है। यात्रा मार्ग पर शाम 4 बजे से ही वाहनों की आवाजाही को बंद कर दिया जाएगा। यातायात डीएसपी दिलीपसिंह परिहार के अनुसार वाहन चालकों को आसुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की गई है जो इस प्रकार रहेंगे, बेगमबाग चौराहा से गुदरी चौराहा, ढाबा रोड, गोपाल मंदिर आदि स्थानों पर जाने वाले वाहन जूना सोमवारिया मार्ग से जा सकेंगे। इंदौरगेट से निकास चौराहा, तेलीवाड़ा जाने वाले वाहन देवासगेट, चामुंडा माता चौराहा, कोयला फाटक, बियाबानी मार्ग से जा सकेंगे। कोट मोहल्ला से दौलतगंज चौराहा तक, दौलतगंज चौराहा से कंठाल चौराहा, कंठाल चौराहा से सतीगेट, छत्री चौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार से गुदरी चौराहा तक वाहनों की आवाजाहीज पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा।

### इन मार्गो पर भी बदली रहेगी व्यवस्था

रंगपंचमी पर शाम को निकालने वाले महाकाल ध्वज यात्रा से पहले शहर में जयसिंहपुरा गेर निकल जाएगी जो मालीपुरा मंदिर से प्रारंभ होकर रेलवे फाटक, गऊघा, यंत्र महल होते हुए जंतर-मंतर पर समाप्त होगी। कहारवाड़ी से छड़ी मार गेर का आयोजन होगा जो कहारवाड़ी से प्रारंभ होकर रामघाट पहुंचेगी। धोबी समाज गेर चौबीस खंबा मंदिर से प्रारंभ होकर कहारवाड़ी, रामघाट रोड, ढाबा रोड, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, गुदरी होते हुए पुनः चौबीस खंबा मंदिर पर समापन होगा। इस दौरान इन मार्गो पर भी वहां प्रतिबंधित रहेंगे।

### नगर गैर के साथ कृष्ण सुदाम रंगो उत्सव

8 मार्च को निकलने वाली गेर के साथ ही सुबह के समय नगर निगम की नगर गेर बका आयोजन महाकालेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर कोट मोहल्ला चौराहा, गुदरी चौराहा, पटनी बाजार होते हुए गोपाल मंदिर पर समापन होगा। वही श्री कृष्ण-सुदामा रंगोत्सव कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से सिंधी कॉलोनी से प्रारंभ होकर तीनबत्ती चौराहा, इंदिरा प्रतिमा चौराहा, टॉवर चौक तक आयोजित किया जायेगा। इस दौरान नानाखेड़ा चौराहा एवं दो तालाब की ओर से आने वाला यातायात भरतपुरी एवं शांति पैलेस तिराहा की ओर डायवर्ट रहेगा। धन्नालाल की चाल से तीनबत्ती की ओर वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

उज्जैन
शनिवार
07
मार्च, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

अजरामरवत्प्राज्ञो विद्यामर्थं च चिन्तयेत्।
गृहीत इव केशेषु मृत्युना धर्ममाचरेत्।।

अर्थः यह समझते हुए कि बुढ़ापा और मृत्यु नहीं आएगी, शिक्षा और धन के बारे में सोचना चाहिए। लेकिन मौत ने हमें बालों से बांध कर रखा है, यह समझते हुए कि हमें धर्म का पालन करना चाहिए।

## खबर एक नजर...

### महिला के घर में घुसकर चाकू की नोक पर मारपीट

**इंदौर।** इंदौर के चंदन नगर क्षेत्र में एक महिला के घर में घुसकर बदमाशों ने हथियार की नोक पर मारपीट की। इस मामले में चंदन नगर पुलिस ने शुक्रवार को ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। रात में उनका इलाके में जुलूस भी निकाला गया। टीआई तिलक करोले के मुताबिक, नसीब बी और सिद्दीक पठान ने थाने आकर शिकायत की कि कुख्यात गुंडा सादिक काला पुत्र गुलफाम, निवासी सहयोग नगर, अपने साथी अज्जू बाटला और फैयाज के साथ उनके घर में घुस आया और चाकू की नोक पर मारपीट की। पुलिस ने इस मामले में दोनों बदमाशों को पकड़कर उनसे चाकू जब्त किया। इसके बाद आरोपियों का इलाके में जुलूस भी निकाला गया। टीआई के अनुसार, सादिक काला पर पहले से हत्या का मामला दर्ज है और उसके खिलाफ कुल 14 आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं उसके साथियों पर भी अन्य गंभीर अपराध दर्ज हैं।

### इंदौर में करणी सेना पदाधिकारी पर एफआईआर

**इंदौर।** इंदौर की हीरानगर पुलिस ने करणी सेना के एक पदाधिकारी के खिलाफ मारपीट को लेकर एफआईआर दर्ज की है। पदाधिकारी ने होली के दिन इलाके में एक इवेंट प्रोग्राम में जाने से क्रिश्चियन युवक को रोका था और उसकी पिटाई कर दी थी। इस मामले में छात्र ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की थी। पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह के आदेश पर करणी सेना के प्रदेश संगठन मंत्री मानसिंह राजावत के खिलाफ शेल्बी फिलिप की शिकायत पर मारपीट की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। शेल्बी फिलिप ने बताया कि होली के दिन वह एमआर-10 पर आयोजित एक इवेंट प्रोग्राम में पहुंचे थे। इसके लिए उन्होंने टिकट भी लिया था। गेट पर एक व्यक्ति ने उन्हें रोककर चेकिंग शुरू की। जब मैंने उनसे पूछा, तो उसने अपना नाम मानसिंह राजावत बताया। उसके साथ दो अन्य लोग भी थे, जिनकी जानकारी नहीं है। इसके बाद राजावत ने उनके दोस्त अभित से उसकी आईडी मांगी। उसे चेक करने के बाद उन्होंने शेल्बी की आईडी देखकर कहा कि ह्लतुम क्रिश्चियन होह्व। इसके बाद उन्होंने शेल्बी का मोबाइल छीन लिया और आईडी-पासवर्ड पूछा। मोबाइल चेक करने लगे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उनके साथ अपशब्द कहे और मारपीट करने लगे। वहां मौजूद दोस्तों ने बीच-बचाव किया। बाद में उन्हें थाने ले जाकर उन पर ही आरोप लगा दिए गए। छात्र ने बताया कि उसकी एक युवती दोस्त के फोटो और वीडियो भी बिना अनुमति के वायरल कर दिए गए। इस मामले में छात्र ने अपने परिजनों के साथ शुक्रवार को पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। इसके बाद हीरानगर पुलिस ने रात में एफआईआर दर्ज कर ली।

### इलेक्ट्रानिक कारोबारी से ऑनलाइन ठगी

**इंदौर।** इंदौर के लसूड़िया क्षेत्र में साइबर अपराधियों ने एक इलेक्ट्रॉनिक कारोबारी को ठगी का शिकार बना लिया। बदमाशों ने मोबाइल पर एपीके फाइल भेजकर उनके बैंक अकाउंट से करीब साढ़े पांच लाख रुपए निकाल लिए। कारोबारी ने 24 जनवरी को साइबर पुलिस में शिकायत की थी। जांच के बाद गुरुवार को मामला लसूड़िया थाने पहुंचा, जहां अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। लसूड़िया पुलिस के मुताबिक, अशिष पुत्र ज्ञानेंद्र तिवारी निवासी शांति निकेतन, बॉम्बे हॉस्पिटल क्षेत्र के रहने वाले हैं। उन्होंने करीब साढ़े पांच लाख रुपए की साइबर ठगी होने की शिकायत दर्ज कराई है। तिवारी के अनुसार, 24 जनवरी 2026 को उनके मोबाइल पर वाहन चालान से जुड़ी एक एपीके फाइल आई थी। जैसे ही उन्होंने फाइल खोली, उनके बैंक अकाउंट से अचानक बैलेंस कटने लगा।

### टेसू के फूलों के गुलाल से बनेगा तिरंगा, कभी बैलगाड़ी पर रखे कड़ाव में लोगों को भिगोते थे

# इंदौर की गेर में मिसाइल से बरसेगा रंग

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर में रंगपंचमी की पारंपरिक गेर रविवार को निकलेगी। राजवाड़ा पर 7 दशक पहले कड़ाव में लोगों को भिगोने से शुरू हुआ सिलसिला बैलगाड़ी, ट्रैक्टर और डीजे से होता हुआ अब मिसाइलों से रंग बरसाने तक जा पहुंचा है।

पिछले 3 सालों से यहां पहुंचने वाले लोगों की संख्या 5 लाख से अधिक रही है। जिससे यह यह आयोजन देश के सबसे बड़े रंगोत्सवों में शामिल हो चुका है।

हर साल की तरह इस बार भी लाखों लीटर पानी और हजारों किलो गुलाल उड़ाने की तैयारी है। राजवाड़ा और उससे जुड़े मार्गों पर करीब 5-6 किलोमीटर के दायरे में गुलाल, रंग और पानी की बौछारें होंगी। 8 हजार किलो टेसू के फूलों से बने गुलाल से राजवाड़ा पर तिरंगा बनाया जाएगा।



#### कड़ाव में साबून का पानी भरकर भिगोते थे

- इंदौर में 1947 से पहले रंगपंचमी के दिन लाइव बंबा (पुराने फायर ब्रिगेड का स्वरूप) राजवाड़ा के पास खड़ा किया जाता था, जिससे लोगों पर पानी फेंका जाता था। इतिहासकार जफर अंसारी के अनुसार, होल्कर स्टेट के समय भी बड़ी संख्या में लोग यहां एकत्रित होते थे।
- 1950-60 के दशक में इसका स्वरूप बदला। उस समय टोरी कॉर्नर क्षेत्र में रंगपंचमी के दिन जन्मे एक व्यक्ति, जिन्हें पहलवान कहा जाता था, हर साल कड़ाव में साबुन का पानी भरकर रखते थे। जिनमें आसपास के लोग के साथ मुस्लिम समाजजन भी शामिल होते थे।
- बाद में बैलगाड़ी में कड़ाव रखकर गेर निकाली जाने लगी और रास्ते में लोगों पर पानी डाला जाता था। 1970 और 1980 के दशक में भीड़ बढ़ने लगी तो छोटे लोडिंग वाहनों में रंग और पानी से भरे ड्रम रखे जाने लगे।

गेर और फागयात्रा अपने-अपने तय स्थानों से निकलकर शहर की जनता को रंगों से सराबोर करेंगी। मिसाइलों से 200 फीट ऊपर तक रंग और पानी उड़ाया जाएगा। गेर में डीजे, ढोल-ताशे, झांकियां और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी शामिल रहेंगी।

अलग-अलग क्षेत्रों से निकलने वाली गेर में कई खास आकर्षण देखने को मिलेंगे। संगम कॉर्नर की 76वीं सामाजिक समरसता गेर में बरसाना की लट्ठमार होली और राधा-कृष्ण की रासलीला प्रस्तुत की जाएगी, जबकि रसिया कॉर्नर की 53वीं गेर में दर्जनों वाहन, पानी के टैंकर और विशेष झांकियां शामिल होंगी। मॉरल क्लब समिति और टोरी कॉर्नर की गेर में भी बड़ी संख्या में युवा डीजे, ढोल और रंग-गुलाल के साथ शामिल होकर उत्सव का माहौल बनाएंगे।

वहीं नृसिंह बाजार स्थित बद्रीनारायण मंदिर से निकलने वाली प्रदेश की सबसे बड़ी धार्मिक-सांस्कृतिक फागयात्रा का यह 28वां वर्ष है। यात्रा में विशाल नंदी पर सवार महादेव की अद्भुत झांकी, महाकाल मंदिर की प्रतिकृति, भजन मंडलियां और हजारों मातृशक्तियों की भागीदारी प्रमुख आकर्षण रहेगी। इस तरह आस्था, परंपरा और उत्साह से भरा यह आयोजन एक बार फिर पूरे इंदौर को रंगों में सराबोर कर देगा।

1990 के दशक से गेरों की संख्या बढ़ने लगी और टैंकर तथा म्यूजिक का चलन शुरू हुआ। 2000 के दशक में रंग उड़ाने वाली मिसाइलों का उपयोग शुरू हो गया। गेर आयोजक शेखर गिरी के अनुसार, कड़ाव से पानी फेंकने की परंपरा 1948-1950 के आसपास शुरू हुई थी और हर दशक के साथ इसका स्वरूप बदलता गया।

## इंदौर-उज्जैन मेट्रोपोलिटन एरिया में शामिल होगा बड़नगर

### सीएम बोले- व्यायामशालाओं को 1-1 लाख और गोशालाओं को नरवाई मशीन के लिए मिलेगी मदद

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

उज्जैन जिले का बड़नगर अब विकास के बड़े प्लान में शामिल होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घोषणा की कि बड़नगर को इंदौर-उज्जैन मेट्रोपोलिटन एरिया में शामिल किया जाएगा। इससे क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग और शहरी विकास की संभावनाएं बढ़ेंगी। मुख्यमंत्री ने यह घोषणा मुख्यमंत्री निवास में उस समय की, जब बड़नगर विधानसभा क्षेत्र के लोग नायीखेड़ी-नागदा-रतलाम मार्ग की स्वीकृति के लिए उनका आभार व्यक्त करने पहुंचे। इस दौरान बड़नगरवासियों ने साफा और गजमाला पहनाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

सीएम ने कहा कि क्षेत्र के लिए करीब 150 करोड़ रुपए की लागत से



बनने वाला नायीखेड़ी-नागदा-रतलाम मार्ग बड़ी सौगात है। इस सड़क के बनने से रतलाम की दूरी करीब 40 किलोमीटर कम हो जाएगी और क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह नया दो लेन मार्ग गंभीर डैम के पास से नागदा होते हुए निकलेगा। अभी रतलाम से उज्जैन आने के लिए बदनावर-बड़नगर मार्ग से करीब 115 किलोमीटर का सफर करना पड़ता है, जबकि नए मार्ग की लंबाई करीब 74 किलोमीटर होगी। इससे यात्रा का समय कम होगा और मुख्य मार्गों पर यातायात का दबाव भी घटेगा।

**राजस्थान-गुजरात से कनेक्टिविटी बढ़ेगी-** डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ 2028 को देखते हुए यह सड़क बेहद महत्वपूर्ण होगी। उज्जैन में बनने वाले नए विमानतल और बेहतर सड़क कनेक्टिविटी से बड़नगर का संपर्क रतलाम के साथ-साथ राजस्थान और गुजरात से भी मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि सड़कें विकास का आधार हैं और इनके बनने से पूरे क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास के द्वार खुलेंगे।

मुख्यमंत्री ने बड़नगर क्षेत्र की व्यायामशालाओं को प्रोत्साहन स्वरूप एक-एक लाख रुपए देने की घोषणा भी की। साथ ही क्षेत्र में संचालित गौशालाओं को नरवाई प्रबंधन के लिए मशीन खरीदने में सहायता देने के लिए स्वेच्छानुदान से अंश राशि उपलब्ध कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इससे नरवाई के समाधान के साथ गौशालाओं को भूसा उपलब्ध कराने में भी मदद मिलेगी।

## हेड कॉन्स्टेबल के बर्थडे पर बदमाशों ने दिए गुलदस्ते

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर के संयोगितागंज क्षेत्र के बदमाशों ने परदेशीपुरा थाने के हेड कॉन्स्टेबल के जन्मदिन पर फोटोशूट कराया। इतना ही नहीं, बदमाशों ने उन्हें गुलदस्ता भी दिया। बताया जा रहा है कि दोनों बदमाशों के पिता पर भी गंभीर अपराध दर्ज हैं। वह संयोगितागंज थाने का एचएस (हिस्ट्रीशीटर) है।

पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह बदमाशों पर नकेल कसने की कार्रवाई कर रहे हैं, लेकिन कुछ पुलिसकर्मी उनसे दोस्ती निभाते नजर आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला परदेशीपुरा थाने के हेड कॉन्स्टेबल से जुड़ा सामने आया है।

हेड कॉन्स्टेबल जीतू सरदार का बुधवार को जन्मदिन था। इस मौके पर संयोगितागंज क्षेत्र के बदमाश अक्रात बोयत, उसका भाई आयुष बोयत और चाचा विकास बोयत कार्यक्रम में पहुंचे थे। इन तीनों के खिलाफ संयोगितागंज थाने में आपराधिक मामले दर्ज हैं।

अक्रात और आयुष जुड़वां भाई हैं। उनके पिता दीनू पर भी संयोगितागंज सहित अन्य थानों में गंभीर अपराध दर्ज हैं। वह थाने का हिस्ट्रीशीटर है और कांग्रेस से राजनीति भी करते हैं। वहीं, विकास बोयत पर भी नशाखोरी सहित अन्य मामले दर्ज हैं।

# इंदौर में 23 प्रतिष्ठानों पर लगाया 51 लाख का जुर्माना

## अपकिन एग्रो पर सबसे ज्यादा 10 लाख का फाइन, जांच में मिली थीं अनियमितताएं

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर में मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। एडीएम नवजीवन विजय पवार की कोर्ट ने 23 खाद्य प्रतिष्ठानों पर 51 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तथा नियम 2011 के तहत की गई है। इन प्रतिष्ठानों पर छह माह पहले कार्रवाई की गई थी।

खाद्य सुरक्षा विभाग के विशेष जांच अभियान के दौरान कई फर्मों और प्रतिष्ठानों के खिलाफ मिलावट, बिना लाइसेंस खाद्य पदार्थों के निर्माण-विक्रय और नियमों के उल्लंघन के मामले



सामने आए थे। इन प्रकरणों को कोर्ट में प्रस्तुत किया गया, जहां सुनवाई के बाद दोषी पाए गए प्रतिष्ठानों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए भारी जुर्माना लगाया है।

जांच के दौरान कई प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण और विक्रय में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। कुछ स्थानों पर बिना खाद्य पंजीयन के कारोबार किया जा रहा था, वहीं कई मामलों में मिलावटी खाद्य पदार्थों का निर्माण तथा पैक्ड खाद्य उत्पादों का नियमों के विरुद्ध विक्रय किया जा रहा था। न्यायालय ने संबंधित प्रतिष्ठानों पर 1 लाख रुपए से लेकर 10 लाख रुपए तक का अर्थदंड लगाया है। सबसे अधिक 10 लाख रुपए का जुर्माना मे. अपकिन एग्रो प्राइवेट लिमिटेड पर प्री-पैक्ड ऑर्गेनिक उत्पादों के नियमों के विरुद्ध संग्रहण, निर्माण और विक्रय के मामले में लगाया है।

### इन प्रतिष्ठानों पर लगाया गया जुर्माना

- बालाजी ट्रेडिंग कंपनी पर 4 लाख रुपए का जुर्माना।
- मशाल होटल और पूजा मिल्क एंड प्रोडक्ट (देवास नाका) पर डेढ़-डेढ़ लाख रुपए का जुर्माना।
- जगदीश राठौर पर 2 लाख रुपए का जुमार्ना।
- मदर सोल प्रा.लि. और ब्लाडो स्काई इंटरप्राइज प्रा.लि. पर 7.50 लाख रुपए का जुर्माना।
- श्री कुबेर इंटरप्राइजेस और बालगोपाल डेयरी प्रोडक्ट्स पर 4-4 लाख रुपए का जुर्माना।
- वाईसीएस बरोदा प्रा.लि. पर 2 लाख रुपए का जुर्माना।

## खबर एक नजर...

### वाहन डाला भराई हम्माली की दर निर्धारण को लेकर बैठक हुई

**बडनगर।** कृषि उपज मंडी समिति सभाकक्ष में गुरुवार को वाहन डाला भराई हम्माली की दर निर्धारण के संबंध मे बैठक विधायक जितेंद्र उदयसिंह पंड्या की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विधायक पण्ड्या उपस्थित समस्त हम्मालगण व व्यापारीगण के पदाधिकारियो को समझाइश देते हुए वाहनो मे डाला भराई राशि रुपये 3.60 रु. प्रति टन से निर्धारित किया गया है। बैठक में एसडीएम धीरेन्द्र पाराशर, व्यापारी संघ के अध्यक्ष विजय मेहता, सचिव नितेश गोधा, हम्माल संघ के अध्यक्ष तन्नु राठोड एवं हम्माल पदाधिकारीगण तथा व्यापारीगण राजेन्द्र 'लाठी, प्रतीक पोरवाल, सुशील गामा, राजेन्द्र बरडिया, अजय सियाल, रवि ददरवाल, आदि व्यापारी एवं हम्माल सदस्यगण बैठक मे उपस्थित रहे। बैठक मे लिये गये निर्णय अनुसार वाहन डाला भराई हम्माली की पूर्व नियत दर राशि कमशः 55, 65, 75 रुपये प्रति टन में 3.60 प्रति टन से वृद्धि की गई। जिसमे सबकी सहमति उपरांत उक्त निर्धारित दरों का आदेश मंडी सचिव अनारे कुमार सिंह द्वारा जारी करते हुए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### प्रशिक्षण शिविर का समापन

**उज्जैन।** लोकमान्य तिलक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय उज्जैन का राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का समापन ग्राम मंगरोला में भारतीय किसान संघ के प्रांतीय महामंत्री मालवा प्रांत भारत सिंह जी बैस की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। भारत सिंह जी ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ अपने पारंपरिक व्यवसाय को भी सीखने पर जोर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे सरपंच श्री मुकेश जी एवं नित्य नियम के संस्थापक एवं मुख्य वक्ता अभिलाष जी जैन का स्वागत बैच लगाकर किया गया। अभिलाष जैन ने विद्यार्थियों को वर्तमान में चल रही सरकारी योजना के बारे में बताया। हर कार्य को करने में कठिनाइयां आती है परंतु अपने लक्ष्य पर डटे रहने से मार्ग प्रशस्त होता है। अधिवक्ता कुलदीप अरोड़ा ने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को सतर्क रहने और करने के लिए कहा। दशहरा मैदान कन्या विद्यालय के मोहन सिंह जी ने विद्यार्थियों को सर्प के प्रकार की जानकारी देते हुए बताया कि सर्प



5 का राज्य स्तर के लिए चयन

# विकसित भारत युवा संसदः 'आपातकाल के 50 वर्ष' विषय पर युवाओं ने रखे विचार

### शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुआ जिला स्तरीय आयोजन, 45 विद्यार्थियों ने किया प्रतिभाग




ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ₹विकसित भारत युवा संसद 2026₹ के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के 45 विद्यार्थियों ने ₹आपातकाल के 50 वर्षः भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक₹ विषय पर बेबाकी से अपने विचार रखे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद निर्णायक मंडल के सदस्य किशोर रक्ताले, डॉ. प्रदीप लखारे, डॉ. विजय वर्मा, दारा सिंह चौधरी, डॉ. दिव्या वर्मा और हरजीत का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत पुराणिक ने कहा कि युवा संसद विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जागरूकता विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में प्रत्येक प्रतिभागी को अपनी बात रखने के लिए 3 मिनट का समय दिया गया था। विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक तथ्यों और समकालीन संदर्भों के साथ अपने विचार बहुत ही प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल में शामिल डॉ. विजय वर्मा, डॉ. प्रदीप लखारे और डॉ. दिव्या वर्मा ने विषय की प्रासंगिकता, प्रस्तुति की स्पष्टता, संचार कौशल, बॉडी लैंग्वेज, रचनात्मकता और समय पालन के मानकों के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। जिला स्तर पर चयनित शीर्ष 5 विद्यार्थी राज्य स्तर पर भोपाल में होने वाली प्रतियोगिता में उज्जैन का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहां से चयनित होने वाले प्रथम 10 प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय संसद में सहभागिता करेंगे। उज्जैन जिले से 10 विद्यार्थियों की मेरिट सूची तैयार की गई है, जिनमें निहार जैन, स्नेहा चौरसिया, निशा जैन, राज भोगे, कार्तिकेय मिश्रा, मान्या अग्रवाल, ललिता माली, अनुष्का आर्य, आदित्य भगत और पीयूष पाटीदार शामिल हैं।

# नवनियुक्त पदाधिकारियों का हुआ स्वागत, स्वर्ण जयंती समारोह की तैयारियों पर हुई चर्चा

### लिपिकवर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ का होली मिलन समारोह संपन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

म.प्र. लिपिकवर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ उज्जैन द्वारा संयुक्त नगरीय तहसील कार्यालय कोठी महल के परिसर में लिपिकवर्गीय साथियों का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिला उज्जैन के अध्यक्ष एम.एस. पटेल, उज्जैन नगर एसडीएम एल.एन. गर्ग, नायब तहसीलदार दर्यावसिंह भुर्रा, नायब तहसीलदार दुबेन्द्रसिंह गोयल और लिपिक संघ के पूर्व कार्यकारी प्रांताध्यक्ष देवेन्द्र व्यास के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

अतिथियों का स्वागत जिला शाखा अध्यक्ष चित्रेश वाघे और महिला विंग अध्यक्ष उज्जवला गज्जर द्वारा किया गया। संघ के जिला सचिव नवीन तेजनकर ने बताया कि समारोह में संघ की ओर से प्रांतीय कार्यकारिणी में मनोनीत हुए पदाधिकारी जी.एम. जाटवा, प्रवीण जोशी, सुनील चौहान और सतीश परमार का स्वागत किया गया। इस दौरान महिला विंग की कार्यकारी जिलाध्यक्ष के पद पर प्रिया मरमट को मनोनीत किया गया। इसके साथ ही संघ की जिला शाखा के पूर्व कोषाध्यक्ष हरीश गुप्ता के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि संघ की स्थापना के 45 वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में भोपाल के रविन्द्र भवन में भव्य स्वर्ण जयंती समारोह आयोजित होना है। इस आयोजन में उज्जैन जिले से अधिक से अधिक साथियों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर उपस्थित लिपिक साथियों ने अपनी सहमति प्रदान की। मुख्य अतिथि एम.एस. पटेल और एल.एन. गर्ग ने होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मिलन समारोह जैसे आयोजनों से कर्मचारियों में नई ऊर्जा का संचार होता है।




कार्यक्रम का संचालन संभागीय अध्यक्ष निखिलेश गौड़ ने किया और आभार प्रदर्शन महिला विंग अध्यक्ष उज्जवला गज्जर द्वारा किया गया।

### पूजा चित्तौड़ा को मिला 'श्रेष्ठ प्रकल्प सम्मान', उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए भारत विकास परिषद् ने किया सम्मानित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भारत विकास परिषद् पश्चिम प्रान्त की प्रांतीय परिषद् बैठक उज्जैन में अवंतिका शाखा के नेतृत्व में आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रांतीय महिला प्रमुख पूजा चित्तौड़ा को उनके विशेष सहयोग और सक्रिय सेवा कार्यों के लिए 'श्रेष्ठ प्रकल्प सम्मान' से अलंकृत किया गया। प्रांतीय वित्त सचिव पराग काबरा ने बताया कि कार्यशाला में विभिन्न शाखाओं को उनके विशेष कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। वहीं, प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम पोरवाल के अनुसार, पूजा चित्तौड़ा ने लगातार दूसरे वर्ष विभिन्न शहरों में जाकर महिला जागरूकता शिविर, आत्मरक्षा शिविर, कन्या शिक्षा और निर्धन सेवा जैसे प्रकल्पों के सफलतापूर्वक संचालन के माध्यम से परिषद् का नाम गौरवान्वित किया है। पूजा चित्तौड़ा की इस उपलब्धि पर रीजनल अध्यक्ष सुनील कोठारी, सुनील लवंगिकर, प्रदीप चोपड़ा, सुनील सिंहल, ईश्वर पटेल, प्रकाश चित्तौड़ा, विनोद काला, भगवान शर्मा, अनिल वैष्णव, मीना मानवत, नीता जैन, अदिति साबू, याशी सिंग, रेखा पोरवाल, आरती खरे, पारुल शाह एवं उपस्थित समस्त मातृशक्ति ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान कीं।

# रासेयो के विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का समापन

### शिक्षा के साथ पारंपरिक व्यवसाय सीखने पर जोर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लोकमान्य तिलक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन की राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) का विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर ग्राम मंगरोला में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। समापन समारोह भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत के प्रांतीय महामंत्री भारत सिंह बैस की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में भारत सिंह बैस ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अपने पारंपरिक व्यवसाय को भी सीखने और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में मंगरोला के सरपंच मुकेश ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि 'नित्य नियम' संस्था के संस्थापक अभिलाष जैन मुख्य वक्ता रहे। सभी अतिथियों का स्वागत बैज लगाकर किया गया।

मुख्य वक्ता अभिलाष जैन ने विद्यार्थियों को वर्तमान में संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने युवाओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि किसी भी कार्य को करने में शुरूआत में कठिनाइयां अवश्य आती हैं, लेकिन जो व्यक्ति अपने लक्ष्य पर डटा रहता है, उसका मार्ग स्वतः प्रशस्त हो जाता है।

### साइबर सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

शिविर के दौरान विशेषज्ञों ने समसामयिक विषयों पर भी विद्यार्थियों को जागरूक किया। अधिवक्ता कुलदीप अरोड़ा ने बढ़ते साइबर क्राइम की विस्तार से जानकारी दी और डिजिटल दुनिया में सतर्क व सुरक्षित रहने के उपाय बताए। वहीं, दशहरा मैदान कन्या विद्यालय के मोहन सिंह ने पर्यावरण संरक्षण के तहत सर्पों के विभिन्न प्रकारों की जानकारी दी। उन्होंने भ्रांतियों को दूर करते हुए बताया कि सर्प प्रकृति के मित्र होते हैं, अतः हमें उन्हें मारने के बजाय उनकी रक्षा करनी चाहिए।

रक्तदान से लेकर नुक्कड़ नाटक तक, शिविर में हुईं विविध गतिविधियां इस विशेष शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने कई रचनात्मक और सामाजिक सरोकार की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जन-जागरण के लिए रैली निकाली गई और रक्तदान (ब्लड डोनेशन) किया गया। इसके साथ ही गांव के स्कूल और आंगनवाड़ी में सर्वेक्षण कार्य भी पूरा किया गया। सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए तथा देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों और समूह नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं।

कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. स्मृति जैन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शैलेश त्रिपाठी ने सात दिवसीय शिविर में विद्यार्थियों की सक्रिय और अनुशासित भागीदारी की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर लोकमान्य तिलक सांस्कृतिक न्यास के अध्यक्ष किशोर खंडेलवाल और कार्यपालन अधिकारी गिरीश भालेराव ने भी शिविर की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं प्रेषित कीं।

# सीएम हाउस में गूंजे मालवी लोकगीतः बाल कलाकार को मुख्यमंत्री ने दुलारा

### संस्कृति संचालनालय के 'होली मिलन समारोह' में उज्जैन के कलाकारों ने बांधा समां, साफा पहनाकर किया मुख्यमंत्री का स्वागत

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति संचालनालय द्वारा 4 मार्च 2026 को भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास पर 'होली मिलन समारोह' का आयोजन किया गया। सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित इस कार्यक्रम में उज्जैन के लोक गायक सुंदर लाल मालवीय और उनके दल ने मालवी लोकगायन की शानदार प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के दौरान उज्जैन के इन कलाकारों ने मुख्यमंत्री को साफा पहनाकर उनका स्वागत किया। प्रस्तुति के बीच एक आत्मीय क्षण तब देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री ने दल में शामिल बाल कलाकार (सुंदर लाल मालवीय के नाती) मास्टर विरंश चौहान को स्नेहपूर्वक गोद में उठा लिया। इस पूरे वाकये का वीडियो फेसबुक पर भी साझा किया गया है।

समारोह में दी गई मालवी लोकगायन की प्रस्तुति में सुंदर लाल मालवीय मुख्य गायक रहे। उनके साथ कबीर मालवीय, रागिनी चौहान, यशस्विनी निगम, मास्टर विरांश चौहान, प्रेमा मालवीय और विवेक चौहान ने सहगायन कर समां बांधा। वाद्ययंत्रों पर ब्रजेश अंजान ने तबला, मनोज शर्मा ने पैड, अमरीश ने कीबोर्ड और कमल शिवालिया ने ढोलक पर शानदार संगत की।

## खबर एक नजर...

### बैस राजपूत समाज की पारंपरिक गैर में दिखा अपनापन, शोकग्रस्त परिवारों के बीच पहुंचकर बांटा दुख-दर्द

**उज्जैन।** होली के पावन पर्व पर बैस राजपूत समाज द्वारा पारंपरिक गैर उत्साह और गरिमा के साथ निकाली गई। कुशलपुरा स्थित बैस राजपूत समाज धर्मशाला पर समाजजन एकत्रित हुए, जहां परस्पर गुलाल लगाकर एक-दूसरे को पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। आपसी स्नेह और सौहार्द का यह दृश्य अत्यंत आनंदमय रहा। इसके पश्चात समाजजन गैर के रूप में संगठित होकर शहर में स्थित शोकग्रस्त परिवारों के निवास पर पहुंचे। यहां रंग डालकर संवेदनाएं प्रकट की गई और दुख साझा किया गया। यह अनूठी परंपरा समाज की एकजुटता, संस्कार और परस्पर सहयोग की भावना को दर्शाती है। गैर समाज की धर्मशाला से प्रारंभ होकर बहादुरगंज, फायर ब्रिगेड, मोहननगर, चाणक्यपुरी स्थित समाज के गमी वाले परिवारों के घर पहुंची और रंग डालकर शोक निवारण किया। इसके पश्चात आयोजित बैठक में समाज हित में निर्णय लिए गए। यह जानकारी बैस राजपूत समाज की टीम के सदस्यों ने दी।

### हार्वेस्टर संचालकों की बैठक आयोजित

**उज्जैन।** रबी सीजन में गेहूं फसल की कटाई के बाद नरवाई ना जलाने के लिए उचित नरवाई प्रबंधन के लिए कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के निर्देशन में विकासखंड उज्जैन में एसडीएम सुश्री कृतिका भीमावत की अध्यक्षता में उज्जैन विकासखंड के अंतर्गत आने वाले सभी हार्वेस्टर संचालकों / ऑपरेटर की बैठक जनपद पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपस्थित हार्वेस्टर संचालकों को नरवाई प्रबंधन के लिए शासन की कार्य योजना से सभी को विस्तार से अवगत कराया गया।

# नागर ब्राह्मण समाज हाटकेश्वर धाम में आज मनाएगा फागोत्सव

### कुलदेवता भगवान हाटकेश्वर और संत नरसिंह मेहता की होगी पूजा; फाग गीत, नृत्य, कविताओं और फूलों की होली के साथ मनेगा पर्व

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मध्य प्रदेश नागर ब्राह्मण समाज शाखा उज्जैन द्वारा आज 7 मार्च, शनिवार को हाटकेश धाम में पारंपरिक फागोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर समाजजन अपने कुलदेवता भगवान हाटकेश्वर और संत नरसिंह मेहता का पूजन-अर्चन कर होली का पर्व उल्लास के साथ मनाएंगे। समाज के अध्यक्ष विजय शर्मा और नागर महिला मंडल की अध्यक्ष प्रतिमा नेहा मेहता ने बताया कि उत्सव में नागर महिला मंडल की सदस्यों द्वारा सामूहिक होली गीतों और नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान समाज के गायक कलाकार और कविगण भी अपनी सहभागिता करते हुए फाग गीत और कविताएं प्रस्तुत करेंगे। इस विशेष मौके पर पदाधिकारियों को विभिन्न उपाधियों से नवाजा भी जाएगा। आयोजन के अंत में सभी समाजजन एक-दूसरे के साथ फूलों की होली खेलेंगे, जिसके पश्चात स्वल्पाहार और ठंडाई की व्यवस्था रहेगी।

# गुमानदेव हनुमान मंदिर में चांदी की पिचकारी और टेसू के फूलों से होली खेलेंगे बाबा

### पिपलीनाका स्थित अति प्राचीन मंदिर में आज मनेगा रंगोत्सवः रात 8 बजे से शुरू होगा आयोजन, बंटेगी शाही ठंडाई

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



पिपलीनाका रोड स्थित अति प्राचीन बाबा गुमानदेव हनुमान गढ़ी में इस वर्ष भी रंगोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। शनिवार, 7 मार्च को रात 8 बजे से बाबा गुमानदेव हनुमान के दरबार में रंगों का उल्लास छाएगा।

मंदिर के गादीपति पंडित चंदन श्याम नारायण व्यास ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी रंगोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस आयोजन में भक्त शास्त्रोक्त रीति और मंत्रोच्चार के साथ बाबा गुमानदेव हनुमान को अबीर और गुलाल लगाकर उनके साथ होली खेलेंगे। मुख्य आकर्षण के रूप में, टेसू के फूलों द्वारा तैयार किया गया प्राकृतिक रंग चांदी की पिचकारी से बाबा को अर्पित किया जाएगा।

होली खेलने के पश्चात सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप शाही ठंडाई का वितरण किया जाएगा। इस दिव्य आयोजन के मुख्य आयोजक गादीपति पंडित चंदन श्याम नारायण व्यास, बाबा गुमानदेव हनुमान परिवार और 'द इंटरनेशनल हनुमान मिशन' हैं। आयोजन समिति ने नगर के सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से इस रंगोत्सव में शामिल होने की अपील की है।

# विक्रम विश्वविद्यालय में विज्ञान सप्ताह का भव्य आयोजनः नवाचार, तकनीक और अनुसंधान पर हुआ मंथन

### पीएम-उषा योजना के तहत कार्यशालाओं, संगोष्ठियों और शैक्षणिक भ्रमण का हुआ आयोजन; विद्यार्थियों ने सीखीं आधुनिक शोध प्रविधियां।

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की पीएम-उषा योजना के अंतर्गत फरवरी के अंतिम सप्ताह को विज्ञान सप्ताह के रूप में मनाया गया। कुलगुरु अर्पण भारद्वाज और कुलसचिव अनिल शर्मा के संरक्षण में आयोजित इस सप्ताह के विभिन्न कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को तकनीकी कौशल और आधुनिक शोध प्रविधियों से रूबरू कराया गया।

#### तकनीक और साइबर सुरक्षा पर जोर

विज्ञान सप्ताह का शुभारंभ 24 फरवरी को कंप्यूटर विज्ञान संस्थान में 'आईडिया टू पेटेंटः ए प्रैक्टिकल वर्कशॉप' के साथ हुआ, जिसका संयोजन संस्थान निदेशक कमल बुनकर ने किया। 26 फरवरी को इसी संस्थान में 'साइबर सुरक्षाः खतरे और शमन रणनीतियां' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई। 27 फरवरी को इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान परिसर में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के सहयोग से 'एआई एडॉप्शन ट्रेंड्स' पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुई। इसके मुख्य संयोजक इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान निदेशक एस. के. तिवारी और आईक्यूएसी निदेशक डी. डी. बेदिया रहे, जबकि कमल बुनकर ने सह-संयोजक की भूमिका निभाई।

#### विज्ञान और आयुर्वेद पर गहन चर्चा

वनस्पति शास्त्र अध्ययनशाला में 24 से 26 फरवरी तक 'पादप पहचान और उन्नत वर्गीकरण' पर तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसके मुख्य संयोजक विभागाध्यक्ष डी. एम. कुमावत थे। आयोजन समिति में जगदीश के. शर्मा, निहाल सिंह, मुकेश वानी, पराग दलाल और संतोष ठाकुर ने सह-संयोजक के रूप में योगदान दिया। वहीं 26 फरवरी को फामेसी संस्थान में 'आयुर्वेद और हर्बल दवाओं के सिद्धांत' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई, जिसका संयोजन डीन एवं विभागाध्यक्ष कमलेश दशोरा ने किया।

#### पुरातात्विक प्रविधि पर कार्यशाला

ऐतिहासिक शोध को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व अध्ययनशाला के सभागार में 24 और 25 फरवरी को 'पुरातात्विक प्रविधि' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला हुई। इसका संयोजन विष्णु श्रीधर वाकणकर पुरातत्व शोध संस्थान की निदेशक मनीषा शर्मा द्वारा किया गया।

#### विद्यार्थियों ने देखी इंडस-1 और इंडस-2 की कार्यप्रणाली

विज्ञान सप्ताह के तहत 28 फरवरी और 1 मार्च को रसायन, जैवरसायन और भौतिकी अध्ययनशाला के 40 छात्र-छात्राओं के दल ने इंदौर स्थित राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र का विशेष शैक्षणिक भ्रमण किया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम 'वुमन इन साइंसः कैटेलाइजिंग विकसित भारत' को सार्थक करते हुए इस दौरे का नेतृत्व उमा शर्मा और स्वाति दुबे के सौजन्य से दर्शना मेहता और मोनिका बैरागी ने किया। छात्रों ने वरिष्ठ वैज्ञानिक संजय राय के मार्गदर्शन में भारत के प्रमुख सिंक्रोट्रॉन विकिरण स्रोत इंडस-1 और इंडस-2 की जटिल कार्यप्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से समझा।

### श्री चित्रगुप्त धाम में 51 बटुकों के साथ हुई महाआरती, उल्लास से मनी भाई दूज

# बहनों ने भाइयों को तिलक लगा मांगी लंबी उम्र की प्रार्थना, भगवान चित्रगुप्त को अर्पित किया गुलाल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की द्वितीया यानी होली भाई दूज के अवसर पर भगवान चित्रगुप्त के प्राकट्य स्थल श्री चित्रगुप्त धाम अंकपात में महाआरती का भव्य आयोजन किया गया।

मीडिया प्रभारी मंगेश श्रीवास्तव ने बताया कि इस पावन अवसर पर 51 बटुकों के साथ भगवान चित्रगुप्त की महाआरती और महाप्रसाद का आयोजन किया गया। यह आयोजन श्री चित्रगुप्त धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष और अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय मंत्री अमित श्रीवास्तव के आतिथ्य में श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ।

महाआरती के दौरान मंदिर परिसर भगवान चित्रगुप्त के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। इस दौरान बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर भगवान चित्रगुप्त के आंगन में उनकी लंबी उम्र की कामना की। आरती के पश्चात सभी ने भगवान चित्रगुप्त को गुलाल और अबीर अर्पित किया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को भी रंग लगाकर भाई दूज की शुभकामनाएं दीं। आयोजन में मुख्य रूप से युधिष्ठिर कुलश्रेष्ठ, गणेश गौड़, ब्रजेश श्रीवास्तव, दिनेश कुमार श्रीवास्तव, चंद्रशेखर श्रीवास्तव, मंगेश श्रीवास्तव, नरेश श्रीवास्तव, मदन गोपाल श्रीवास्तव, पल्लवी श्रीवास्तव, पिंकी निगम, अनिता निगम, मोनिका श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, जितेंद्र श्रीवास्तव, सुनील कुलश्रेष्ठ, अजय निगम, गोपाल सक्सेना के साथ प्रियांश श्रीवास्तव और शिव श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

समिति द्वारा सभी भक्तों का स्वागत किया गया। अंत में सभी ने भगवान चित्रगुप्त से प्राणी मात्र के कल्याण और उज्जैन नगरी की खुशहाली की प्रार्थना की।

## खबर एक नजर...

### नाले में मवेशी गिरने की यह 10वीं घटना, मशक्कत के बाद किया सुरक्षित रेस्क्यू

**शाजापुर।** शहर के विजय नगर स्थित हनुमान मंदिर के पास नगर पालिका द्वारा बनाए गए खुले नाले में रात के समय एक गाय गिर गई। घटना की सूचना मिलते ही गौरक्षा सेना के सदस्यों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर गाय का सफल रेस्क्यू किया और उसकी जान बचाई। बार-बार हो रहे ऐसे हादसों के कारण स्थानीय लोगों में नगर पालिका के प्रति रोष व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार रात करीब 8.30 बजे गौरक्षा सेना को सूचना मिली थी कि विजय नगर क्षेत्र में हनुमान मंदिर के समीप स्थित नाले में एक गाय गिर गई है और बाहर निकलने के लिए संघर्ष कर रही है। सूचना मिलते ही गौरक्षा सेना की टीम तुरंत रस्सियों और आवश्यक संसाधनों के साथ घटनास्थल पर पहुंची। नाला गहरा होने के कारण गाय को निकालने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि, युवाओं ने हार नहीं मानी और रस्सियों की मदद से करीब 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गाय को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस सराहनीय रेस्क्यू अभियान में गौरक्षा सेना के हर्षित परमार, चिंटू परमार, चंद्रशेखर जाटव, गोलू गवली, कान्हा गवली सहित अन्य

# नवीन कॉलेज में साइबर जागरूकता शिविर, पुलिस ने छात्रों को दिए ऑनलाइन ठगी से बचने के टिप्स

## वर्तमान डिजिटल युग में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों के प्रति आगाह किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर

जिले में साइबर अपराधों पर लगाम कसने और आमजन व युवाओं को जागरूक करने के लिए, पुलिस अधीक्षक यशपालसिंह राजपूत के निर्देशन में लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार 06 मार्च को शहर के बालकृष्ण शर्मा नवीन कॉलेज में साइबर सेल द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए एक विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान साइबर सेल प्रभारी विकास तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वर्तमान डिजिटल युग में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों के प्रति आगाह किया। उन्होंने विस्तार से बताया कि आज के समय में ठग किस तरह से ऑनलाइन फ्रॉड, फेक कॉल, सोशल मीडिया हैकिंग, फर्जी लोन एप, फिशिंग लिंक और डिजिटल पेमेंट फ्रॉड जैसी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। साइबर सेल प्रभारी ने छात्रों को सचेत करते हुए कहा कि इनसे बचाव ही सबसे अच्छी सुरक्षा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी परिस्थिति में अनजान व्यक्ति के साथ अपनी बैंक संबंधी जानकारी, ओटीपी, पासवर्ड या आधार कार्ड से जुड़ी संवेदनशील जानकारी साझा न करें। साथ ही, लुभावने ऑफर्स वाले मैसेज या किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने से पूरी तरह बचें।



### ठगी होने पर तुरंत यहां करें शिकायत

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को यह भी बताया गया कि पूरी सावधानी बरतने के बाद भी यदि किसी के साथ साइबर धोखाधड़ी हो जाती है, तो घबराएं नहीं बल्कि तुरंत कदम उठाएं। ऐसी स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। इसके अलावा, भारत सरकार के आधिकारिक पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है, जिससे समय रहते पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर सके और ठगी गई रकम को होल्ड कराया जा सके।

### छात्रों ने पूछे 9सवाल पुलिस ने की अपील

जागरूकता सत्र के दौरान एक इंटरैक्टिव सेशन भी रखा गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने साइबर सुरक्षा से जुड़े अपने कई सवाल पूछे। साइबर सेल प्रभारी ने उदाहरणों के साथ उनके सभी सवालों का समाधान किया। इस दौरान कॉलेज का स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में शाजापुर पुलिस की ओर से आमजन से भी अपील की गई कि वे साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहें और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस थाने को दें।

# मां के साथ घर लौट रही युवती के गले से झपटी सोने की चेन, अज्ञात बदमाश फरार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर

शहर के लालाघाटी थाना क्षेत्र में चैन स्नेचिंग का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां गिरवर रोड पर पैदल अपनी मां के साथ घर लौट रही एक युवती के गले से एक अज्ञात बदमाश ने सोने की चेन झपट ली और पलक झपकते ही मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता लक्ष्मी अपनी मां के साथ कसेरा बाजार गई थी। वहां से दोनों पैदल-पैदल गिरवर स्थित अपने घर की ओर लौट रही थीं। इसी दौरान मंसूरी कॉलोनी के समीप एक अज्ञात युवक अचानक उनके पास पहुंचा और लक्ष्मी के गले पर झपट्टा मारकर करीब 2 से 3 ग्राम वजनी सोने की चेन तोड़ ली। जब तक पीड़िता और उसकी मां कुछ समझ पातीं या शोर मचातीं, आरोपी तेजी से मौके से भाग निकला। घटना के बाद घबराए परिजनों ने शाम करीब 7.30 बजे पुलिस को वारदात की सूचना दी। पुलिस के अनुसार, फिलहाल परिजनों की ओर से थाने में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है, शिकायत मिलने पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### एक दिवसीय अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन 11 मार्च को होगा

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश शासन के युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र व शासकीय आई.टी.आई संस्थान के तत्वावधान में 11 मार्च को प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मक्सी रोड ब्रिज के नीचे उज्जैन में एक दिवसीय युवा संगम मेला, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा।

# शहर की अनमोल धरोहर हो रही जर्जर, किले की मरम्मत की उठी मांग

### भाजपा पार्षद ने सीएमओ को पत्र लिखकर किया ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण का आग्रह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर

शहर के मध्य स्थित लगभग 400 साल पुराना शाहजहांकालीन ऐतिहासिक किला आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। प्रशासन और पुरातत्व विभाग की अनदेखी के चलते शाजापुर के गौरवशाली इतिहास को दर्शाने वाली यह अनमोल धरोहर धीरे-धीरे जर्जर हो रही है। समय के साथ टूटती दीवारें और उखड़ता प्लास्टर इसके अस्तित्व पर सवाल खड़े कर रहे हैं। किले की इस दुर्दशा को देखते हुए अब स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी इसके संरक्षण के लिए आवाज उठानी शुरू कर दी है।

400 वर्षों का है स्वर्णिम इतिहास

जानकारी के अनुसार उक्त भव्य किले का



निर्माण 1640 ईस्वी में मुगल शासक शाहजहां ने करवाया था। सुरक्षा की दृष्टि से इसके समीप से निकलने वाली चीलर नदी (प्राचीन नाम चित्रलेखा) का प्रवाह भी मोड़कर किले के पास से निकाला गया था। वर्ष 1904 में जब शाजापुर को जिले की मान्यता मिली, तो वर्षों तक जिला कलेक्ट्रेट, न्यायालय और अन्य महत्वपूर्ण शासकीय विभाग इसी किले से संचालित होते रहे। लगभग 30 वर्ष पूर्व शासकीय कार्यालय नवीन भवनों में स्थानांतरित हो गए, जिससे यहां लोगों की चहल-पहल कम हो गई। हालांकि, वर्तमान में भी इस परिसर में महाविद्यालय, शासकीय स्कूल तथा कुछ अन्य विभाग संचालित हो रहे हैं।

### भाजपा वार्ड पार्षद ने उठाई मरम्मत की मांग

यह प्राचीन किला शाजापुर नगरपालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 22 में स्थित है। ऐतिहासिक धरोहर की जर्जर हालत को देखते हुए वार्ड की भाजपा पार्षद लक्ष्मी अजय सिंह चंदेल ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) भूपेंद्र कुमार दीक्षित को एक पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने इस प्राचीन धरोहर को ढहने से बचाने के लिए तत्काल प्रभाव से इसकी मरम्मत और पुताई कराने का लिखित आवेदन दिया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यह धरोहर शहर की सांस्कृतिक पहचान है, और इसका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है।

### चिंताजनक है किले की वर्तमान स्थिति

जनप्रतिनिधि अजय चंदेल का कहना है कि किले का मुख्य द्वार अत्यंत खस्ताहाल हो चुका है, जिससे किसी भी समय दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। पुरातत्व विभाग और स्थानीय प्रशासन की अनदेखी के कारण दीवारें क्षतिग्रस्त हो रही हैं। कुछ समय पूर्व हुई भारी बारिश के कारण किले की एक बड़ी दीवार भरभराकर नदी में गिर गई थी। ऐतिहासिक महत्व के बावजूद सही रखरखाव न होने से इमारत की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। सर्दी और बरसात की मार झेल रहे इस किले को आज एक संजीवनी की आवश्यकता है। शहरवासियों का भी मानना है कि यदि इस प्राचीन धरोहर को सहेजने और संवारने पर जल्द ध्यान दिया गया, तो यह आने वाले लंबे समय तक शाजापुर का गौरव बढ़ाती रहेगी, अन्यथा यह केवल इतिहास के पन्नों तक ही सिमट कर रह जाएगी।

# थल सेना अध्यक्ष ने उज्जैन के पूर्व सैनिक मुकेश कुमार मोयल को किया सम्मानित

### महू के आर्मी वार कॉलेज में आयोजित हुआ भव्य सैन्य समारोह; पूर्व सैनिकों और वीर नारियों की समस्याओं के समाधान के उत्कृष्ट कार्यों के लिए मिला प्रशस्ति पत्र

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भारतीय थल सेना से सेवानिवृत्त उज्जैन के मुकेश कुमार मोयल को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सम्मानित किया है। महू छावनी स्थित आर्मी वार कॉलेज के सभागृह में आयोजित भव्य सैन्य समारोह में उन्हें पूर्व सैनिक सम्मान (वेटर्न अचीवर अवार्ड) से नवाजा गया। समारोह में



कुल तीन पूर्व सैनिकों को उनके विशिष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किए गए।

उज्जैन संभाग पूर्व सैनिक कल्याण संगठन के उपाध्यक्ष मुकेश कुमार मोयल भारतीय थल सेना की ईएमई कोर में एसीपी हवलदार के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्हें यह सम्मान पूर्व सैनिक संगठन एवं सैनिक सुविधा केंद्र के माध्यम से किए जा रहे कल्याणकारी कार्यों के

# चैत्र नवरात्रि पर मां राज-राजेश्वरी मंदिर में 19 मार्च से सजेगा मेला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर

जिले की आस्था का केंद्र कहे जाने वाले मां राज-राजेश्वरी मंदिर परिसर में चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर मेले का आयोजन किया जाएगा। आगामी 19 मार्च से शुरू होने वाला यह पंद्रह दिवसीय मेला श्रद्धालुओं और शहरवासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। मेले को लेकर प्रशासन और समिति ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मेले की सुगबुगाहट शुरू होते ही मंदिर परिसर के पास खाली मैदान में हलचल बढ़ गई है। बाहरी राज्यों और अन्य जिलों से झूला संचालक शाजापुर पहुंचने लगे हैं। मेले में बच्चों के लिए मिकी माउस, छोटे झूले से लेकर बड़ों के लिए बड़े जाइंट व्हील (आकाश झूले), ब्रेक डांस और नाव वाले झूले लगाए जा रहे हैं। 19 मार्च से शुरू होकर यह मेला अगले 15 दिनों तक चलेगा। नवरात्रि के दौरान उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर और



मेला क्षेत्र में पुलिस बल की तैनाती रहेगी। चैत्र नवरात्रि के दौरान मां राज-राजेश्वरी के दर्शन के लिए जिले भर से हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। मेले के आयोजन से जहां स्थानीय व्यापार को गति मिलती है, वहीं बच्चों और परिवारों के लिए यह मनोरंजन का बड़ा साधन बनता है। झूला संचालकों का कहना है कि 19 मार्च तक सभी बड़े झूले पूरी तरह स्थापित कर लिए जाएंगे।

## खबर एक नज़र...

### प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती - कलेक्टर श्रीमती माथुर

**आलीराजपुर।** जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में समारोह कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम, आलीराजपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर तथा जिला पंचायत सीईओ श्रीमती संघमित्रा गौतम ने चयनित विद्यार्थियों को समग्र शिक्षा केंद्र आलीराजपुर के माध्यम से प्रशस्ति पत्र और स्कूल बैग किट प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिले के कुल 23 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर अपने विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने कहा कि जनजातीय जिले के शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों का इस प्रतियोगिता में चयनित होना गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उन्हें आगे भी मेहनत कर नई ऊंचाइयां हासिल करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से बच्चों को निरंतर प्रोत्साहित करते रहने की अपेक्षा की है।

### माहेश्वरी समाज टाण्डा द्वारा फाग महोत्सव का आयोजन किया

**टाण्डा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी माहेश्वरी समाज टाण्डा द्वारा फाग महोत्सव का आयोजन किया। जिसमे समाज बन्धुओ ने ठाकुर जी का डोल निकाला एवं समाज बन्धुओ का सहभोज का आयोजन किया तथा जिला कोषाध्यक्ष निर्वाचित होने पर श्री मति प्रिती जी लड्ढ(माहेश्वरी) का एवं हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डृ परिक्षाओ में उच्च अंको से उत्तीर्ण करने पर रागिनी लड्ढ ,राधीका लड्ढ, आस्था लड्ढ, तथा श्री मति विनय लता लड्ढा का माहेश्वरी महिला मण्डल द्वारा सम्मानित किया गया। इस उपलक्ष्य पर माहेश्वरी समाज द्वारा निजी धर्मशाला बनाने का निर्णय किया गया। जिसमें समाज के सभी बन्धुओ ने बढ चडकर अपनी राशि की घोषणा की। उक्त जानकारी माहेश्वरी समाज अध्यक्ष श्री अजय माहेश्वरी ने दी।

### बुरहानपुर उर्वरक दुकानों पर कृषि विभाग का छापा

**बुरहानपुर।** कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देश पर कृषि विभाग ने गुरुवार को ग्राम दर्यापुर में उर्वरक और माइक्रोन्यूट्रिएंट विक्रेताओं की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। जांच में कई दुकानों में नियमों की अनदेखी और रिकॉर्ड में गड़बड़ियां सामने आईं। कई दुकानों में स्टॉक पंजी का सही तरीके से संधारण नहीं किया जा रहा था। स्टॉक रजिस्टर में दर्ज मात्रा और वास्तविक स्टॉक में अंतर पाया गया। कई दुकानदारों द्वारा कंपनी से मिलने वाले उर्वरकों की मासिक विक्रय रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई। कुछ दुकानों पर स्टॉक बोर्ड भी प्रदर्शित नहीं किया गया था। संबंधित विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं।सतपुड़ा कृषि सेवा केन्द्र का लाइसेंस निलंबन की प्रक्रिया शुरू की गई है। अन्य दुकानदारों को निर्धारित समय में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### महेश्वर विधायक राजकुमार मेंव ने किए लाखों के भूमि पूजन

**महेश्वर।** विधायक राजकुमार मैव ने नगर के विभिन्न समाज व मंदिरों में जीर्णोद्धार के भूमि पूजन कीए सर्वप्रथम मल्हारगंज मोहल्ले में राधा कृष्ण मंदिर में 5 लाख की राशि का भूमिपूजन किया जिसमें समस्त मोहल्ला वासियों ने विधायक मेव का स्वागत कर तुलादान किया उसके बाद वल्लभ विहार कॉलोनी में सभी कॉलोनी वासियों के साथ मांगलिक भवन का 5 लाख का भूमि पूजन किया। तत्पश्चात पाटीदार समाज महेश्वर में जाकर समाजजनों की उपस्थिति में 5 लाख का भूमि पूजन किया इसी तरह राजपूत समाज में 5 लाख, जंबू ब्राह्मण समाज में 5 लाख रूपए का भूमि पूजन किया।

# कलेक्टर ने जिले में जल संरचनाओं एवं पेयजल योजनाओं की समीक्षा की

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर**



कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले में पेयजल की उपलब्धता, नलजल योजना, जल जीवन मिशन एवं जल संरचनाओं के निर्माण की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती संघमित्रा गौतम, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्री एस.आर.मेडा, महा प्रबंधक मध्य प्रदेश जल निगम श्री कुलदीप सिंह, नगर पालिका एवं नगर परिषदों के सीएमओ सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने मध्य प्रदेश जल निगम मर्यादित परियोजना क्रियान्वयन इकाई द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। जल निगम महाप्रबंधक ने बताया कि जिले के कुल 539 ग्रामों की 774109 जनसंख्या को शुद्ध पेयजल प्रदाय करने हेतु आलीराजपुर ग्रामीण समूह जल योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिले में निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और इंटैक वेल के कार्यों की प्रगति लक्ष्य के अनुरूप नहीं पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई तथा समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने महाप्रबंधक जल निगम को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए तथा निर्माण एजेंसियों से सख्ती के साथ कार्य कराया जाए।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती माथुर द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिले में किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान कार्यपालन यंत्री ने बताया कि जिले में पेयजल व्यवस्था के लिए विभाग द्वारा 16,842 हैंडपंप स्थापित किए गए हैं, जिनमें से 16,583 वर्तमान में चालू स्थिति में हैं और ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध करा रहे हैं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में 158 नलजल योजनाओं में से 120 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, जबकि 38 योजनाएं प्रगति पर हैं। प्रगतिरत योजनाओं में 85 से 99 प्रतिशत तक कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं 104 योजनाएं ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित की जा चुकी हैं।

कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने जिला शहरी विकास अभिकरण के अंतर्गत शहरों में पेयजल की स्थिति की भी समीक्षा की और सभी नगर पालिका तथा नगर परिषद के सीएमओ को निर्देश दिए कि ग्रीष्मकाल में शहरों में पेयजल की आपूर्ति निरंतर बनी रहे और किसी भी प्रकार का पेयजल संकट उत्पन्न न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेयजल से संबंधित शिकायतों का स्वतः संज्ञान लेकर त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पेयजल समस्याओं के समाधान के लिए सभी जनपद पंचायत स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित करने तथा उसकी प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई हैंडपंप खराब हो जाए तो उसे तत्काल ठीक कराया जाए और पेयजल के वैकल्पिक संसाधनों की भी व्यवस्था रखी जाए, ताकि किसी भी क्षेत्र में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न होने पर तुरंत समाधान किया जा सके।

### ऑनलाईन टेण्डर आवेदन आमंत्रित

**बड़वानी ।** जिले के ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के प्रथम चरण वैच-3 में 4 कम्पोजिट मदिरा दुकान समूहों का (17) कम्पोजिट मदिरा दुकानों) निष्पादन हेतु ई-टेण्डर पत्र आमंत्रित किये जा रहे है। ई-टेण्डर आवेदन पत्र एमपी टेंण्डर पोर्टल पर दिनांक 6 मार्च 2026 को प्रातः 10 बजे से दिनांक 7 मार्च 2026 दोपहर 2 बजे तक ऑनलाईन डाउनलोड एवं सबमिट किए जा सकते है।

## चिंचाला श्मशान घाट का होगा सुनियोजित विकास

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर**

विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस (दीदी) ने कहा कि श्मशान जीवन का सबसे बड़ा सत्य है। मनुष्य का शरीर क्षणभंगुर है और अंततः हर किसी को माँ भारत की मिट्टी में विलीन होना होता है। श्मशान वह स्थान है जहाँ अमीर-गरीब, ऊँच-नीच और भेदभाव की सभी सीमाएँ समाप्त हो जाती हैं।श्रीमती चिटनिस ने लालबाग क्षेत्र स्थित चिंचाला श्मशान घाट के विकास और व्यवस्थाओं को लेकर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, नगर निगम अधिकारियों तथा स्थानीय नागरिकों के साथ श्मशान परिसर का निरीक्षण कर आवश्यक विकास कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ने बताया कि चिंचाला श्मशान घाट के विकास के लिए विधायक विशेष निधि से स्वीकृत लगभग 50 लाख रुपये के विभिन्न निर्माण कार्यों के वर्क ऑर्डर जारी कर दिए गए हैं और शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त 12 लाख 50 हजार रुपये की लागत से शेड निर्माण के कार्य हेतु वर्क ऑर्डर जारी कर दिए गए हैं।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने बताया कि विकास कार्यों को सुचारू रूप से आगे बढ़ाने के लिए श्मशान परिसर में विद्युत पोल एवं विद्युत लाइन शिफ्टिंग का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है, जिससे आगामी निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी।

श्रीमती चिटनिस ने बताया कि चिंचाला श्मशान के पीछे लगभग 4.5 हेक्टेयर क्षेत्र में नगर वन विकसित करने की योजना को स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इस नगर वन को समाज की भागीदारी से विकसित किया जाएगा।

### रंग पंचमी पर निकलेगी भव्य केशव फाग यात्रा

**बड़वानी।** रंग पंचमी के पावन पर्व पर हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में रंगो से भरपूर केशव फाग यात्रा एवं विशाल गैर यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह गैर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए श्रद्धा, उल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ निकलेगी। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष बालकृष्ण गुप्ता, उपाध्यक्ष नारायण लछेटा एवं कोषाध्यक्ष संजय चौहान (बंटी) के मार्गदर्शन में आयोजन को सफल बनाने हेतु एक वृहद बैठक आयोजित की गई।

## सोशल मीडिया पर तस्वीरें वायरल करने की धमकी देकर नाबालिग से ब्लैकमेलिंग

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर**

शहर में सोशल मीडिया पर तस्वीरें वायरल करने की धमकी देकर एक नाबालिग को ब्लैकमेल करने और अवैध वसूली करने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोपी ने बदनामी का डर दिखाकर पीड़िता के परिवार से पहले दो हजार रुपये ऐंठ लिए और फिर इंस्टाग्राम पर फोटो डालने की धमकी देते हुए पांच हजार रुपये की और मांग करने लगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किराने की दुकान पर गई थी किशोरी, पड़ोस में रहता था आरोपी

कोतवाली पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पूरी घटना की शुरूआत पिछले साल 19 अगस्त 2025 को हुई थी। शाजापुर निवासी एक नाबालिग लड़की अपने घर के पास स्थित किराना दुकान पर घरेलू सामान लेने गई थी। उसी दौरान पड़ोस में किराए के मकान में रहने वाले



युवक हिमांशु चौहान ने उसे सामान्य बातचीत के बहाने अपने घर बुलाया और धोखे से उसके साथ कुछ तस्वीरें खींच लीं। घटना के कुछ समय बाद ही आरोपी हिमांशु अपनी मां के साथ ग्वालियर के हजीरा क्षेत्र में जाकर रहने लगा।

### व्हाट्सएप पर दी धमकी, फोनपे से वसूले पैसे

आरोप है कि 4 मार्च 2026 को आरोपी हिमांशु ने ग्वालियर से पीड़िता के भाई के मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप के जरिए संपर्क किया। उसने उन पुरानी तस्वीरों को वायरल करने की धमकी दी और ब्लैकमेल करते हुए पैसों की मांग की। समाज में बदनामी के डर से घबराए भाई ने आरोपी के खाते में फोनपे के माध्यम से 2 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए।

### पैसे मिलने पर बढ़ा लालच, फिर की 5 हजार की मांग

दो हजार रुपये मिलने के बाद आरोपी का लालच और बढ़ गया। उसने फिर से संपर्क किया और धमकी दी कि यदि उसे 5 हजार रुपये और नहीं दिए गए, तो वह सभी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर देगा। लगातार मिल रही धमकियों और बढ़ती मांग से परेशान होकर आखिरकार परिजनों ने पुलिस की शरण ली। शाजापुर कोतवाली पुलिस ने परिजनों की शिकायत और प्रस्तुत किए गए आवेदन के आधार पर आरोपी हिमांशु चौहान के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 308(2) के तहत ब्लैकमेलिंग और अवैध वसूली का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है और आरोपी की जल्द गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार उमंग यादव पिता श्री दिलीप यादव उम्र 25 वर्ष व्यवसाय व्यापार निवासी 174/1 निकास चौराहा, उज्जैन ने भूमि स्वामि कैलाश चौधरी पिता श्री रामसिंह चौधरी उम्र 68 वर्ष व्यवसाय कृषि निवासी ग्राम नानाखेडी तहसील घटिटया जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 68/1/2/1 रकबा 0.20 हेक्टर व सर्वे नंबर 278/370/1 रकबा 0.05 हेक्टर कुल कीता 2 कुल रकबा 0.25 हेक्टर लगानी बरूए रेट स्थित ग्राम नानाखेडी तहसील घटिटया जिला उज्जैन में स्थित है को मय जमीन तला व हवाई हक सहित क्रय करने का लिखित अनुबंध किया हैं और अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष विक्रय धनराशि अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना हैं।

इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा दशा में आपत्ति की निर्धारित अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूमि के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगीं व किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांकः 06-03-2026 उज्जैन

**आशीष भदौरिया एडव्होकेट**
**उज्जैन कार्यालय 2, द्रविड मार्ग, कुशलपुरा, उज्जैन, 99812-60727**

# बेटी के साथ दुबई में फंसी लारा दत्ता हुईं इमोशनल



## नंगे पैर तिरुमला मंदिर पहुंचीं जाह्नवी कपूर

### 3550 सीढ़ियां चढ़कर मनाया जन्मदिन भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन किए

बॉलीवुड की लोकप्रिय अभिनेत्री जान्हवी कपूर का हर साल की तरह इस बार का जन्मदिन भी बेहद खास और आध्यात्मिक रहा। अपने जन्मदिन के मौके पर उन्होंने आंध्र प्रदेश के प्रसिद्ध तिरुमला मंदिर में दर्शन किए। खास बात यह रही कि उन्होंने मंदिर तक पहुंचने के लिए करीब 3,550 सीढ़ियां नंगे पैर चढ़ीं।

अभिनेत्री ने अपनी आस्था और श्रद्धा व्यक्त करने के लिए यह कठिन यात्रा पैदल पूरी की। तिरुमला की पहाड़ियों पर स्थित भगवान वेंकटेश्वर के इस प्रसिद्ध मंदिर तक पहुंचने के लिए श्रद्धालु अक्सर पैदल मार्ग चुनते हैं, जिसमें हजारों सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। जान्हवी कपूर ने भी इसी पारंपरिक रास्ते को चुना और पूरे रास्ते नंगे पैर चढ़कर अपनी भक्ति का परिचय दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जान्हवी कपूर ने यह यात्रा तड़के सुबह शुरू की थी। कई श्रद्धालुओं ने उन्हें रास्ते में देखा और उनकी सादगी की भी काफी तारीफ की। बिना किसी विशेष दिखावे के, साधारण कपड़ों में जन्हवी भगवान के दर्शन के लिए पहुंचीं। मंदिर पहुंचकर उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना की और भगवान वेंकटेश्वर का आशीर्वाद लिया। जन्मदिन को इस तरह आध्यात्मिक अंदाज में मनाने की उनकी यह पहल सोशल मीडिया पर भी काफी चर्चा में है। फैंस उनकी इस भक्ति और सादगी की जमकर सराहना कर रहे हैं। कई लोगों का कहना है कि ग्लैमर की दुनिया में रहते हुए भी जन्हवी अपनी संस्कृति और धार्मिक आस्था से जुड़ी हुई हैं। जान्हवी कपूर अक्सर अपने परिवार की धार्मिक परंपराओं का पालन करती नजर आती हैं। खास मौकों पर मंदिरों में जाकर पूजा करना उनके लिए एक खास अनुभव होता है।

**शूटिंग के दौरान धमाके सुने, फाइटर जेट देखे; कहा- पिछले कुछ दिन काफी तनाव भरे रहे**





अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच एक्ट्रेस लारा दत्ता दुबई से अपना अनुभव शेयर करते हुए इमोशनल हो गईं। उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में वहां का माहौल थोड़ा तनाव भरा रहा है। एक्ट्रेस इस समय अपनी बेटी सायरा के साथ दुबई में हैं। लारा ने कहा कि वह दुबई एक ब्रांड से जुड़े काम के लिए गई थीं। यह एक सामान्य वर्क ट्रिप थी, लेकिन हालात अचानक बदल गए। संघर्ष बढ़ने के बाद वहां का माहौल अलग हो गया। उन्होंने एक वीडियो में बताया कि वह 28 तारीख को दुबई के एक स्टूडियो में शूट कर रही थीं। उसी दौरान उन्हें ऊपर से तेज धमाकों की आवाज सुनाई दी।

लारा ने कहा, हम इस इजराइल-ईरान युद्ध की शुरूआत से ही दुबई में हैं। यूएई का दुबई पिछले तीन साल से मेरा घर जैसा है। मैं यहां काफी समय बिताती हूं। 28 तारीख को मैं दुबई के एक स्टूडियो में शूट कर रही थी। उन्होंने आगे बताया कि अचानक ऊपर से धमाकों की आवाजें आने लगीं। इसके बाद टीम के लोग स्टूडियो से बाहर निकल गए।

**लारा ने कई फाइटर जेट उड़ते देखे-** एक्ट्रेस ने कहा, हमने ऊपर से धमाके सुने। हम स्टूडियो से बाहर भागे। वहां हमने देखा कि आसमान में मिसाइलों को बीच में ही रोका जा रहा था। पिछले कुछ दिन काफी तनाव वाले रहे हैं। मेरी बेटी मेरे साथ है। महेश काम के सिलसिले में बाहर थे, वह दुबई में नहीं थे। लारा ने यह भी बताया कि उन्होंने आसमान में कई फाइटर जेट उड़ते हुए देखे। साथ ही तेज आवाज वाले धमाके भी सुनाई दिए। उन्होंने कहा, हम थोड़ा नर्वस हैं और यह सब थोड़ा डराने वाला है। ऊपर कई फाइटर जेट उड़ते दिखे। कई तेज धमाकों की आवाजें सुनाई दीं। हम एक सुरक्षित इलाके में विला में रहते हैं, लेकिन धमाकों के समय खिड़कियां हिलने लगती हैं और दरवाजे भी हिलते हैं। यह स्थिति परेशान करने वाली होती है। हालांकि मुझे एक बार भी असुरक्षित महसूस नहीं हुआ।



**यूएई सरकार सभी लोगों का ध्यान रख रही: लारा-** लारा ने यूएई सरकार की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि वहां की सरकार लोगों की सुरक्षा के लिए पूरी कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, यूएई सरकार ने बहुत अच्छा काम किया है। हर व्यक्ति को यहां सुरक्षित महसूस कराने की कोशिश की जा रही है। चाहे कोई भी किसी भी देश से हो, सभी का ध्यान रखा जा रहा है।

एक्ट्रेस ने आगे कहा कि वहां रहने वाले लोगों को महसूस कराया जाता है कि उनकी अहमियत है। उन्होंने कहा, यहां रहने वाले लोगों को लगता है कि उनकी परवाह की जाती है। सरकार पूरी कोशिश कर रही है कि सभी सुरक्षित रहें। मैं यह देखकर हैरान हूं कि यहां सामान्य लोग भी रोज अपना काम कर रहे हैं। मेरा माली भी रोज आकर लॉन की घास काटता है और पौधों को पानी देता है।

**लारा दत्ता इमोशनल हुईं-** वीडियो के अंत में लारा इमोशनल हो गईं। उन्होंने कहा कि वह जल्द ही मुंबई लौटना चाहती हैं। उन्होंने बताया, हम फ्लाइट देख रहे हैं। ज्यादा फ्लाइट नहीं हैं, लेकिन कुछ फ्लाइट मिल रही हैं। एतिहाद और एमिरेट्स की फ्लाइट्स देख रहे हैं। हम कोशिश कर रहे हैं कि किसी तरह मुंबई लौट जाएं। बच्चों को इन हालात से ज्यादा डर लग रहा है। बड़े लोग खुद को संभाल लेते हैं, लेकिन बच्चों को समझाना पड़ता है।



## अमिताभ बच्चन ने अयोध्या में तीसरी प्रॉपर्टी खरीदी

**35 करोड़ में 2.67 एकड़ जमीन की डील हुई अयोध्या में 90 करोड़ का निवेश कर चुके**

बॉलीवुड एक्टर अमिताभ बच्चन ने राम मंदिर की जन्मभूमि अयोध्या में एक और बड़ी प्रॉपर्टी खरीदी है। उन्होंने 'हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा' से 2.67 एकड़ जमीन खरीदी है। इस सौदे की कीमत 35 करोड़ रुपए है। कंपनी ने 6 मार्च को इस निवेश की आधिकारिक जानकारी दी है। अयोध्या में अमिताभ बच्चन का यह तीसरा बड़ा निवेश है। यह जमीन 75 एकड़ की 'द सरयू' परियोजना के पास स्थित है। अमिताभ की कंपनी 'अइ उङ्ग१स्त्र छ३ा' के मैनेजिंग डायरेक्टर राजेश यादव ने इस पूरी डील को फाइनल किया है। अभिनंदन लोढ़ा ग्रुप के साथ अमिताभ बच्चन का यह कुल चौथा रियल एस्टेट प्रोजेक्ट है। अमिताभ बच्चन अयोध्या में लगातार निवेश कर रहे हैं। इससे पहले मई 2025 में उन्होंने 'द सरयू' के पास ही 40 करोड़ रुपए में 25,000 वर्ग फुट का एक प्लॉट खरीदा था। वहीं, साल 2024 में उन्होंने इसी प्रोजेक्ट में 14.5 करोड़ रुपए में 10,000 वर्ग फुट का प्लॉट लिया था। मंदिर नगर में अब तक वे जमीन पर करीब 90 करोड़ रुपए खर्च कर चुके हैं।

**विरासत के रूप में देख रहे हैं जमीन-** इस निवेश पर 'हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा' के चेयरमैन अभिनंदन लोढ़ा ने कहा, अमिताभ बच्चन का निवेश जमीन को एक ऐसी संपत्ति के रूप में देखने के हमारे भरोसे को दिखाता है, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी वैल्यू बनाए रखती है। अयोध्या में आस्था और विरासत का मेल है। बुनियादी ढांचे के विकास के कारण यह शहर निवेश के लिए एक आकर्षक डेस्टिनेशन बनकर उभरा है।

**अलीबाग में 10 करोड़ रुपए का निवेश कर चुके-** अयोध्या के अलावा बिग बी ने अलीबाग की 'सोल दे अलीबाग' परियोजना में भी 10 करोड़ रुपए निवेश किए हैं। वहां उन्होंने 10,000 वर्ग फुट की जमीन खरीदी है। अलीबाग के इसी प्रोजेक्ट में बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन और कार्तिक आर्यन ने भी अपने प्लॉट खरीदे हैं।

**5 साल में 4.5 गुना बढ़ी कीमतें-** अयोध्या में जमीन की कीमतों में पिछले 5 साल में बड़ा उछाल आया है। इंटरनेशनल एयरपोर्ट, बेहतर सड़क कनेक्टिविटी और राम मंदिर निर्माण के बाद सरयू नदी के तट और राम मंदिर कॉरिडोर के आसपास जमीन के रेट साल 2020 से 2025 के बीच 4.5 गुना से ज्यादा बढ़ चुके हैं।

### एकता कपूर से मिलीं बिग बॉस 19 फेम तान्या मित्तल

## इंस्टाग्राम पर शेयर की वीडियो, बोलीं- मैं हीरोइन बन जाऊंगी?

बिग बॉस 19 में नजर आ चुकीं तान्या मित्तल ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उनके साथ एकता कपूर दिखाई दे रही हैं। इस वीडियो में तान्या ने एकता के साथ काम करने का अपना अनुभव शेयर किया, वहीं एकता ने भी तान्या की तारीफ की। इस दौरान तान्या, एकता के लिए बकलावा और कई गिफ्ट्स भी लेकर पहुंचीं।

तान्या मित्तल ने यह वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। वीडियो में वह कहती नजर आ रही हैं, किसी ने मुझसे कहा था कि सपने सच नहीं होते, लेकिन मैं आज किसके साथ खड़ी हूं? मैम, आपको मुझसे मिलकर कैसा लगा? इस पर एकता कपूर जवाब देती हैं, मुझे ऐसा लगा कि तान्या मैंने तो आपको शो के अंदर ही रोल ऑफर कर दिया था। आपको यहां तक आने में थोड़ा वक्त लगा।

इसके बाद तान्या पूछती हैं, तो आप मुझे काम दे रहे हो? एकता कहती हैं, मैं आपको अभी कह रही हूं कि मेरे पास आपके लिए लिखित में ऑफर है। मैं आपके साथ काम करने का इंतजार कर रही हूं।







तान्या आगे पूछती हैं, मैं हीरोइन बन जाऊंगी ना? इस पर एकता कहती हैं, हां, बिल्कुल। और मैं आपके साथ ईमानदारी से कहना चाहती हूं कि आप जो मेरे लिए इतने गिफ्ट्स लेकर आईं, उसके लिए धन्यवाद। आपकी बहुत प्यारी फैमिली है। मैं उम्मीद करती हूं कि यह एक लंबा और पारिवारिक जुड़ाव होगा। इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए तान्या ने कैप्शन में लिखा, डियर एकता मैम/दी, सपने सच होते हैं आज आपने यह साबित कर दिया। आपसे मिलकर यकीन हो गया कि भगवान सच में कुछ लोगों पर अपनी विशेष कृपा रखते हैं और वे अलग ही चमकते हैं। आप सिर्फ एक नाम नहीं, एक इमोशन हैं। आपने जो दुनिया बनाई है, वह सिर्फ शो और किरदारों तक सीमित नहीं है, बल्कि हर उस इंसान के दिल में बसती है जिसने आपकी कहानियों में अपनी कहानी देखी है। एकता कपूर सिर्फ इंडस्ट्री की क्वीन नहीं, बल्कि सपनों को हकीकत में बदलने वाली शक्ति हैं।

बता दें कि तान्या मित्तल जब बिग बॉस 19 में थीं, तभी एकता कपूर ने उन्हें अपने एक शो का ऑफर दिया था।

### भारत-न्यूजीलैंड जहां साउथ अफ्रीका से हारे, वहीं वर्ल्डकप फाइनल खेलेंगे: इकोनॉमी, रन-रेट में दोनों बराबर

# पावरप्ले में कीवी, मिडिल ओवर्स में इंडिया आगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

टी-20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी को 20 टीमों के बीच शुरू हुआ। 5 मार्च तक 2 फाइनलिस्ट टीमें मिल गईं, जिनके बीच 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। न्यूजीलैंड ने कोलकाता और भारत ने मुंबई में सेमीफाइनल जीता।

दोनों ही टीमें अहमदाबाद में 1-1 मैच साउथ अफ्रीका से हार चुकी हैं, अब इसी मैदान पर टाइटल की दावेदारी पेश करेंगी। भारत 2007 और 2024 में चैंपियन बन चुका है, वहीं कीवी टीम 2021 के बाद अब फाइनल में पहुंची है।

**भारत को इकलौती हार सुपर-8 स्टेज में मिली-** मेजबान भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप की शुरूआत अमेरिका के खिलाफ मैच से की। पावरप्ले में 4 विकेट गंवाने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 84 रन बनाए और टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। टीम ने फिर नामीबिया, पाकिस्तान और नीदरलैंड के खिलाफ आसान मुकाबले जीते। सुपर-8 स्टेज में होम टीम का पहला मैच साउथ अफ्रीका से अहमदाबाद में हुआ। पावरप्ले में विकेट गिरने के बावजूद प्रोटियाज टीम ने 187 रन बना दिए। भारत 111 ही बना सका। इस हार के बाद भारत ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 256 रन बनाकर कमबैक किया। टीम ने फिर वेस्टइंडीज के खिलाफ 197 रन चेज कर सेमीफाइनल में जगह बना ली। इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में भारत ने 253 रन बना दिए, लेकिन ये स्कोर भी जीत के लिए काफी नहीं लग रहा था। इंग्लैंड के युवा बैटर जैकब बेथेल ने शतक लगाया और



टीम को जीत के करीब पहुंचाया। हालांकि, भारत ने 7 रन के करीबी अंतर से हाई-स्कोरिंग मैच जीता और फाइनल में एंट्री कर ली।

**हर स्टेज में 1-1 मैच हारा न्यूजीलैंड-** न्यूजीलैंड ने ग्रुप स्टेज में अफगानिस्तान को हराकर टूनार्मेंट शुरू किया। टीम ने फिर वअए को 10 विकेट से हरा दिया। चेन्नई में दोनों मैच खेलने के बाद टीम अहमदाबाद में साउथ अफ्रीका से भिड़ने चली गई। जहां प्रोटियाज टीम ने 8 विकेट से मुकाबला जीत लिया। न्यूजीलैंड ने फिर चेन्नई में कनाडा को हराया और सुपर-8 में एंट्री कर ली। सेकेंड राउंड में न्यूजीलैंड का पाकिस्तान के खिलाफ पहला ही मैच बारिश के कारण बेनतीजा हो गया। टीम फिर कोलंबो में होम टीम श्रीलंका के खिलाफ स्ट्रगल कर रही थी। पावरप्ले और मिडिल ओवर्स में खराब प्रदर्शन के बाद डेथ ओवर्स में 70 रन बनाकर टीम ने 168 रन बना दिए। श्रीलंका 107 रन ही बना सका। होम टीम को हराने के बाद टीम इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी सुपर-8 मैच हार गई। सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए टीम श्रीलंका पर डिपेंड हो गई। श्रीलंका ने अपने आखिरी मैच में पाकिस्तान को 7 रन से हराया और बेहतर रन रेट के कारण न्यूजीलैंड ने क्वालिफाई कर लिया। सेमीफाइनल में टीम ने साउथ अफ्रीका के 170 रन का टारगेट 12.5 ओवर में ही चेज कर लिया।

**स्ट्राइक रेट में आगे न्यूजीलैंड-** न्यूजीलैंड ने दोनों मेजबान देशों में अपने मैच खेले। भारत के मुकाबले श्रीलंका में रन बनाना मुश्किल होता है, इसके बावजूद कीवी टीम ने भारत से बेहतर रन रेट और स्ट्राइक रेट से स्कोर किया। कीवी टीम का बैटिंग औसत भी भारत के 27.31 के मुकाबले 41.68 रहा। न्यूजीलैंड के 2 ही बैटर्स खाता नहीं खोल सके, जबकि भारत के बैटर्स 11 बार टूनार्मेंट में खाता नहीं खोल पाए। टीम इंडिया ने बाउंड्री लगाने में जरूर न्यूजीलैंड को पीछे छोड़ दिया। भारत ने 88 छक्के और 128 चौके लगाए। कीवी टीम 57 सिक्स और 109 चौके ही लगा पाई। भारत ने टूनार्मेंट में 3 बार 200 प्लस का स्कोर भी बनाया, जबकि कीवी टीम का बेस्ट स्कोर 183 रन ही है। हालांकि, ये स्कोर भी रन चेज में आया था।

**न्यूजीलैंड के स्पिनर्स भारत से बेहतर-** न्यूजीलैंड ने 7 पारियां खेलीं, इनमें टीम को 41 विकेट मिले। 18 स्पिनर्स और बाकी पेसर्स ने लिए। दूसरी ओर टीम इंडिया ने 8 पारियों में 59 विकेट लिए। 23 स्पिनर्स और बाकी पेसर्स को मिले। न्यूजीलैंड के स्पिनर्स ने 7.5 की इकोनॉमी से रन खर्च किए, जबकि भारत के स्पिनर्स ने 8.3 की इकोनॉमी से रन लुटाए। ओवरऑल इकोनॉमी में भी न्यूजीलैंड ने भारत से बेहतर परफॉर्म किया।

**मिडिल ओवर्स में स्ट्रॉन्ग है टीम इंडिया-** अलग-अलग फेज में बैटिंग देखें तो टीम इंडिया ने पावरप्ले में औसतन 58 रन बनाने में 2 विकेट गंवाए हैं। हालांकि, टीम 2 बार 80 प्लस भी बना चुकी है, लेकिन ये स्कोर नामीबिया और जिम्बाब्वे के खिलाफ रहे। 7 से 16 ओवर के बीच भारत जरूर स्ट्रॉन्ग रहा, टीम ने औसतन 93 रन बनाने में 3 विकेट गंवाए। इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 123 रन टीम का बेस्ट स्कोर रहा। डेथ ओवर्स में टीम इंडिया कमजोर रही। आखिर के 4 ओवर्स में औसत स्कोर 44 रन ही रहा। टीम 3 बार ही 60 प्लस रन बना सकी और एक बार भी 70 का स्कोर पार नहीं कर पाई।

**न्यूजीलैंड पावरप्ले में बहुत स्ट्रॉन्ग-** न्यूजीलैंड को फिन एलन और टिम साइफर्ट की ओपनिंग जोड़ी ने मजबूत शुरूआत दिलाई। टारगेट का पीछा करते हुए अक्सर दोनों प्लेयर्स ने फिफ्टी पार्टनरशिप की और मिडिल ओवर्स में ही मैच खत्म कर दिया। शुरूआती 6 ओवर में टीम ने औसतन 62 रन बनाने में 1 विकेट गंवाया। 84 रन टीम का बेस्ट स्कोर रहा, जो उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल में बनाया। मिडिल ओवर्स में न्यूजीलैंड ने विकेट जरूर औसतन 2 ही गंवाए, लेकिन टीम का औसत स्कोर भी 89 तक ही पहुंच सका। हालांकि, टीम कनाडा के खिलाफ इस फेज में 116 रन बना चुकी है। डेथ ओवर्स में न्यूजीलैंड की हालत भारत से भी कमजोर है, टीम का औसत स्कोर 39 रन ही रहा। हालांकि, टीम को 4 बार ही आखिरी 4 ओवर में बैटिंग का मिला, ज्यादातर मौकों पर मैच 16वें ओवर से पहले ही खत्म हो गया।

**प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट की रेस में सैमसन-** भारत के लिए ईशान किशन, कप्तान सूर्यकुमार यादव और संजू सैमसन टॉप-3 स्कोरर रहे। ईशान और सूर्या ने 8-8 मैच खेले, लेकिन संजू ने 4 ही मैचों में 2 फिफ्टी लगाकर 232 रन बना दिए। उन्हें क्उउ ने प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट की रेस में भी रखा है। क्योंकि सैमसन भारत के दोनों नॉकआउट मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच रहे। अगर वे फाइनल में भी मैच जिताऊ पारी खेलते हैं तो इस अवॉर्ड को जीत सकते हैं।

## ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में लक्ष्य ने डिफेंडिंग चैंपियन को हराया



### मालविका बंसोड़ हारीं, मिक्स्ड डबल्स में ध्रुव-तनीषा की जोड़ी अगले दौर में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बर्मिंघम

भारतीय बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन ने बर्मिंघम में चल रही ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में उलटफेर किया। उन्होंने डिफेंडिंग चैंपियन और पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 चीन के शी यू की को तीन गेम में हरा दिया। बर्मिंघम में खेले गए इस मैच में लक्ष्य ने 23-21, 19-21, 21-17 से जीत दर्ज की। यह बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर इवेंट में यूकी के खिलाफ लक्ष्य की पहली जीत है। इससे पहले वह 2023 एशियाई खेलों की टीम स्पर्धा में उन्हें हरा चुके हैं।

वहीं, मिक्स्ड डबल्स में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी ने मलेशिया के हू पांग रॉन और चेंग सु यिन को 21-17, 21-19 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई।

पहला गेम 20-20 की बराबरी के बाद जीता पहले गेम में लक्ष्य ने शुरूआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और 11-7 की बढ़त बना ली। एक समय स्कोर 17-12 था, लेकिन चीनी खिलाड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 20-20 कर दिया। लक्ष्य ने अपना धैर्य नहीं खोया और पांचवें गेम पॉइंट पर क्रॉस कोर्ट स्मैश लगाकर पहला गेम 23-21 से अपने नाम किया। दूसरा गेम जीत कर चीनी खिलाड़ी ने वापसी की दूसरे गेम में शी ने वापसी की। लंबे रैलियों वाले इस गेम में लक्ष्य एक समय 13-19 से पीछे थे। उन्होंने 18-19 तक वापसी की, लेकिन शी ने 21-19 से गेम जीतकर मुकाबला निर्णायक गेम में पहुंचा दिया।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









## आय से अधिक संपत्ति का खुलासा

# कर्नाटक में सरकारी अधिकारियों के ठिकानों पर लोकायुक्त की छापेमारी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कर्नाटक में लोकायुक्त ने आय से अधिक संपत्ति के आरोपों में कई सरकारी अधिकारियों के ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई बंगलूरू, मांड्या, धारवाड़, हासन, मैसूरु, विजयपुरा और यादगीर सहित कई जिलों में की गई। आइए विस्तार से जानते हैं।

कर्नाटक में लोकायुक्त ने आय से अधिक संपत्ति के आरोपों के संबंध में विभिन्न जिलों के कई सरकारी अधिकारियों के ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई विभिन्न सरकारी विभागों में कार्यरत अधिकारियों को निशाना बनाते हुए बंगलूरू, मांड्या, धारवाड़, हासन, मैसूरु, विजयपुरा और यादगीर जैसे जिलों में कई स्थानों पर की गई।

**किन पदों के अधिकारियों को बनाया गया निशाना-** लोकायुक्त अधिकारियों के अनुसार, ये छापे सहायक कार्यकारी अभियंता, जूनियर इंजीनियर, उप विद्युत निरीक्षक और तालुक पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी जैसे पदों पर तैनात अधिकारियों पर केंद्रित थे। इन छापों का उद्देश्य उन सरकारी कर्मचारियों की जांच करना था, जिनकी संपत्ति उनकी घोषित आय से काफी अधिक पाई गई है।

**हासन में क्या दृश्य देखने को मिला-** छापेमारी के दौरान हासन नगर निगम के सहायक कार्यकारी अभियंता एम.सी सत्यानारायण के आवास पर काफी नाटकीय घटनाक्रम देखने को मिला। लोकायुक्त अधिकारियों को उनके घर का दरवाजा न खुलने के कारण एक घंटे से अधिक समय तक बाहर इंतजार करना पड़ा। जब सत्यानारायण ने गेट खोलने के अनुरोधों का जवाब नहीं दिया, तो अधिकारियों ने घर में प्रवेश करने के लिए पहली मंजिल पर चढ़ने का प्रयास किया।

## एसबीआई का मेगा भर्ती अभियान, चेयरमैन बोले

# हर साल 16000 नए कर्मचारियों को जोड़ने का लक्ष्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 5,783 जूनियर एसोसिएट्स की नियुक्ति की है और कारोबार को 200 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने के लिए हर साल 16,000 कर्मचारियों की भर्ती का लक्ष्य रखा है। पूरी खबर विस्तार से पढ़ें।

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने देशभर में अपनी ब्रांच बैंकिंग सेवाओं और ग्राहक अनुभव को मजबूत करने के लिए एक बड़े भर्ती अभियान की घोषणा की है। बैंक ने हाल ही में 5,783 जूनियर एसोसिएट्स की नियुक्ति की है। यह रणनीतिक कदम बैंक के उस बड़े विजन का हिस्सा है, जिसके तहत अगले पांच से छह वर्षों में कुल कारोबार को दोगुना करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आइए इस बारे में विस्तार से समझते हैं।

**एसबीआई ने हाल ही में कितने कर्मचारियों की नियुक्ति की है-** एसबीआई ने देशभर के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 5,783 जूनियर एसोसिएट्स की नियुक्ति की है। अगर चालू वित्त वर्ष के समग्र आंकड़ों की बात करें, तो बैंक ने विभिन्न भूमिकाओं और ग्रेड में 18,000 से अधिक नए कर्मचारियों को अपने साथ जोड़ा है, जो हाल के वर्षों में बैंक के सबसे बड़े और व्यापक टैलेंट इंडक्शन ड्राइव (प्रतिभा चयन अभियान) में से एक है।

**इस भर्ती प्रक्रिया में कितनी प्रतिस्पर्धा थी और चयन कैसे हुआ-** इस भर्ती के लिए उम्मीदवारों के बीच भारी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। कुल 9,00,771 उम्मीदवारों ने इन पदों के लिए आवेदन किया था। चयन प्रक्रिया के तहत, सितंबर 2025 में हुई प्रारंभिक परीक्षा के आधार पर 1,20,006 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया, जिन्होंने नवंबर 2025 में आयोजित मुख्य परीक्षा में हिस्सा लिया था।

**कारोबार विस्तार के लिहाज से एसबीआई का अगला वित्तीय लक्ष्य क्या है-** एसबीआई अपने कारोबार का विस्तार करने के लिए एक स्पष्ट और आक्रामक रणनीति पर काम कर रहा है। बैंक का लक्ष्य अगले पांच से छह वर्षों के भीतर अपने कुल कारोबार को दोगुना करके 200 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाना है। इसी महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिए बैंक नियमित रूप से बड़े पैमाने पर कार्यबल का विस्तार कर रहा है।

कुल मिलाकर, एसबीआई का यह बड़े पैमाने पर चलाया गया भर्ती अभियान केवल नए रोजगार पैदा करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बैंक की दूरगामी रणनीतिक और विस्तार योजना का एक अहम हिस्सा है। अपने व्यापक शाखा नेटवर्क के माध्यम से ग्राहकों को उच्च स्तरीय सेवाएं देने और अगली पीढ़ी के बैंकिंग पेशेवरों को तैयार करने के लिए एसबीआई लगातार अपने कार्यबल को मजबूत कर रहा है। यह कदम भारतीय बैंकिंग सेक्टर की मजबूती और रोजगार बाजार, दोनों के लिए एक बेहद सकारात्मक संकेत है।




### भविष्य में रोजगार सृजन को लेकर बैंक की क्या योजनाएं हैं?

एसबीआई के चेयरमैन चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी ने स्पष्ट किया है कि बैंक अपनी विकास यात्रा को शक्ति प्रदान करने के लिए हर साल लगभग 16,000 कर्मचारियों को नियुक्त करने का इरादा रखता है। इसका मुख्य उद्देश्य एक 'भविष्य के लिए तैयार' और डिजिटल रूप से कुशल कार्यबल का निर्माण करना है।

### इन नई नियुक्तियों के पीछे बैंक का मुख्य व्यावसायिक उद्देश्य क्या है?

इस बड़े पैमाने की भर्ती का मुख्य फोकस बैंक की फ्रंटलाइन क्षमताओं को मजबूत करना और राष्ट्रव्यापी स्तर पर ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाना है। चेयरमैन के अनुसार, नई प्रतिभाओं को शामिल करने की यह पहल बैंक की उस निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शार्ती है, जिसके तहत ग्राहकों को तकनीक-आधारित, भरोसेमंद और सुसंगत बैंकिंग अनुभव प्रदान किया जाना है।

## बड़ी राहत

# पेट्रोल-डीजल महंगा नहीं होगा




### भारत को रूस से तेल खरीदने की छूट, अमेरिका ने रियायत दी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ? का संकट फिलहाल खत्म हो गया है, क्योंकि भारत को रूस से कच्चा तेल खरीदने की छूट मिल गई है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने भारतीय रिफाइनरियों को 30 दिन का स्पेशल लाइसेंस दिया है। ये लाइसेंस 3 अप्रैल तक वैलिड रहेगा।

अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने 6 मार्च शुक्रवार को बताया कि राष्ट्रपति ट्रम्प के ऊर्जा एजेंडे के तहत यह अस्थायी कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि भारत अमेरिका का एक महत्वपूर्ण पार्टनर हैं और ग्लोबल मार्केट में तेल की सप्लाई को स्थिर रखने के लिए यह छूट दी गई है।

**अमेरिका से भी तेल खरीद बढ़ने की उम्मीद-** बेसेंट ने कहा कि ईरान ग्लोबल एनर्जी मार्केट को बंधक बनाने की कोशिश कर रहा है। इस दबाव को कम करने के लिए हम भारत को यह 30 दिनों की छूट दे रहे हैं। उन्होंने कहा- हमें ये उम्मीद है कि इसके बाद भारत अमेरिकी तेल की खरीद में तेजी लाएगा।

अमेरिका का मानना है इस उपाय से ग्लोबल मार्केट में तेल की कमी नहीं होगी।

**5 मार्च तक लोड हुए जहाजों का ही तेल खरीद सकेंगे-** अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के ऑफिस ऑफ फॉरेन एसेट्स कंट्रोल' ने तेल खरीद के लिए ये लाइसेंस जारी किया है। इसके तहत 5 मार्च तक जहाजों पर लोड हो चुके रूसी कच्चे तेल की ही डिलीवरी भारत को की जा सकेगी। यानी, जो जहां पहले से समुद्र में है उनसे सप्लाई होगी।

## भारतीय समुद्री सुरक्षा को मिलेगी नई ताकत

# एचएएल रूस के साथ करेगा 5083 करोड़ रुपये का करार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय रक्षा मंत्रालय की ओर से 5,083 करोड़ रुपये के नए रक्षा सौदों का विस्तृत विश्लेषण पढ़ें। जानें कैसे एचएएल और रूस के साथ हुए ये करार भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल की रणनीतिक ताकत बढ़ाएंगे।

भारतीय रक्षा क्षेत्र और स्वदेशी मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को 5,083 करोड़ रुपये के महत्वपूर्ण अनुबंधों पर मुहर लगा दी है। यह सौदा मुख्य रूप से छह उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की खरीद से जुड़ा है। समुद्री सुरक्षा और सैन्य आधुनिकीकरण के लिहाज से यह कदम बेहद अहम माना जा रहा है।

**रूस के साथ 2,182 करोड़ रुपये का मिसाइल करार-** इस रक्षा पैकेज का दूसरा बड़ा हिस्सा भारतीय नौसेना के युद्धपोतों की सुरक्षा से जुड़ा है। रक्षा मंत्रालय ने सतह से हवा में मार करने वाली 'श्टिल' मिसाइलों और उनसे जुड़े मिसाइल होल्डिंग फ्रेम की खरीद के लिए रूस की कंपनी 'जेएससी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट' के साथ 2,182 करोड़ रुपये का करार किया है। ये 'वर्टिकल लॉन्च' मिसाइलें भारतीय नौसेना के युद्धपोतों पर तैनात की जाएंगी। मंत्रालय के बयान के मुताबिक, इस खरीद का मुख्य उद्देश्य हवाई खतरों की एक विस्तृत श्रृंखला के खिलाफ युद्धपोतों की हवाई रक्षा क्षमताओं को काफी हद तक बढ़ाना है। यह प्रणाली तेजी से प्रतिक्रिया देने और हर मौसम में काम करने की क्षमता रखती है, जिससे तनावपूर्ण समुद्री वातावरण में युद्धपोतों की सुरक्षा और उत्तरजीविता मजबूत होगी। यह 5,083 करोड़ रुपये का रणनीतिक निवेश एक तरफ जहां एचएएल जैसी स्वदेशी कंपनियों को वित्तीय मजबूती दे रहा है, वहीं दूसरी ओर यह अंतरराष्ट्रीय रक्षा कूटनीति का भी एक अहम हिस्सा है। रक्षा मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि श्टिल मिसाइलों का यह अनुबंध भारत और रूस के बीच आपसी विश्वास और रणनीतिक तैयारियों पर आधारित लंबे समय से चले आ रहे रक्षा संबंधों को और अधिक मजबूत करता है।



### एआई के साथ 2,901 करोड़ रुपये की डील और कॉरपोरेट इम्पैक्ट

भारतीय एयरोस्पेस क्षेत्र की प्रमुख सरकारी कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के लिए यह करार एक बड़ा बिजनेस बूस्ट है। रक्षा मंत्रालय ने एचएएल के साथ 2,901 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। इस बजट के तहत तटरक्षक बल के लिए समुद्री भूमिका वाले एएलएच एमके-।।। हेलीकॉप्टर खरीदे जा रहे हैं। इस डील में हेलीकॉप्टरों के साथ-साथ ऑपरेशनल उपकरण, एक इंजीनियरिंग सपोर्ट पैकेज और प्रदर्शन-आधारित लॉजिस्टिक्स सपोर्ट भी शामिल किया गया है।

**तटरक्षक बल की मारक और सुरक्षा क्षमता में वृद्धि**

तटरक्षक बल के लिए खरीदे जा रहे ये एएलएच एमके-।।। और एमके-।।। ट्विन-इंजन हेलीकॉप्टर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हैं। यह वर्तमान में संचालित हवाई प्लेटफॉर्मों की तुलना में काफी बेहतर हैं और समुद्र के साथ-साथ तटीय हवाई पट्टियों से भी उड़ान भरने में पूरी तरह सक्षम हैं।

## डॉलर के मुकाबले रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर

# 69 पैसे टूटकर 92.18 पर पहुंचा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका-ईरान तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमतों में उछाल का असर भारतीय मुद्रा पर साफ दिखा। शुरुआती कारोबार में रुपया डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। विदेशी निवेशकों की बिकवाली और सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख ने दबाव बढ़ाया। महंगे आयात की आशंका से व्यापार संतुलन को लेकर चिंता गहराई।

पश्चिम एशिया में अमेरिका-ईरान तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल से निवेशकों का भरोसा टूटता दिखा। इसके चलते शुरुआती कारोबार में रुपया 69 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 92.18 के अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 92.05 पर खुला और जल्द ही गिरकर 92.18 प्रति डॉलर के शुरुआती निचले स्तर तक पहुंच गया। यह अपने पिछले बंद स्तर 91.49 के मुकाबले 69 पैसे की गिरावट दर्शाता है। गौरतलब है कि मंगलवार को होली की वजह से विदेशी मुद्रा बाजार बंद था।

**पश्चिम एशिया संकट और ब्रेंट क्रूड की कीमतों से बढ़ा दबाव-** फॉरेक्स कारोबारियों के अनुसार, ईरान संकट के बाद ब्रेंट क्रूड की कीमतों में तेज बढ़ोतरी से घरेलू मुद्रा पर भारी दबाव बना है। वायदा कारोबार में ब्रेंट क्रूड 82 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर गया, जिससे निवेशकों का रुझान सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर बढ़ा है। वहीं, विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और महंगे आयात से व्यापार संतुलन पर पड़ने वाले संभावित असर की आशंका भी रुपये पर दबाव बना रही है। छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर इंडेक्स 0.03 प्रतिशत बढ़कर 99.08 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा में 1.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82.22 डॉलर प्रति बैरल पर था।

**शेयर बाजार भी लुढ़का-** विशेषज्ञों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से भारत के आयात बिल में तेज बढ़ोतरी का जोखिम है, क्योंकि देश की लगभग 85 प्रतिशत ईंधन जरूरत आयात से पूरी होती है।

# रूस से कच्चा तेल खरीद सकेगा भारतः ईरान जंग के कारण अमेरिका ने 3 अप्रैल तक रियायत दी

## क्रूड ऑयल की कीमत 89 डॉलर के पार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने का संकट फिलहाल खत्म हो गया है, क्योंकि भारत को रूस से कच्चा तेल खरीदने की शर्तों के साथ छूट मिल गई है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने भारतीय रिफाइनरियों को 30 दिन का स्पेशल लाइसेंस दिया है। ये लाइसेंस 3 अप्रैल तक वैलिड रहेगा।

अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने 6 मार्च को बताया कि राष्ट्रपति ट्रम्प के ऊर्जा एजेंडे के तहत यह अस्थायी कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि भारत अमेरिका का एक महत्वपूर्ण पार्टनर हैं और ग्लोबल मार्केट में तेल की सप्लाई को स्थिर रखने के लिए यह छूट दी गई है। इस बीच ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत आज 4% बढ़कर 89.18 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई है। यह अप्रैल 2024 के बाद इसका उच्चतम स्तर है। फ्रांस के परिवहन मंत्री ने बताया कि ईरान जंग की वजह से फारस की खाड़ी में 52 फ्रांसीसी जहाज फंसे हुए हैं और 8 जहाज



रेड सी में रुके हुए हैं।

इलाके में बढ़ते तनाव की वजह से जहाज आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। फ्रांस सरकार जहाजों पर मौजूद क्रू से लगातार संपर्क में है, क्योंकि कई जहाजों पर फ्रांसीसी नाविक भी सवार हैं। फ्रांस अब इस क्षेत्र में जहाजों की सुरक्षा के लिए दूसरे देशों के साथ मिलकर कदम उठाने की कोशिश कर रहा है।

अमेरिका से भी तेल खरीद बढ़ने की उम्मीद

बेसेंट ने कहा कि ईरान ग्लोबल एनर्जी मार्केट को बंधक बनाने की कोशिश कर रहा है। इस दबाव को कम करने के लिए हम भारत को यह 30 दिनों की छूट दे रहे हैं।

उन्होंने कहा- हमें ये उम्मीद है कि इसके बाद भारत अमेरिकी तेल की खरीद में तेजी लाएगा। अमेरिका का मानना है इस उपाय से ग्लोबल मार्केट में तेल की कमी नहीं होगी।

### 5 मार्च तक लोड हुए जहाजों का ही तेल खरीद सकेंगे

अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के 'ऑफिस ऑफ फॉरेन एसेट्स कंट्रोल' ने तेल खरीद के लिए ये लाइसेंस जारी किया है। इसके तहत 5 मार्च तक जहाजों पर लोड हो चुके रूसी कच्चे तेल की ही डिलीवरी भारत को की जा सकेगी। यानी, जो जहां पहले से समुद्र में है उनसे सप्लाई होगी। मिडिल-ईस्ट में जंग के कारण स्थिति काफी गंभीर हो गई है। ईरान ने 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' को ब्लॉक कर दिया है, जहां से दुनिया की 20% तेल सप्लाई होती है। तेल क्षेत्रों पर हमलेः पिछले कुछ दिनों में सऊदी अरामको की 'रास तनुरा' रिफाइनरी और इराक के 'रुमैला' तेल क्षेत्र जैसे बड़े केंद्रों पर हमले हुए हैं। **कीमतों में उछालः** ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल की सैन्य कार्रवाई के कारण ग्लोबल मार्केट में ब्रेंट क्रूड की कीमतें बढ़ रही हैं।

## बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा-सिर्फ वॉट्सएप चैट से तलाक नहीं

### पत्नी पर क्रूरता के आरोप साबित करने होंगे; फैमिली कोर्ट का आदेश रद्द किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि बिना सबूत सिर्फ वॉट्सएप चैट के आधार पर तलाक का आदेश नहीं दिया जा सकता। जस्टिस भारती डांगरे और जस्टिस मंजुषा देशपांडे की बेंच ने महिला की फैमिली कोर्ट अपील पर सुनवाई में यह बात कही। बेंच ने कहा- कोर्ट ने कहा कि हिंदू मैरिज एक्ट, 1955 की धारा 13(1)(आई-ए) के तहत क्रूरता के आरोप कानूनी तौर पर मंजूर सबूतों से साबित होने चाहिए, जिस सामग्री पर भरोसा किया गया, विरोधी पक्ष को उसका खंडन करने का मौका मिलना चाहिए।

महिला ने फैमिली कोर्ट के 27 मई 2025 के एकतरफा फैसले और आदेश को चुनौती दी थी। इस फैसले में फैमिली कोर्ट ने क्रूरता के आधार पर हिंदू मैरिज एक्ट के तहत पति की तलाक की अर्जी मंजूर की थी। अपील करने वाली पत्नी ने कहा कि डिक्री एकतरफा पास हुई। फैमिली कोर्ट ने सिर्फ दोनों पक्षों के बीच वॉट्सएप चैट और एसएमएस एक्सचेंज का इस्तेमाल किया। हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट का आदेश रद्द कर दिया। बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि केवल तत्काल तीन तलाक पर रोक है, तलाक-ए-अहसन पर नहीं। हाईकोर्ट की औरंगाबाद बेंच के जस्टिस विभा कंकनवाड़ी और जस्टिस संजय देशमुख ने कहा कि मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम के तहत तलाक की परिभाषा में तलाक के वे रूप शामिल हैं, जिनका प्रभाव तत्काल होता है, या जिन्हें बदला नहीं जा सकता है। पूरी खबर पढ़ेंड्ड बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक व्यक्ति की अपनी पत्नी और उसके परिवार के खिलाफ दायर मानहानि की शिकायत को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि तलाक की कार्यवाही के दौरान पत्नी का पति को नपुंसक कहना मानहानि नहीं माना जा सकता। यदि उसने यह आरोप अपने हितों की रक्षा के लिए लगाए हों। पूरी खबर पढ़ेंड्ड बॉम्बे हाईकोर्ट ने तलाक के एक केस में कहा- यदि पत्नी अपने पति को शारीरिक संबंध से इनकार करती है। फिर उस पर किसी और महिला से संबंध होने का शक करती है तो इसे क्रूरता माना जाएगा। इस तरह की स्थिति तलाक का वैध आधार है। जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और जस्टिस नीला गोखले ने यह टिप्पणी करते हुए पुणे फैमिली कोर्ट के तलाक के फैसले को सही ठहराया।

## भागवत बोले-हम बंटे हुए हैं, इसलिए आक्रमण हो रहे हैं

**जैसलमेर.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा- आक्रमण भी इसलिए चल रहे हैं क्योंकि हम सोए और बंटे हुए हैं। हम वास्तव में एक ही हैं, पंथ-संप्रदाय से अलग हैं। संस्कृति, देश, समाज के नाते हम एक हैं। ज्ञान नहीं है तो वह भेद मानता है। आज से सद्भावना की शुरूआत कर देनी चाहिए। मेरा एक-एक मित्र कुटुम्ब होगा, उनका मेरा यहां आना-जाना, सुख-दुख, खाना-पीना सभी रहेगा। क्योंकि समय बड़ा कठिन है।

मोहन भागवत ने यह बात शुक्रवार को जैसलमेर में जैन समाज के चादर महोत्सव कार्यक्रम में कही। इससे पहले भागवत ई-रिक्शा में बैठकर सोनार दुर्ग गए। जहां पर पार्श्वनाथ जैन मंदिर में दर्शन-पूजन कर जिनभद्र सूरी ज्ञान भंडार और दादा गुरुदेव की पावन चादर के दर्शन किए। इसके बाद वे देदांसर मेला ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय चादर महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने सभा को संबोधित किया। भागवत ने कहा- हम सभी भेद और स्वार्थ को तिलांजली दें और देश के लिए जीने-मरने को उतारू हो जाएं तो हमारा समाज अच्छा बनेगा। कलह और भेद खत्म हो जाएंगे तो भारत विश्वगुरु बनकर एक सुखी-सुंदर दुनिया को जन्म देगा।

## राहुल गांधी बोले-लोग केरल स्टोरी-2 नहीं देख रहे, ये अच्छी खबर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि फिल्म केरल स्टोरी-2: गोज बियॉन्ड को ज्यादा लोग नहीं देख रहे हैं और यह अच्छी खबर है। उन्होंने कहा कि फिल्मों, टीवी और मीडिया का इस्तेमाल तेजी से प्रोपेगैंडा के रूप में किया जा रहा है। केरल में इडुक्की के कुट्टिकनम स्थित मैरियन कॉलेज में शुक्रवार को छात्रों से बातचीत के दौरान राहुल गांधी ने यह टिप्पणी की। एक छात्र ने फिल्मों के प्रोपेगैंडा के रूप में इस्तेमाल किए जाने पर सवाल पूछा था।

इस पर गांधी ने कहा- अच्छी खबर यह है कि केरल स्टोरी खोखली लगती है और लोग इसे देखने नहीं जा रहे हैं। इससे यह भी पता चलता है कि बहुत से लोग केरल और उसकी परंपराओं व संस्कृति को ठीक से नहीं समझ पाए हैं। उन्होंने कहा कि आज फिल्मों, टेलीविजन और मीडिया को तेजी से नफरत फैलाने का हथियार बनाया जा रहा है। इनका इस्तेमाल लोगों को बदनाम करने, उन्हें खत्म करने और समाज में फूट डालने के लिए किया जाता है, ताकि कुछ लोगों को फायदा हो और दूसरों को नुकसान हो। यूनिवर्सिटी में फ्सर के लोग- देश की शिक्षा व्यवस्था पर एक खास विचारधारा का दबाव बढ़ रहा है। अगर आप यूनिवर्सिटी के वाइस-चांसलर देखें तो उनमें से कई की नियुक्ति इसलिए हुई है क्योंकि वे आरएसएस या किसी खास विचारधारा से जुड़े हैं। शिक्षा को किसी एक सोच तक सीमित नहीं होना चाहिए। अकऔर डेटा पर चिंता जताई- भारत अभी अमेरिका और चीन के स्तर तक नहीं पहुंचा है। यदि भारत अकके क्षेत्र में मजबूत बनना चाहता है, तो उसे अपने डेटा पर नियंत्रण रखना होगा। अमेरिका को वैश्विक डेटा तक व्यापक पहुंच है, जबकि चीन अपना डेटा खुद नियंत्रित करता है, जिससे अकमें उसकी स्थिति मजबूत होती है।

जंग का दुनिया पर असर- ऊपर से देखने पर वेस्ट एशिया में चल रहा तनाव अमेरिका और इजराइल बनाम ईरान का संघर्ष लगता है, लेकिन बड़े जियोपॉलिटिकल खिलाड़ी अमेरिका, चीन और रूस हैं।

## असम में वायुसेना का सुखोई फाइटर जेट क्रैश, दोनों पायलट की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

असम के कार्बी आंगलोंग इलाके में ट्रेनिंग के दौरान रडार से गायब हुआ भारतीय वायु सेना का सुखोई स४-30टङकफाइटर जेट क्रैश हो गया है। हादसे में दोनों पायलट स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पूर्वेश दुरागकर की भी मौत हो गई है। पूर्वेश ऑपरेशन सिंदूर का भी हिस्सा थे। वायु सेना ने गुरुवार देर रात 1 बजकर 9 मिनट पर क्रैश की पुष्टि की थी। शुक्रवार सुबह 9.14 पर एक और पोस्ट में दोनों पायलट की मौत की जानकारी दी। विमान ने जोरहाट एयरबेस से उड़ान भरी थी और शाम करीब 7:42 बजे रडार संपर्क टूट गया था। जब ये हादसा हुआ तब फाइटर जेट नियमित उड़ान पर था। वायु सेना के मुताबिक रडार से संपर्क समाप्त होने के बाद वायु सेना ने तुरंत अलर्ट जारी करते हुए घटना की जांच के लिए कक्रट्टीम को असम रवाना किया। फिलहाल विमान की सटीक स्थिति और संपर्क टूटने की वजह का पता लगाया जा रहा है।

नागपुर के न्यू सुबेदार लेआउट में रहने वाले फ्लाइट लेफ्टिनेंट पूर्वेश दुरागकर के पिता रविंद्र दुरागकर ने बताया कि उनका बेटा देश सेवा के लिए पूरी तरह समर्पित अधिकारी था। यूनिट के ग्रुप कैप्टन ने फोन कर उन्हें हादसे की जानकारी दी। रविंद्र ने बताया कि तेजपुर में रनवे से जुड़े काम के कारण पूर्वेश की पोस्टिंग फिलहाल जोरहाट में थी।

### पैरेंट्स की परमिशन जरूरी; आंध्र में भी तैयारी

## कर्नाटक बच्चों के सोशल मीडिया यूज पर बैन लगाएगाः ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कर्नाटक सरकार ने शुक्रवार को 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर रोक लगाने का ऐलान किया। कर्नाटक ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य है। सीएम सिद्धारमैया ने बजट भाषण के दौरान कहा कि बच्चों में मोबाइल और सोशल मीडिया का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है, जिससे उन पर गलत असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा, इस बैन को किस तरह लागू किया जाएगा, इसकी तैयारी चल रही है और जल्द ही नियम बनाए जाएंगे। वहीं आंध्र प्रदेश सरकार भी 13 साल से कम उम्र के बच्चों



के लिए सोशल मीडिया पर बैन लगाने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री उट एन चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को विधानसभा में इसकी जानकारी दी।

### कॉलेज-विश्वविद्यालय में नशे पर सख्ती होगी

सिद्धारमैया ने कहा कि स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय बच्चों के स्वास्थ्य, उनके व्यक्तित्व और उनके भविष्य को बनाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सरकार शैक्षणिक संस्थानों में नशे की समस्या को रोकने के लिए कदम उठाएगी। इसके लिए स्कूल और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। साथ ही सख्त नियम लागू किए जाएंगे ताकि छात्र नशे से दूर रहें। छात्रों की मदद के लिए सहायता और काउंसलिंग केंद्र भी बनाए जाएंगे, जहां वे अपनी समस्याएं खुलकर बता सकें।

### वैरिफिकेशन जरूरी होगी

16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन का प्रस्ताव डेटा सुरक्षा कानून डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन एक्ट 2023 और पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन रूल्स 2025 से भी जुड़ा है। इसके तहत बच्चों को अकाउंट बनाने से पहले माता-पिता की अनुमति और उम्र का वैरिफिकेशन जरूरी होगी। इसके लिए सरकारी पहचान प्रणाली या डिजिटल लॉकर का उपयोग किया जा सकता है।

## इजरायल और अमेरिकी हमले के जवाब में ईरान का तेलअवीव में नई मिसाइलों और ड्रोन से पलटवार

# हवाई हमले से दहल उठे ईरान-लेबनान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ दुबई

मध्य पूर्व में संघर्ष लगातार तेज होता जा रहा है। इजरायल ने शुक्रवार को ईरान और लेबनान की राजधानियों पर जोरदार हवाई हमले किए। वहीं, अमेरिका ने भी समुद्र में मौजूद ईरान के एक ड्रोन कैरियर को निशाना बनाया। इसके साथ ही अमेरिका और इजरायल ने तेहरान के खिलाफ सैन्य अभियान तेज कर दिया है। इसके बाद में ईरान ने भी मिसाइल और ड्रोन से हमला किया।

ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए उन पड़ोसी देशों पर नए हमले किए, जहां अमेरिकी सेना तैनात है। ईरान के सरकारी टीवी ने बताया कि नया मिसाइल हमला किया है, जिसमें उसकी लंबी दूरी की खुर्रमशहर-4 मिसाइलें भी दागी गईं। मध्य पूर्व के कई देशों को प्रभावित कर रहे इन हमलों को अब एक सप्ताह हो चुका है। इजरायली सेना ने दावा किया है कि उसने ईरान की अधिकांश वायु रक्षा प्रणालियों और मिसाइल लॉन्चरों को नष्ट कर दिया है। इस बीच अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने चेतावनी दी कि तेहरान के खिलाफ हमले काफी तेजी से बढ़ने वाले हैं। ईरान ने भी चेतावनी दी है कि अगर हमले जारी रहे तो पूरे मध्य पूर्व के सैन्य और आर्थिक ढांचे को भारी नुकसान हो सकता है।





चेतावनी के बाद इजरायल के तेल अवीव में विस्फोटों की आवाज सुनी गई। इजरायली एयर डिफेंस सिस्टम ने कई मिसाइलों को हवा में ही रोकने की कोशिश की। उधर, कतर ने बहरीन में उसके सैन्य ठिकानों वाले भवनों को निशाना बनाकर किए गए ईरानी हमले की कड़ी निंदा की है।

### ईरान में 1230 लोगों की मौत

ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी के अनुसार, एक हफ्ते पहले लड़ाई शुरू होने के बाद से ईरान में कम से कम 1,230 लोग मारे गए हैं। वहीं, लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया इस हफ्ते इजरायली हमलों में 123 लोग मारे गए हैं और 683 घायल हुए हैं। वहीं, ईरानी हमले में इजरायल और खाड़ी देशों में 10 लोग मारे गए हैं। वहीं, अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को अपने छह लोगों के मारे जाने की सूचना दी है।

### हिज्बुल्ला ने इजरायल पर करीब 70 रॉकेट दागे

इजरायल और हिज्बुल्ला के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। इजरायली सेना ने शुक्रवार को कहा कि मध्यरात्रि के बाद से हिज्बुल्ला ने इजरायल की ओर करीब 70 रॉकेट दागे, जिनमें से कई दक्षिणी लेबनान से लॉन्च किए गए।

लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने इजरायल-हिज्बुल्ला संघर्ष के बीच अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मदद की अपील की है। उन्होंने कहा कि विस्थापन से मानवीय आपदा का खतरा पैदा हो गया है। सलाम ने कहा कि लेबनान के लोगों ने यह युद्ध नहीं चुना है और दुनिया को इसे रोकने में मदद करनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर टर्क ने कहा कि दुनिया को तुरंत इस आग को बुझाने की जरूरत है। उन्होंने सभी पक्षों से तनाव कम करने और शांति का मौका देने की अपील की। उन्होंने लेबनान में नागरिकों के बड़े पैमाने पर विस्थापन को लेकर चिंता जताई।

## ईरान, दुबई में बाजार खाली इटली की संसद में ट्रम्प का विरोध

ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजराइल हमले का आज सातवां दिन है। इजराइली और अमेरिकी सेनाओं ने शुक्रवार को भी ईरान के अहम ठिकानों पर मिसाइलें दागीं। ईरान के इजराइल और खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों के साथ अन्य जगहों पर भी हमले जारी हैं। 28 फरवरी को शुरू हुई इस जंग में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामनेई की मौत हो गई थी। अमेरिका-इजराइल तीन दिन में 5000 से ज्यादा बम गिरा चुके हैं। इससे ईरान में 1200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान को उनके बिना नया सुप्रीम लीडर नहीं चुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि नए नेता के चयन में अमेरिका की भूमिका जरूरी है और बिना अमेरिका की भागीदारी के ऐसा करना वक्त की बर्बादी होगी। एक्सिओस को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा कि ईरान अगर अमेरिका को शामिल किए बिना नया सुप्रीम लीडर चुनता है तो इसका कोई मतलब नहीं होगा। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अली खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई को संभावित उत्तराधिकारी माना जा रहा है,

### तेल अवीव में धमाकों की गूंज

ईरान की ओर से मिसाइल हमले की

### खामेनेई के बंकर को तबाह किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव

इजरायली सेना ने शुक्रवार को दावा किया कि वायुसेना के करीब 50 लड़ाकू विमानों ने तेहरान स्थित एक भूमिगत सैन्य बंकर को निशाना बनाकर ध्वस्त कर दिया। यह बंकर दिवंगत ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के नेतृत्व परिसर के नीचे बना हुआ था। इजरायली सेना ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि खामेनेई की मौत के बाद भी इस बंकर का इस्तेमाल ईरान के अन्य वरिष्ठ नेताओं द्वारा किया जा रहा था।

### इराक के बसरा शहर में ड्रोन हमले

बगदाद। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच शुक्रवार को इराक के दक्षिणी शहर बसरा में ड्रोन हमलों की खबर सामने आई है। एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि चार ड्रोन बसरा एयरपोर्ट और दो तेल प्रतिष्ठानों पर गिरे। एक ड्रोन बसरा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के कार्गो टर्मिनल से टकराया, जबकि दो ड्रोन बुर्जेसिया तेल परिसर में एक अमेरिकी कंपनी की साइट पर गिरे।


## एपस्टीन फाइल- ट्रम्प पर नाबालिग के यौन-शोषण का आरोप

### नए दस्तावेज में खुलासा, पहले अधिकारियों ने डुप्लीकेट बताकर रोक दिया था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिका में न्याय विभाग ने कुख्यात यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े नए दस्तावेज जारी किए हैं। एफबीआई को दिए इंटरव्यू में महिला ने दावा किया कि एपस्टीन ने उसकी मुलाकात डोनाल्ड ट्रम्प से कराई थी। ट्रम्प ने उनका यौन शोषण किया। उस वक्त वह नाबालिग थीं। ये पेज पहले जारी नहीं किए गए थे।

एफबीआई ने महिला के दावों से जुड़े 4 इंटरव्यू किए थे। पर शुरूआती रिलीज में सिर्फ एक इंटरव्यू का सार दिखा, जिसमें महिला ने एपस्टीन के खिलाफ आरोप बताए थे। बाकी तीन इंटरव्यू गायब होने पर सवाल उठ रहे थे। अधिकारियों ने अब कहा कि इन्हें गलती से डुप्लीकेटढ़ मान लिया गया था, इसलिए रोक दिया गया। हालांकि, बाद की समीक्षा में यह बात गलत निकली। ट्रम्प की फाइल दबाने का



आरोप अमेरिका की विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता इस बात पर सवाल उठा रहे हैं कि ट्रंप सरकार एपस्टीन से जुड़े डॉक्यूमेंट को कैसे हैंडल कर रही है। डेमोक्रेट्स का आरोप है कि ट्रम्प प्रशासन ने एपस्टीन जांच से जुड़ी ऐसी जानकारियां दबाईं, जो ट्रम्प को नुकसान पहुंचा सकती थीं। हाउस की एक कमेटी ने अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी को नोटिस जारी करने के पक्ष में वोट किया। उन्हें कोर्ट में जवाब देना होगा।

### एपस्टीन और ट्रम्म ने उसका यौन-शोषण किया

महिला ट्रम्प पर आरोप लगाने वाली महिला के 2019 में ऋइकने कई इंटरव्यू लिए थे। गुरुवार को जो डॉक्यूमेंट जारी हुए हैं, उनमें इन्हीं इंटरव्यू के डिटेल्स शामिल हैं। माडिया रिपोर्ट के अनुसार इस इंटरव्यू में उस महिला ने आरोप लगाया कि जब उसकी उम्र 13 से 15 साल के बीच थी, तब एपस्टीन और ट्रम्म ने उसका यौन-शोषण किया था। एक इंटरव्यू में महिला ने कहा कि एपस्टीन उसे न्यूयॉर्क या न्यूजर्सी ले गया था और वहीं ट्रंप से मिलवाया था। महिला ने जांचकताओं को बताया कि जब ट्रम्प उस पर सेक्स करने के लिए दबाव डाल रहे थे, तब उसने उन्हें काट भी लिया था। महिला का यह भी दावा है कि पिछले कई सालों में उसे और उसके करीबी लोगों को चुप रहने के लिए कई धमकी भरे फोन कॉल भी आए थे। महिला का मानना है कि ये कॉल एपस्टीन से जुड़े लोगों की तरफ से हो सकते थे। एपस्टीन फाइल्स में ट्रम्प का नाम 38 हजार से अधिक बार दर्ज है। रिकॉर्ड में 1990 के दशक में एपस्टीन के निजी विमान से 7-8 यात्राओं का जिक्र है। ट्रम्प के मार-ए-लागो क्लब की गेस्ट लिस्ट में भी शामिल हैं।

---

### दिल्ली में रायसीना डायलॉग में पहुंचे ईरान के उप विदेश मंत्री बोले, हमारे पास विकल्प नहीं

## अंतिम सैनिक तक लड़ेंगे:ईरान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ईरान और अमेरिका के बीच भीषण जंग जारी है। इस बीच ईरान के उप विदेश मंत्री सईद खतीबजादेह ने शुक्रवार को कहा कि बहादुरी से लड़ने के अलावा हमारे पास कोई विकल्प नहीं है। ईरान आखिरी गोली और आखिरी सैनिक तक लड़ेगा।

खतीबजादेह रायसीना डायलॉग में हिस्सा लेने के लिए इन दिनों दिल्ली में हैं। एक समाचार एजेंसी से बात करते हुए उन्होंने कहा कि तेहरान लगातार बमबारी की चपेट में है। यह राष्ट्र की रक्षा की लड़ाई है। खतीबजादेह ने हिंद महासागर में ईरानी युद्धपोत को डुबोने की आलोचना की। उन्होंने कहा,यह पोत भारत के निमंत्रण पर अंतरराष्ट्रीय अभ्यास से भाग लेकर जा रहा था और निहत्था था। होर्मुज जलडमरूमध्य बंद करने की खबरों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि ईरान फिलहाल ऐसा करने का कोई इरादा नहीं रखता।

मेयर नहीं चुन सकते तो ईरान का नेता कैसे चुनेंगे : खतीबजादेह ने ट्रंप पर तंज कसते हुए कहा, जब ट्रंप न्यूयॉर्क के मेयर तक को नियुक्त नहीं कर सकते तो वह ईरान का नेता तय करने की बात कैसे कर सकते हैं।

भीषण हमले जारी : इजरायल ने तेहरान और बेरूत पर जोरदार हवाई हमले किए। इजरायली सेना ने कहा कि उसने ईरान की अधिकांश वायु रक्षा प्रणालियों और मिसाइल लॉन्चरों को नष्ट कर दिया है। ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पड़ोसी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डों पर मिसाइल और ड्रोन दागे। ईरान की ओर से खुर्रमशहर-4 मिसाइलें भी दागी गईं। इजरायल की राजधानी तेल अवीव में विस्फोटों की आवाज सुनी गई।

## समर्पण के अलावा कोई समझौता नहीं : ट्रंप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन/तेल अवीव

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ कोई भी समझौता तभी होगा जब वह बिना शर्त आत्मसमर्पण करे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक तेहरान पूरी तरह झुक नहीं जाता और वहां नया नेतृत्व नहीं आता, तब तक अमेरिका और उसके सहयोगी किसी तरह की बातचीत नहीं करेंगे। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने ईरान को कड़ी चेतावनी दी है। साथ ही कहा कि अगर तेहरान यह सोच रहा है कि अमेरिका लंबे समय तक सैन्य अभियान नहीं चला पाएगा, तो यह उसकी बड़ी गलतफहमी है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका अपने मिशन को पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अगर जरूरत पड़ी तो संघर्ष लंबे समय तक जारी रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि ईरान उम्मीद कर रहा है कि हम इस अभियान को जारी नहीं रख पाएंगे, लेकिन यह इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की गलतफहमी है। हमारी प्रतिबद्धता लगातार बढ़ रही है और हमने अभी लड़ाई शुरू ही की है।


### अमेरिका ने कुवैत दूतावास का कामकाज रोका


मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने कुवैत की राजधानी कुवैत सिटी स्थित अपने दूतावास का संचालन अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही वहां रह रहे अमेरिकी नागरिकों से देश छोड़ने की अपील की है। अमेरिकी विदेश विभाग ने बताया कि कुवैत के लिए जारी यात्रा परामर्श अभी लेवल-3 पर बना हुआ है। इसका मतलब है कि अमेरिकी नागरिकों को कुवैत की यात्रा पर पुनर्विचार करने और ताजा सुरक्षा अपडेट के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर नजर रखने की सलाह दी गई है।

### ट्रंप ने मेक अमेरिका ग्रेट अगेन का नारा दिया था

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप न मेक ईरान ग्रेट अगेन (मीगा) का नारा दिया। उन्होंने कहा कि हम और हमारे सहयोगी ईरान को दोबारा खड़ा करने में मदद करेंगे और उसे पहले से अधिक मजबूत व समृद्ध बनाएंगे।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. खटपट, ठनाठनी-4
4. पंजाब की एक नदी-4
6. चित्रकमल, लम्बी गर्दनवाला पशु-3
8. दंड, दम, शामन-3
9. धरा, भूमि-3
11. शासन व्यवस्था, रहस्य-2
13. नवचंद्राकार-5
15. अकेला-2
16. दया, करुणा-3
18. बंदर का खेल दिखाने वाला-3
19. देवर्षि, देवमुनि-3
20. सब्जी, भाजी-4
22. कुएं पर पानी भरने का चबूतरा-4

### ऊपर से नीचे

1. गुनाह, दोष, जुर्म-3
2. अपराधमुक्त, निवृत्त-2
3. सौत, दूसरी स्त्री-3
4. होशियार, गुणवान-5
5. भूकम्प-4
7. भेद, तुलना-3
10. परिचर्या-5
12. स्वभाव-4
14. स्थित होना-3
17. श्मशान-4
18. गृह, भवन-3
21. जीवन, जीव, स्फूर्ति-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | | 56 | | 2 | | 35 | = | 58 |
| | | | | | | | | |
| 33 | | 12 | | 3 | | 14 | = | 10 |
| | | | | | | | | |
| 5 | | 5 | | 5 | | 5 | = | 25 |
| | | | | | | | | |
| 20 | | 2 | | 2 | | 10 | = | 10 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 10 | | 41 | | 2 | | 16 | = | 39 / 33 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ट | र | प | ट | र | थि | क | र | प | इ |
| न | ग | क | म | ई | ड्रे | ने | ह | ति | म | श्त |
| अ | दा | आ | ई | र | र | अं | गा | ह | प | फ |
| हु | ग | ल | मा | ज | वा | स | रा | ह | इ | र |
| ब | कम | अ | बु | म | ति | क | र | क | ते | मा |
| द | अ | कि | र | क | दा | क | नि | ई | श | न |
| स | मा | दे | श | व | था | र | त | म | क | ग |
| आ | दे | श | र | न | प | य | रा | घु | ज | ला |
| अ | दि | ल | वा | ले | दा | र | जा | म | वी | दे |
| र | ज | ति | मा | हि | द | ह | ज | द | ल | र |
| थां | र | ल | प | ठ | इ | जा | ज | त | र | म |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 1 | | 2 | |
| 3 | 29 | 6 | 37 | | 31 | 1 |
| | 2 | | | 5 | 6 | |
| 5 | 30 | 1 | 30 | 4 | 31 | 6 |
| | 6 | | | | 3 | 2 |
| 2 | 33 | 4 | 31 | 3 | 30 | 7 |
| | 1 | | 5 | | 4 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

उर्दू के टीचर ने सवाल पूछा - 'नाकाम इश्क' और 'मुकम्मल इश्क' में क्या फर्क होता है...?
छात्र ने जवाब दिया - 'नाकाम इश्क' बेहतरीन शायरी करता है, गजल गाता है, पहाड़ों में घूमता है, उम्दा शराब पीता है।
और 'मुकम्मल इश्क' सब्जी के साथ मुफ्त में धनिया कैसे मिले, रास्ते से ब्रेड लाते और दाल में नमक ज्यादा के फेर में दम तोड़ देता है।

0000000000

एक व्यक्ति घर में पुराने कागजात देख रहा था, तभी उसे पत्नी का आठवीं कक्षा का रिपोर्ट कार्ड मिला। ध्यान से पढ़ा तो पता चला कि वो पत्नी का चरित्र प्रमाण पत्र था, जिसपर लिखा था - मधुरभाषी एवं शांतिप्रिय छात्रा!
पति तब से बंदूक लेकर उस हेडमास्टर को ढूंढ रहा है, जिसने उसकी पत्नी का चरित्र प्रमाण पत्र बनाया था...!

0000000000

पत्नी - चाय बनाऊं...?
पति - हां ठीक है...!
पत्नी - अदरक वाली...?
पति - ओके...
पत्नी - पुदीना डालूं...?
पति - हां, ठीक है...!
पत्नी - तुलसी...? सेहत के लिए अच्छी होती है...!
पति - एक काम कर, राई और जीरा डाल के तड़का भी लगा दे...!

## रंग भरकर चित्र बनाओ



**ईरान का एक युद्धपोत कक्कर लावन भारत के कोच्चि बंदरगाह पर रुका हुआ है। अठकने सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया कि ईरान ने 28 फरवरी को तकनीकी खराबी आने के बाद भारत से मदद मांगी थी।**

**भारत ने 1 मार्च को जहाज को कोच्चि में डॉक करने की अनुमति दी और इसके बाद 4 मार्च को यह बंदरगाह पर पहुंच गया। जहाज के 183 क्रू मेंबर फिलहाल कोच्चि में भारतीय नौसेना की सुविधाओं में ठहरे हुए हैं। IRIS लावन हाल ही में भारत में आयोजित इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू (IFR) 2026 और मिलान 2026 नौसैनिक अभ्यास में शामिल हुआ था, जो 15 से 25 फरवरी के बीच आयोजित हुए थे। इससे पहले अमेरिका ने भारत से लौट रहे जहाज भारत से लौट रहे ईरानी युद्धपोत कक्कर देना को श्रीलंका के पास हमला कर डुबा दिया था। हमले में 87 ईरानी नौसैनिक मारे गए।**

# इजराइली हमलों से लेबनान से 50 हजार सीरियाई भागे

## हिजबुल्लाह ने आधी रात से इजराइल पर 70 रॉकेट दागे

अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक अब तक करीब 20 हजार अमेरिकी नागरिक अपने देश लौट चुके हैं और इसके लिए चार्टर्ड फ्लाइट्स की संख्या बढ़ाई जा रही है।

इजराइल ने दावा किया है कि हिजबुल्लाह ने आधी रात के बाद से उसकी ओर करीब 70 रॉकेट दागे हैं। इजराइली सेना के मुताबिक इनमें से कई रॉकेट दक्षिणी लेबनान से लॉन्च किए गए। इजराइल का दावा है कि इस सप्ताह लेबनान में शुरू किए गए हमलों के बाद उसकी सेना ने पूरे देश में 500 से ज्यादा ठिकानों को निशाना बनाया है और 70 हिजबुल्लाह लड़ाकों को मार गिराया है। वहीं लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक सोमवार से इजराइली हमलों में अब तक 217 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें कई नागरिक शामिल हैं।

इजराइल के हमलों के बाद लेबनान से करीब 50 हजार सीरियाई शरणार्थी पलायन कर चुके हैं। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र की इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (क्डट) ने दी है।



### ईरान ने नौसैनिकों के रेस्क्यू के लिए श्रीलंका को धन्यवाद दिया

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ईरानी नौसैनिकों को बचाने के लिए श्रीलंका का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि युद्धपोत डूबने के बाद श्रीलंका ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर नाविकों की जान बचाई। अराघची ने श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिता हेराथ से बातचीत में इस मदद के लिए आभार जताया। हिंद महासागर में अमेरिकी हमले के बाद ईरान का एक युद्धपोत डूब गया था। इसके बाद श्रीलंकाई नौसेना ने समुद्र में फंसे ईरानी नौसैनिकों को बचाने के लिए बचाव अभियान चलाया। ईरान ने कहा कि संकट के समय श्रीलंका की मदद सराहनीय है और इसके लिए वह श्रीलंका सरकार और वहां की नौसेना का आभारी है।

# लेबनान बॉर्डर के पास हमले में 8 इजराइली सैनिक घायल

लेबनान बॉर्डर के पास हुए हमले में इजराइल के 8 सैनिक घायल हो गए। इजराइली सेना के मुताबिक एंटी-टैंक मिसाइल दागे जाने से यह घटना हुई।

सेना ने बताया कि घायल सैनिक गिवाती ब्रिगेड के हैं। इनमें 5 सैनिक गंभीर रूप से घायल हुए, जबकि 3 को हल्की चोटें आईं। इजराइली सेना के अनुसार सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है।

### होर्मुज स्ट्रेट में जहाज पर ड्रोन हमला

होर्मुज स्ट्रेट में एक जहाज को ड्रोन से हमला हुआ है, जिसके बाद उसमें आग लग गई। ईरानी सरकारी टीवी ने यह जानकारी दी है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि जहाज किस देश का था या वह किस प्रकार का पोत था। फिलहाल यह भी साफ नहीं है कि यह ड्रोन हमला किसने किया।

### लेबनान में इजराइली हमलों में 217 की मौत

लेबनान में इजराइल के हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 217 हो गई है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक सोमवार से जारी हमलों में 798 लोग घायल भी हुए हैं। मंत्रालय ने बताया कि हमलों के बाद बड़ी संख्या में घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है और राहत-बचाव का काम जारी है। ईरान ने इराक के कुर्दिस्तान इलाके में हथियारबंद कुर्द समूहों के ठिकानों पर मिसाइल हमले किए हैं। ईरानी सरकारी टीवी के मुताबिक इन हमलों में ईरान विरोधी अलगाववादी संगठनों को निशाना बनाया गया।



### दावा- ईरान का एक युद्धपोत अभी भारत में

ईरान का एक युद्धपोत कक्कर लावन इस समय भारत में मौजूद है। अठक की रिपोर्ट के मुताबिक तकनीकी खराबी आने के बाद जहाज ने 28 फरवरी को मदद मांगी थी। भारत ने 1 मार्च को इसकी परमिशन दी और 4 मार्च को कक्कर लावन केरल के कोच्चि बंदरगाह पर पहुंचा। रिपोर्ट्स के मुताबिक जहाज पर कुल 183 ईरानी नौसैनिक सवार हैं। कोच्चि पहुंचने के बाद जहाज की तकनीकी जांच और मरम्मत से जुड़ी प्रक्रिया शुरू की गई है। फिलहाल जहाज और उसके चालक दल की स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

### ट्रम्प बोले- अमेरिका मिडिल-ईस्ट से हजारों लोगों को निकाल रहा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका मिडिल-ईस्ट के अलग-अलग देशों से अपने हजारों नागरिकों को निकाल रहा है। उन्होंने कहा कि यह निकासी अभियान चुपचाप तरीके से चलाया जा रहा है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट में कहा कि अमेरिकी विदेश विभाग इस ऑपरेशन को अंजाम दे रहा है। उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की सराहना करते हुए कहा कि वे इस काम को अच्छी तरह संभाल रहे हैं।

## ईरान जंग टाइमलाइन...

**28 फरवरी — सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत**

- अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर बड़ा जॉइंट हमला शुरू किया
- ट्रम्प ने इसे 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' नाम दिया
- ईरान के गर्ल्स स्कूल पर हमला, 150 से ज्यादा लोग मारे गए
- ईरानी सुप्रीम लीडर अली खामेनेई समेत कई बड़े अधिकारियों की मौत
- ईरान ने इजराइल और खाड़ी देशों में अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइलें दागीं

**1 मार्च — पूरे इजराइल में इमरजेंसी लागू**

- ईरान ने इजराइल पर कई मिसाइल और ड्रोन हमले किए
- बहरीन और कतर में अमेरिकी ठिकानों को भी निशाना बनाया गया
- इजराइल ने पूरे देश में इमरजेंसी लागू की। सेना को हाई अलर्ट पर रखा

**2 मार्च — अमेरिका का B-2 बॉम्बर्स से हमला**

- अमेरिका-इजराइल ने ईरान के नतांज न्यूक्लियर सेंटर पर हमला किया
- ईरान का 50% मिसाइल स्टॉक नष्ट, 9 नेवी जहाज डूबे
- अमेरिका ने ईरान पर B-2 बॉम्बर्स से हमला किया
- कुवैत ने फ्रेंडली फायरिंग में 3 अमेरिकी फाइटर जेट गिराए

**3 मार्च — अमेरिकी दूतावास बंद**

- सऊदी अरब, कुवैत और लेबनान में अमेरिका दूतावास अस्थाई तौर पर बंद
- ट्रम्प ने कहा कि अब बातचीत के लिए बहुत देर हो चुकी है
- ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद किया

**4 मार्च — ईरानी वॉरशिप पर हमला**

- ईरानी युद्धपोत पर अमेरिकी हमला, 87 नौसैनिक मारे गए
- मिडिल ईस्ट से अब तक 17,500 अमेरिकी सुरक्षित लौटे
- अली खामेनेई का शोक समारोह स्थगित किया गया
- सऊदी अरामको की रास तनूरा रिफाइनरी पर दूसरा ड्रोन हमला

**5 मार्च — 20 हजार अमेरिकियों ने मिडिल ईस्ट छोड़ा**

- ट्रम्प बोले कि ईरान नया सुप्रीम लीडर अमेरिका के बिना नहीं चुने
- भारत ने अली खामेनेई के निधन पर शोक जताया
- मिडिल ईस्ट से 20 हजार अमेरिकी नागरिक स्वदेश लौटे
- श्रीलंका ने ईरानी जहाज को अपने पोर्ट पर आने की इजाजत दी

■ वर्ष-12 अंक-123 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

## सुभाषितानि

पूर्वे वयसि तत्कुयार्धेन वृद्ध: सुखं वसेत्।
यावज्जीवेन तत्कुर्याद्येनामुत्रसुखं वसेत्।।

**भावार्थ** : इसे युवावस्था में ही करना चाहिए ताकि बुढ़ापा खुशी से कट जाए। इस जीवन को ऐसे जियो कि परलोक (या दूसरे जन्म) में शांति रहे।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 07 मार्च, 2026

अध्रुवेण शरीरेण प्रतिक्षण विनाशिना।
ध्रुवं यो नार्जयेत् धर्मं स शोच्यः मूढचेतनः।।

**भावार्थ** : जो मूर्ख हर पल नष्ट होने वाले अनिश्चित शरीर की तुलना में इस तरह के एक निश्चित धर्म को प्राप्त नहीं करता है, वह शोक का पात्र है।

## सम्पादकीयम्

### प्रौद्योगिक्याः आव्हानाः

एताः कम्पनयः उपयोक्तृअधिकारं गोपनीयतां च दोषीकृत्य सर्वं पलायितुं न शक्नुवन्ति; तेषां उत्तरदायित्वं अपि अवश्यं भवितव्यम्। प्रौद्योगिक्याः आव्हानाः भारते विश्वे सर्वाधिकं सामाजिकमाध्यमस्य उपयोक्तारः सन्ति, अन्तर्जालस्य उपयोगः ८६% तः अधिकेषु गृहेषु प्राप्तः अस्ति। डिजिटल इण्डिया प्रगतेः चिह्नम् अस्ति, परन्तु तया सह वर्धमानाः आव्हानाः अपि आगच्छन्ति। एआइ-माध्यमेन डीपफेक, श्रव्य-वीडियो-हेरफेरम् च एतादृशी एकं गम्भीरं आव्हानं वर्तते। सर्वकारेण सर्वोच्चन्यायालयेन च चिन्ता प्रकटिता अस्ति। २०२४ तमे वर्षे २२.६८ मिलियनं साइबरअपराधस्य प्रकरणाः ज्ञाताः। अनेके प्रसिद्धाः जनाः स्वस्य छायाचित्रस्य, भिडियानां च अन्तर्जालस्य दुरुपयोगः अभवत् इति शिकायतुं प्रवृत्ताः सन्ति। शिखरसम्मेलनात् अपेक्षाः : कृत्रिमबुद्धेः विस्तारः अधुना एव आरब्धः अस्ति। तेन सह देशानाम् राजनीतिः, समाजः, अर्थव्यवस्था च सर्वाणि नूतनरीत्या आकारं गृह्णन्ति। आगामिसप्ताहे नूतनदिल्लीनगरे एआइ-शिखरसम्मेलनं भविष्यति, यस्मिन् क्षेत्रे अग्रणीः दृश्यन्ते। सर्वकारस्य इण्डिया एआइ मिशनस्य सफलतायै एतत् शिखरसम्मेलनं महत्त्वपूर्णम् अस्ति। भारतेन कृत्रिमबुद्धौ अधुना एव यात्रा आरब्धा अस्ति। यात्रायाः यथा अपेक्षितं सफलतां प्राप्तुं उत्तमं नियमनं अत्यावश्यकम्। एकं सौदान् प्रतीक्षमाणः यद्यपि पुनःक्रयणेषु पूंजीलाभकरस्य घोषणाया लघुनिवेशकानां कृते किञ्चित् राहतं प्राप्तम्, तथापि व्यक्तिगतप्रवर्तकानां, संस्थाप्रवर्तकानां च दराः भिन्नाः सन्ति प्रश्नः अस्ति।

### बसस्वामिदम्पती आरटीओ-सङ्घं प्रति ९ कोटिरूप्यकाणां करं

# चोरयित्वा आरटीओ-लिपिकेन सह साझेदारी १६ बस-यानानि स्क्रैप्




ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

सांसदस्य डिण्डोरीनगरे बसस्वामिना संजयकेशरवाणी तस्य पत्नी साधना केशरवानी च यात्रीबसस्य संचालनं कृत्वा ९ कोटिरूप्यकाणां करं चोरितवन्तौ। ते १६ बसयानानि स्क्रैप् इति विक्रीय लक्षरूप्यकाणि अर्जितवन्तः। दम्पत्योः आरटीओ-कर्मचारिभिः सह मिलित्वा एतत् सम्पूर्णं षड्यंत्रं कृतम्। अन्वेषणस्य अनन्तरं जबलपुर आर्थिक अपराधविभागेन बसस्वामिदम्पत्योः आरटीओकर्मचारिणां च विरुद्धं विभिन्नधाराभिः प्रकरणं रजिस्ट्रेशनं कृतम् अस्ति।

ईओडब्ल्यू-अधिकारिणः अवदन् यत् डिण्डोरी-नगरस्य निवासी संजय-केशरवाणी, तस्य पत्नी साधना केशरवानी च यात्रीबस-यानानि चालयन्ति, यत्र डिण्डोरी, जबलपुर-शाहडोल्, मण्डला, बालाघाट-नगरेषु बसयानानि पञ्जीकृतानि सन्ति एतौ वाहनस्वामिनौ डिण्डोरीतः जबलपुरं, डिण्डोरीतः बाम्हनी, बिछियातः डिण्डोरी, अमरकण्टकतः मलाजखण्डं च स्वबसयानानि चालितवन्तौ।

एतेषु १६ बसयानेषु स्वामिनः २००६ तः २०२५ पर्यन्तं विभिन्नबसयानानां करं दातुं असफलाः अभवन् वस्तुतः एताः बसयानानि २००६ तमे वर्षे स्क्रैपरूपेण विक्रीताः। सूचना डिण्डोरीनगरस्य परिवहनकार्यालये प्रदत्ता इति उक्तं, परिवहनविभागाय करस्य भुक्तिः अपि स्थगितवती एवं प्रकारेण बसस्वामिना संजय केशरवाणी तस्य पत्नी साधनेन च लिपिकः पुष्पकुमारप्रधानेन सह सर्वकाराय ९ कोटिरूप्यकाणां आर्थिकहानिः अभवत् ईओडब्ल्यू इत्यनेन त्रयाणां विरुद्धं प्रकरणं कृतम् अस्ति।

आरटीओ-लिपिकद्वयेन करसञ्चिकाः अन्तधार्नं कृतवन्तः -२०१७ तमे वर्षे डिण्डोरी-नगरस्य जिलापरिवहनकार्यालयेन संजय-साधनकेशरवाणी-योः कर-संग्रहणस्य प्रक्रिया आरब्धा। वसूलीप्रक्रियायां एतेषां बसानां करसञ्चिकाः प्रधानसहायकः ग्रेड-१ लिपिकः पुष्पकुमारः लापताः अभवन्। करसञ्चिकानां हानिकारणात् परिवहनविभागः नियततिथिपर्यन्तं करं संग्रहीतुं असमर्थः अभवत्, यस्य परिणामेण सर्वकाराय प्रायः ९ कोटिरूप्यकाणां आर्थिकहानिः अभवत्।

### अन्वेषणेन ज्ञातं

# यत् सुरेन्द्रस्य अभियुक्तस्य पत्न्या सह सम्बन्धः

ब्रह्मास्त्र ›› मेरठ

अन्तिमशूलं प्रहारितवान् अस्याः घटनायाः कारणात् विपण्यां आतङ्कः उत्पन्नः। पुलिसैः घटनास्थलात् सीसीटीवी-दृश्यानि अपि प्राप्तानि, यस्मिन् मुखौटाधारी आक्रमणकारी गोलीकाण्डं कुर्वन् दृश्यते।

अन्वेषणेन ज्ञातं यत् सुरेन्द्रस्य अभियुक्तस्य पत्न्या सह सम्बन्धः आसीत् इति कथ्यते। तौ पुरुषौ पलायितौ विवाहं कर्तुं योजनां कृतवन्तौ इति कथ्यते। अस्मिन् विषये द्वयोः पुरुषयोः मध्ये अद्यैव विवादः अपि अभवत्। हत्यायाः अनन्तरं प्रदीपः द्विचक्रिकायाः सवारीं कृत्वा चतुर्निमेषात्मकं भिडियो रिकाड् कृतवान् यस्मिन् सः स्वपत्न्याः सुरेन्द्रस्य च उपरि दुर्व्यवहारं कृत्वा हत्यायाः उत्तरदायित्वं स्वीकृत्य प्रतिशोधं कृतवान् इति घोषितवान् तस्मिन् भिडियायां सः स्वपत्न्याः वधस्य धमकी दत्त्वा पुलिसं आव्हानं दत्तवान् यत् सः कस्यचित् भयं नास्ति इति।

तस्मिन् भिडियायां अभियुक्तः अपि स्वस्य कफनं स्वेन सह नीत्वा मृत्यवे सज्जः इति दावान् अकरोत्। पिस्तौलं दर्शयन् सः तत् नहरं क्षिपामि इति घोषितवान्, जनान् च भिडियो वायरल् कर्तुं आग्रहं कृतवान्। सः अपराधस्य एकमात्रं उत्तरदायी इति वदन् स्वपरिवारं मित्राणि च निदोर्षाः इति घोषितवान्। सः केषुचित् पुलिस-अधिकारिषु अपि आरोपं कृतवान्। इदानीं गुरुवासरे सुरेन्द्रस्य शवपरीक्षायाः अनन्तरं अन्तिमसंस्कारं कर्तुं स्थाने तस्य परिवारः मार्गं अवरुद्ध्य अभियुक्तानां गृहीतुं आग्रहं कृतवान्। प्रायः ४० निमेषान् यावत् यातायातस्य बाधा अभवत्, तदनन्तरं पुलिस-अधिकारिणः परिवारं आश्वासितवन्तः यत् अभियुक्तः शीघ्रमेव गृहीतः भविष्यति इति। आश्वासनस्य अनन्तरं नाकाबंदीः स्वच्छा अभवत्।

## सम्यक अन्वेषणस्य आवश्यकता वर्तते, यत् भविष्यति

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

एतत् कथं कृतम् इति ज्ञातुं महत्त्वपूर्णम्। सीजेआइ इत्यनेन उक्तं यत् वयम् एतत् कार्यं न निवारयामः। सम्यक अन्वेषणस्य आवश्यकता वर्तते, यत् भविष्यति। एसजी अवदत् यत् एतत् सर्वथा सम्यक अस्ति, यत् कृतं तत् भवतः इच्छानुसारं क्षतिपूर्तिः कर्तव्या इति। न्यायपालिका अद्य रक्तेन सिक्ता अस्ति मुख्यन्यायाधीशः अवदत् यत परिणामाः अल्पाः न सन्ति। तेषां गोलिका प्रक्षिप्ता, न्यायपालिका च अद्य रक्तेन सिक्ता अस्ति। न्यायाधीशः बाग्ची इत्यनेन उक्तं यत् लेखः अंशाः च सार्वजनिकक्षेत्रे सन्ति। तस्य निष्कासनार्थं सर्वकारेण आदेशाः निर्गन्तुं करणीयम्। न्यायपालिका संविधानस्य रक्षिका अस्ति। एतादृशं किमपि न प्रकाशितम्। एसजी अवदत्, सः निष्कासितव्यः, अहं विनयः अस्मि।

## राशिफल

**मेष** : निकलने के लिए थोड़ी वॉक करें या हल्की एक्सरसाइज करें। इससे आपका मन हल्का होगा और आप अच्छा महसूस करेंगे।

**वृषभ** : जल्दबाजी में महंगी चीज न खरीदें। थोड़ा रिसर्च करेंगे तो आपके पैसे की अच्छी बचत होगी।

**मिथुन** : बिना समझे कोई धारणा न बनाएं, वरना झगड़ा हो सकता है। योग स दिन की शुरूआत करें।

**कर्क** : अपने मन की शांति पर ध्यान देंगे तो दिन अच्छा गुजरेगा। सेहत का ध्यान रखें। सुबह वाली धूप सेंके।

**सिंह** : अगर टीम के साथ काम करेंगे तो काम जल्दी होगा। दूसरों की मदद करेंगे तो आपकी लीडरशिप दिखेगी।

**कन्या** : छोटी-छोटी बातों में ज्यादा समय मत लगाइए। समय पर काम पूरा करना ज्यादा जरूरी है।

**तुला** : लोग आपके मन की बात खुद नहीं समझ सकते। साफ और विनम्र तरीके से अपनी बात कहें।

**वृश्चिक** : चुपचाप योजना बनाना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** : छोटी-छोटी बदलाव से दिन आसान हो सकता है। सेहत का ध्यान रखें। बाहरी खाने को अवॉइड करें।

**मकर** : परिवार की मदद लें। शाम तक अच्छी खबर मिल सकती है। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**कुंभ** : रचनात्मक सोच से समाधान मिल सकता है। काम के बीच में ब्रेक लें। संगीत व लेखन जैसे क्रिएटिव कामों में मन लगा रहेगा।

**मीन** : आप अपने काम बेहतर तरीके से कर पाएंगे। कोई भी बात हो सच्चाई के साथ रखें।

## ज्योतिष/वास्तु

# मालव्य राजयोग से इन चार राशि वालों के भौतिक सुखों में होगी वृद्धि और अचानक लाभ के योग

पंच महापुरुष राजयोगों में मालव्य राजयोग को बहुत ही शुभ और लाभकारी माना जाता है। 02 मार्च को शुक्र के मीन राशि में गोचर करने से मालव्य राजयोग का निर्माण हुआ है। इससे कुछ राशि वालों के लिए अच्छे दिनों की शुरूआत हो सकती है।

वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जब धन और सुख के कारक ग्रह शुक्र मीन राशि में होते हैं तो मालव्य राजयोग का निर्माण करते हैं। ज्योतिष में मालव्य राजयोग को बहुत ही शुभ और फलदायी राजयोग माना जाता है। इसके प्रभाव में व्यक्ति के जीवन में सुख-सुविधाओं में वृद्धि होती है। करियर-कारोबार में स्थिरता मिलती है। आपको बता हैं दें की शुक्र ग्रह बीते 2 मार्च को मीन राशि राशि में प्रवेश कर चुके हैं, जो 26 मार्च तक इसी राशि में रहेंगे। इसके अलावा शुक्र के मीन राशि मे गोचर करने से



शनि के साथ युति भी बनी हुई है। ज्योतिष में शनि-शुक्र की युति को अच्छा माना जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं शुक्र के मीन राशि में प्रवेश और मालव्य राजयोग के बनने के कारण किन-किन राशि वालों को लाभ मिलेगा। इसका ज्योतिषी विश्लेषण करते हैं।

**वृषभ राशि-** वृषभ राशि वालों के लिए शुक्र का मीन राशि में गोचर और इससे मालव्य राजयोग का बनना बहुत ही फायदा साबित हो सकता है। इस दौरान आपके जो अधूरे काम हैं उनके पूरे होने की अच्छी संभावना है। आर्थिक स्थिति काफी बेहतर रहेगी। लाभ के योग बनेंगे। आय-व्यय में आपको संतुलन बना रहेगा। इस दौरान आपके बैंक बैलेंस में इजाफा भी देखने को मिल सकता है।

**मिथुन राशि-** मिथुन राशि वालों के लिए शुक्र का मीन राशि में गोचर अच्छा साबित होगा। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। मालव्य राजयोग के कारण आर्थिक स्थिति काफी बेहतर रहेगी। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं। आय के नए-नए स्त्रोतों में इजाफा होगा। नौकरी और बिजनेस में आपको अपार सफलता और मुनाफा हासिल हो सकता है।

**कर्क राशि-** कर्क राशि वालों के लिए मालव्य राजयोग बनना काफी शुभ साबित हो सकता है। आपको किस्मत का अच्छा और भरपूर साथ मिलेगा। रुके के काम जल्द से जल्द पूरे होंगे। जीवन में खुशियों की दस्तक होगी और नए-नए तरह के काम करने का अवसर मिलेगा जिससे आपकी आर्थिक समृद्धि में इजाफा होगा।

**कन्या राशि -** कन्या राशि वालों के लिए मालव्य राजयोग का बनना बहुत ही शुभ और लाभकारी हो सकता है। शुक्र का गोचर आपकी राशि से सप्तम भाव में हुआ है जिससे आपके बिजनेस पार्टनरशिप में आय के मौके मिलेंगे। इस दौरान जो लोग अविवाहित हैं उनके लिए विवाह के अच्छे योग बन सकते हैं। वहीं दांपत्य जीवन में प्रेम और रोमांस बढ़ेगा।

## खबर एक नजर...

### चलती ट्रेन में चढ़ते समय गिरे यात्री को जवानों ने बचाया

**उज्जैन।** गोरखपुर एक्सप्रेस में उज्जैन स्टेशन पर चढ़ते समय एक यात्री के साथ बड़ा हादसा होने से बच गया। यात्री के गिरते ही उसे प्लेटफार्म पर ड्युटी कर रहे आरपीएफ के एसआई योगेंद्र पटेल ने सीटी शिवराम मीणा के साथ मिलकर बचाया और प्लेटफार्म से ट्रेन के नीचे जानते समय बाहर खींच लिया। यात्री का नाम जाहिद निवासी वाराणासी उत्तरप्रदेश होना सामने आया, जो गोरखपुर एक्सप्रेस में पुरी से वाराणासी की यात्रा कर रहा था। ट्रेन का उज्जैन स्टेशन पर स्टॉपेज होने पर उतारा था उसी दौरान ट्रेन चल दी थी, जिसमें वापस चढ़ते समय हादसा होना सामने आया है। कुछ दिन पहले भी शुजालपुर के वृद्ध की पैसेंजर ट्रेन से गिरने पर मौत हो गई थी।

### हफ्ता मांगने वाले 2 बदमाशों ने रात को किया पथराव

**उज्जैन।** पंवासा क्षेत्र के गौरीनगर में रहने वाले कुलदीप पिता सीताराम मालवीय के घर गुरुवार-शुक्रवार रात परिचित अर्पित पिता प्रीतमसिंह अटल 27 साल निवासी शीतल पब्लिक स्कूल और ऋषि पिता महेश चावड़ा 17 वर्ष बजरंग कॉलोनी मिलने पहुंचे थे इस दौरान दो बदमाशों ने एक हजार रुपए हर हफ्ते देने की बात कही और गाली गलौज करने लगे। अर्पित और ऋषि ने रुपए देने से मना किया तो दोनों बदमाशों ने थप्पड़ मुक्को से मारपीट की और भाग निकले। कुलदीप और उसके साथी खुद को संभालते तभी दोनों बदमाश वापस लौटे और पथराव कर दिया। जिसमें कुलदीप और उसके दोनों साथी घायल हो गये। वहीं कुलदीप के घर की खिड़की दरवाजे और बिजली का मीटर क्षतिग्रस्त हो गया। आधी रात को हुई घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों बदमाश भाग निकले थे। पुलिस ने कुलदीप की शिकायत पर मामले में बदमाश रिंकू ठाकुर और कारण मराठा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की 6 संगीन धारा में प्रकरण दर्ज किया है। दोनों बदमाशो की तलाश की जा रही है।

### बुजुर्ग और युवक के साथ रंजिश में हमला

**उज्जैन।** पुरानी रंजिश में भेरूगढ़ क्षेत्र के रहने वाले बुजुर्ग और जयसिंहपुरा निवासी युवक पर बदमाशों ने हमला कर दिया। अलग-अलग हुई घटना में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हुआ है। पहली घटना जयसिंहपुरा के रहने वाले करण पिता गब्बर माली के साथ शुक्रवार सुबह हुई। वह बाइक से जूना सोमवारिया गया था। जहां से लौटते वक्त उसे रास्ते नृसिंहघाट मार्ग पर मोहित और किशोर ने रोक लिया और बुरी तरह लात-घुसों से मारपीट की। करण माली ने भी अपने साथी के साथ मिलकर मोहित से मारपीट की महाकाल थाना पुलिस ने दोनों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि उनके बीच होटल में रूम लगाने की बात पर पूर्व में विवाद हुआ था इसी रंजिश में मारपीट हुई है। इस घटना से पहले गुरुवार-शुक्रवार रात भेरूगढ़ में रहने वाले गोपाल पिता पूना परमार 80 साल पर पड़ोसी कमल ने लाठियां से हमला किया। बुजुर्ग गोपाल गंभीर घायल हुआ है। बुजुर्ग के परिजनों ने बताया कि कमल शराब पीने का आदी है। जिससे पुराना विवाद चल रहा है रात में भी वह नाश कर घर लौटा था इस दौरान वह पत्नी अनिता और बेटी निर्मला से झगड़ा कर रहा था। तभी अचानक लाठी लेकर उनके घर आ गया और गोपाल पर हमला कर दिया। भेरूगढ़ थाना पुलिस में घायल बुजुर्ग के परिजनों की शिकायत पर मारपीट का प्रकरण दर्ज किया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 140-5 | 123-6 |
| मेन बाजार | 230-5 | 360-9 |
| मिलन डे | 570-2 | 669-1 |
| मिलन नाइट | 570-2 | 335 -1 |

1 2 7

### पिता 16 साल बाद लौटा था और बेटी को 5 लाख में बेचना चाहता था

# महाकाल मंदिर के सामने पिता ने पुत्री को मारे चाकू

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महाकाल मंदिर के बाहर शुक्रवार सुबह पिता ने अपनी ही बेटी पर चाकू से हमला कर दिया। लहूलुहान हुई बेटी को उपचार के लिए चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिता 16 साल बाद लौटा था और बेटी को 5 लाख में बेचना चाहता था। पुलिस मामले की जांच कर रही है पिता की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।



महाकाल मंदिर के गेट नंबर 1 के सामने सुबह रुद्राक्ष की माला और पूजन सामग्री बेचने वाली 18 वर्षीय युवती वर्षा के चाकूबाजी में घायल होने की सूचना मिलने पर महाकाल थाना पुलिस मौके पर पहुंची थी। घायल वर्षा को उपचार के लिए चरक अस्पताल पहुंचाया जा चुका था। पुलिस के अस्पताल पहुंचने पर सामने आया कि घायल वर्षा को उसके पिता बरसना ने ही चाकू मारे हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो सामने आया कि वर्षा अपनी मां मानबाई के साथ कार्तिक मेला ग्राउंड के समीप पारदी डेरे में रहती है। 16 साल पहले ही पिता ने अपने परिवार को छोड़ दूसरी शादी कर ली थी। पिता अपने एक साथी के साथ आया था और चाकू से हमला कर भाग निकला है। पुलिस ने मामले में घायल युवती के पिता के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है वहीं घायल युवती के साथ उसकी मां के बयान दर्ज किए हैं। देर शाम तक चाकू मारने वाला पिता पुलिस की गिरत में नहीं आ सका था। महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल के अनुसार घायल युवती की हालत स्थिर है। उसके बयान दर्ज किया जा चुके हैं। जल्द ही चाकू मारने वाले आरोपी पिता को गिरफ्तार किया जाएगा।

**इनका कहना-** पिता द्वारा पुत्री को चाकू मारने का मामला सामने आया है। घायल युवती1 के बयान दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही चाकू मारने वाले पिता को गिरफ्तार किया जायेगा।

**गगन बादल टीआई थाना महाकाल**

### घायल युवती और मां ने लगाए आरोप

घायल युवती वर्षा और उसकी मां मानाबाई ने चाकू मारने वाले बरसना पर आरोप लगाते हुए बताया कि 16 साल पहले बरसना दो बेटी और पत्नी को छोड़कर चला गया था उसने दूसरी शादी भी कर ली थी। घायल युवती का कहना था कि उसे और बहन को मां ने पाल पोश कर बड़ा किया है। पिता 16 साल बाद लौटकर आया और उसने कहा कि बेटी की शादी करना है। 5 लाख में बात तय कर ली है। मां और बेटी ने शादी से मना किया तो उसने विवाद करते हुए चाकू से हमला कर दिया।

### पारदी समुदाय में मिलते हैं पैसे

बताया जा रहा है कि पारदी समुदाय में बेटियों की शादी करने पर लड़के वाले की ओर से रुपए मिलते हैं। वर्षा के 18 वर्ष पूरे होने पर पिता इसी लालच में 16 साल बाद वापस लौटा और पूर्व पत्नी मानाबाई से बेटी की शादी करने की बात कहने लगा। पिता के लौटने पर बेटी ने उसकी बात पर शादी से मना कर दिया। इसी के चलते उसने चाकू से हमला किया है। पिता का कहना था कि उसने 5 लाख में रिश्ता तय कर दिया है।

# शिप्रा एक्सप्रेस में टिकट चेकर के साथ युवकों ने की मारपीट

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

ट्रेन में बिना टिकट यात्रा कर रहे युवकों से टिकट चेक करने पूछताछ की तो युवकों ने मारपीट शुरू कर दी। टिकट चेक करने अपने साथ हुई घटना की शिकायत जीआरपी को दर्ज कराई है।

जीआरपी ने बताया कि इंदौर के रहने वाले सुरेंद्र पिता नंदकिशोर वर्मा 38 वर्ष रेलवे में सीनियर कमर्शियल टिकट क्लर्क हैं और इंदौर ऑफिस में पदस्य है। गुरुवार रात को इंदौर से चलने वाली शिप्रा एक्सप्रेस में इंदौर से बीना कोच नंबर एम-2, एस-1, एस-2 में टिकिट चेकिंग कर रहे थे। उज्जैन स्टेशन से ट्रेन के चलने पर वर्मा कोच एस 1 में बोर्डिंग चेक करने गए थे। जहां पांच यात्री कोच में मिले थे। उनसे टिकट मांगा तो उन्होने अपना टिकट नहीं बताया और बोले कि हम लोग जनरल कोच में जा रहे हैं। लेकिन वह यात्री जनरल कोच में नहीं गए, टिकट चेकर वर्मा ने फिर से उन्हें जनरल कोच में जाने का कहा था। जिसको लेकर यात्रियों ने अभद्रता शुरू कर दी और कहा कि वह जनरल कोच में नहीं जाएंगे। यात्रियों ने कोच के पास पैंट्रीकार में बहस व झूमा-झटकी की तथा चेहरे पर मुक्का मार दिया। युवको ने रेलवे का हैंडहेल्ड टर्मिनल (एचएचटी) डिवाइस भी तोड़ दिया और इएफटी बुक भी मोड़ दी। मारपीट व झूमा-झटकी में टिकट चेकर वर्मा के पास रखें रसीद के 1120 रुपये भी गिर गए। टिकट चेकर के साथ मारपीट होती देख ट्रेन को मक्सी स्टेशन पर रोका गया वहीं बी बचाव करने के लिये पैंट्रीकार मैनेजर सारिक खान ओर रेलवे इलेक्ट्रीशियन धीरज मीणा पहुंचे। साथी कर्मचारी राजेश खोड़े ने तत्काल घटना की जानकारी सीएमआई कंट्रोल रूम रतलाम को दी थी। मारपीट करने वाले युवक रामनरेश गुप्ता, राम सकल गुप्ता, शिवम यादव, विकास यादव, अखिलेश सिंह को ट्रेन से उतारकर आरपीएफ पोस्ट मक्सी पर ले जाया गया। जहां टिकट चेकर की शिकायत पर आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज करवाया है।

# गिरफ्त में श्रद्धालु परिवार के साथ मारपीट करने वाले भाई, पुलिस ने तोड़ा भोजनालय

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महाकाल दर्शन करने आये श्रद्धालु परिवार के साथ पार्किंग के नाम पर रुपए मांगे और नहीं देने पर मारपीट करने वाले 2 भाईयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों भोजनालय चलाते थे, पुलिस ने भोजनालय भी हटवा दिया।



महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि 3 फरवरी को राजस्थान के जयपुर से अमेजोन कंपनी में काम करने वाले नितिन चतुर्वेदी अपनी पत्नी गितीका और पुत्र लक्ष्य के साथ महाकाल दर्शन करने थार क्रमांक आरजे 45 सीवी 8304 से आये थे। रात 8 बजे अपनी गाड़ी नृसिंहघाट के पास सांवरिया भोजनालय के पास खड़ी कर महाकाल दर्शन करने चले गये थे। डेढ़ घंटे बाद वापस लौटे तो भोजनालय से 2 आये 2 युवकों ने पार्किंग के नाम पर 50 रुपए मांगे। मना करने पर दोनों ने परिवार के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी थी। नितिन चतुर्वेदी की शिकायत पर मामले में श्रद्धालु परिवार के साथ हुई मारपीट के मामले में प्रकरण दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। शुक्रवार को भूखी माता रोड पर रहने वाले महेन्द्र पिता नंदकिशोर माली 26 साल और उसके भाई महेश माली 23 साल को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों ने पूछताछ में अपना गुनाह कबूल किया, वहीं बताया कि वह सांवरिया भोजनालय चलाते है। पुलिस दोनों को घटना की तस्दीक के लिये भोजनालय लेकर पहुंचे। जहां से न्यायालय में पेश कर जेल वारंट जारी होने पर जेल भेजा गया।

**अतिक्रमण कर बनाया था भोजनालय-** पुलिस जांच और दोनों आरोपितों से घटनास्थल की कराई गई तस्दीक के दौरान सामने आया कि उन्होने अवैध अतिक्रमण कर भोजनालय बना रखा है। भोजनालय के आसपास खड़े होने वाले वाहनों से पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली भी करते है। दोनों भाईयों की अवैध गतिविधियां सामने आने पर उनका भोजनालय भी हटा दिया गया।

### 15 दिन बाद गिरफ्त में आये, घायल का चैन्नई में चल रहा उपचार

# चोरी करने आये बदमाशों ने गुल्ले से किया था हमला

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पार्श्वनाथ कालोनी में 18 फरवरी को चोरी की नियत से आये 2 बदमाशों ने अर्जुन सिसौदिया पर हमला कर दिया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर 15 दिन बाद पारदी गिरोह के 2 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने गुल्ले से हमला किया था।



नागझिरी थाना प्रभारी कमल निगवाल ने बताया कि पार्श्वनाथ कालोनी में मनोहर पटेल का मकान बना हुआ है, 18 फरवरी की रात मकान सूना था, उसी दौरान 3 बदमाश चोरी की नियत से पहुंचे। रात 2 बजे के लगभग समीप रहने वाले राष्ट्रीय स्वयं सेवक पदाधिकारी अर्जुनसिंह पिता मांगीलाल सिसौदिया को बदमाशों के कालोनी में आने की जानकारी मिली। उन्होने अपने साथियों को कॉल किया और खुद अकेले बदमाशों को देखने के लिये निकल गये। उनके साथी कालोनी में पहुंच पाते उससे पहले मनोहर पटेल के मकान की बाउंड्रीवॉल के पास बदमाश छुपे दिखाई दिये। अर्जुनसिंह ने बदमाशों को ललकार तो बदमाशों ने हमला कर दिया और भाग निकले। हमले में पत्थर अर्जुनसिंह की आंख के पास लगा, वह गंभीर घायल हो गये। उन्हे इंदौर के वेदांता अस्पताल ले जाया गया, चोंट काफी गहरी थी, जिसके चलते उन्हे उपचार के लिये चैन्नई ले जाया गया। मामले की खबर मिलने पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की। कालोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये और तकनीकी साक्ष्यों पर काम शुरू किया गया। 15 दिन बाद पुलिस ने गरोठ ब्रिज के पास मानपुरा से दो बदमाशों प्रकाश पिता महफूज पारदी 26 साल निवासी ग्राम सिंघवासा थाना कैंट जिला गुना, हाल मुकाम शंकरपुर पवासा उज्जैन और विकास पिता जितेंद्र पारदी 18 साल, निवासी भोपाल हाल मुकाम लखाहेड़ा थाना घटिया को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को पूछताछ के लिये एक दिन की रिमांड पर लिया, इस दौरान सामने आया कि उन्होने गुल्ले से हमला किया था, उनका एक साथी भी साथ आया था। पुलिस ने उनके फरार साथी की तलाश की लेकिन वह गिरफ्त में नहीं आ पाया। पुलिस ने गुल्ले बरामद कर शुक्रवार दोपहर रिमांड खत्म होने पर दोनों न्यायालय में पेश किया, जहां से केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ भेजा गया है।

### कचरा बीनने की आड़ में करते है रैकी

एएसआई रोहित पारस ने बताया कि बदमाशों से पूछताछ में चोरी की कोई वारदात का खुलासा तो नहीं हो पाया, लेकिन सामने आया कि कचरा बीनने की आड़ में सूने मकान की रैकी करने आये थे। उन्होने दिन में रैकी के बाद बंद मकान पाकर रात में वारदात की योजना बनाई थी। लेकिन कालोनी में रहने वाले व्यक्ति के आने पर सफल नहीं हो पाये थे। एएसआई पारस के अनुसार मुख्य आरोपी प्रकाश पारदी है। जिसके खिलाफ गुना के कैंट थाने में मारपीट, नकबजनी के 4 प्रकरण और चिमनगंज थाने में नकबजनी के साथ जहरीली शराब के मामले दर्ज होना सामने आये है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com